e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 83
रविवार
24.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
बार-बार असफल होने पर भी उत्साह न खोना ही सफलता है।

**रोजा का समय**
इफ्तार (24.03.24): शाम 06:03 बजे
सेहरी (25.03.2024) सुबह 04 : 26 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## झारखंड की राजधानी में अपराधी मस्त - पुलिस पस्त
# रांची में युवक का दिनदहाड़े मर्डर

### होली और रमजान जैसे पर्व में भी कुंभकर्णी नींद में है रांची पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची** : राजधानी रांची का व्यस्तम क्षेत्र डेली मार्केट थाना से मात्र 200 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने दु:शाशन दिखाते हुए वजुउद्दीन उर्फ छोटू रंगसाज को गोली मारकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डेली मार्केट थाना क्षेत्र के उर्दू लाइब्रेरी के पीछे कपड़ा मंडी राजा इंटरप्राइजेज खस्सी मीट दुकान के सामने चौक पर एक युवक को दो गोली मारी गई। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। घटना के बाद अफरा तफरी मच गया।
दुकानदार समिति के किसी युवक ने तुरंत एसएसपी को लगभग फोन करके सूचना दी। उस समय एसएसपी शांति समिति की की बैठक कर रहे थे। दुकानदार समिति ने ऑटो में बैठाकर घायल को रिम्स भेजा। जिसे आनन फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मृतक युवक अपनी साली और बच्चों के साथ खरीदारी करने आया था

रांची के मौलाना आजाद कॉलोनी का रहने वाला छोटू अपनी पत्नी, बच्चे और कुछ परिवार वालों के साथ ईद की खरीदारी करने के लिए मेन रोड आया हुआ था. खरीदारी करने के बाद जैसे ही छोटू अपने बच्चे और पत्नी के साथ अपनी बाइक के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए दो अपराधियों ने उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. फायरिंग में एक गोली छोटू के सीने और एक गर्दन में लगी. छोटू को गोली मारने के बाद बाइक सवार दोनों अपराधी बीच बाजार हाथ में हथियार लहराते हुए फरार हो गए. उसकी पहचान नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कालोनी गली नंबर बीस के रहने वाले वजुउद्दीन उर्फ उर्फ छोटू रंगसाज के रूप में हुई है।



### फ्लैग मार्च के बाद भी अपराधियों का तांडव

जिस वक्त गोली चली थी समय करीब 3:18 बज रहा होगा। ठीक इससे आधा घंटा पहले रांची पुलिस ने बड़े पैमाने पर होली पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला था, जो शहीद अल्बर्ट एक्का से उर्दू लाइब्रेरी होते हुए एकरा मस्जिद हिंदपीढ़ी और आस पास तक गयी। वहीं समाहरणालय में शांति समिति की बैठक एसएसपी चंदन सिन्हा, ग्रामीण एसपी सुमित और एडीएम राजेश्वर आलोक कर रहे थे। इस दौरान इस तरह की घटना होने से स्पष्ट होता है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं है। भले पुलिस अपराधियों को पकड़ ले लेकिन विधि व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। आचार संहिता लागू है। लगातार पुलिस प्रशासन बैठकें कर रही है। इसके बाद भी घटना होना। पुलिस की लापरवाही की पोल खोलती है। इस तरह की घटना के बाद रांची पुलिस प्रशासन की विधि व्यवस्था पर सवाल उठने लगी। बता दें कि डेली मार्केट थाना क्षेत्र में दस जुन 2022 को घटना घटी थी। तभी से इस क्षेत्र में पुलिस की चौकसी होनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं दिखता है।

### कुख्यात अपराधी था मृतक छोटू रंगसाज



मृतक वजुउद्दीन उर्फ उर्फ छोटू रंगसाज मुलत- गढ़वा जिला के उचरी गांव का रहने वाला था। इसका लंबा अपराधिक इतिहास रहा है। वहां स्टैंड ठेकेदारी सहित कई कार्यों में वह शामिल था। जेल भी जा चुका था। एक ही परिवार के तीन भाईयों की हत्या में भी इसका नाम आया था। पिछले करीब आठ सालों से गढ़वा से आकर कर मौलाना आजाद कालोनी में अपनी पत्नी बच्चों के साथ साधरण जीवन व्यतीत कर रह रहा था। वे यहां खटाल खोलकर दूध बेचने का काम करता था। पत्नी ने पुलिस को किसी मिंटू और शाबिर का नाम बता रही थी। पूरे घटनाक्रम को सीसीटीवी फुटेज में देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## रूस आतंकी हमला मरने वालों की संख्या बढ़कर 150 हुई

**मॉस्को.** रूस के मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर लगभग 150 हो गई है. वहीं, इस हमले में घायलों की संख्या 120 से ज्यादा है. रूसी स्थानीय मीडिया के हवाले से अधिकारियों बताया है कि अब तक इस 11 लोगों को हिरासत में लिया है, जांच समिति ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में से चार सीधे तौर पर उस हमले में शामिल थे. रूसी एजेंसियों और कई नेताओं का आरोप है कि इस हमले की तार यूक्रेन से जुड़ा हुआ है, हालांकि इस्लामिक स्टेट समूह ने बयान जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली थी. एक अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी एजेंसियों ने पुष्टि की है कि हमले के लिए वह समूह जिम्मेदार था.रूस की जांच समिति ने कहा कि चारों संदिग्धों को पश्चिमी रूस के ब्रांस्क क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है. यह क्षेत्र 'यूक्रेन की सीमा से काफी करीब है. स्थानीय समाचार एजेंसी तास ने रूस की एफएसबी का हवाला देते हुए कहा कि हमलावरों की सीमा पार कर यूक्रेन जाने की प्लानिंग थी. टैस के अनुसार, एफएसबी के प्रमुख ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शनिवार को गिरफ्तारियों के बारे में जानकारी दी. यह हमला अत्यधिक सुनियोजित चुनावी भूस्खलन में पुतिन द्वारा सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करने के कुछ ही दिनों बाद हुआ. यह हमला पिछले कुछ सालों में रूस में होने वाला सबसे घातक हमला था. हमले के तुरंत बाद कुछ रूसी सांसदों ने यूक्रेन पर उंगली उठाई. यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के सलाहकार मायखाइलो पोडोल्याक ने किसी भी संलिप्तता से इनकार किया.

## महुआ मोइत्रा के कई ठिकानों पर सीबीआई ने की छापेमारी
### * पैसा लेकर सवाल पूछने से जुड़ा है मामला



**एजेंसी**
**नयी दिल्ली :** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा से जुड़े कई ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की. यह कार्रवाई पैसे लेकर सवाल पूछने से जुड़ा है. जांच एजेंसी कोलकाता समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की. गुरुवार को उनके खिलाफ सीबीआई ने रेगुलर केस दर्ज किया था. दिल्ली से सीबीआई की एक टीम महुआ के पिता के दक्षिण कोलकाता के अलीपुर इलाके स्थित फ्लैट पर पहुंची.
लोकपाल ने पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में सीबीआई को महुआ मोइत्रा के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया था. लोकपाल ने सीबीआई को निर्देश दिया कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर जांच की जाए. इसके साथ ही लोकपाल ने जांच एजेंसी को छह महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है.

### क्या है कैश फॉर क्वेरी मामला ?

महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोप लगे थे. जांच के बाद एथिक्स कमेटी ने अपनी रिपोर्ट स्पीकर को सौंपी थी. इस पूरे मामले की शुरुआत भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोपों से हुई. निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए रियल स्टेट कारोबारी हीरानंदानी से रिश्वत लेने का आरोप लगाया था. निशिकांत दुबे ने ये आरोप महुआ के पूर्व दोस्त जय अनंत देहाद्रई की शिकायत के आधार पर लगाए.

### लोकसभा अध्यक्ष ने किया था कमेटी का गठन

निशिकांत की शिकायत पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कमेटी का गठन किया. निशिकांत दुबे ने बिरला को लिखे लेटर में गंभीर विशेषाधिकार के उल्लंघन और सदन की अवमानना का मामला बताया था. कमेटी ने महुआ मोइत्रा, निशिकांत दुबे समेत कई लोगों के बयान दर्ज किए थे. विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने 9 नवंबर को एक बैठक में कैश-फॉर-क्वेरी के आरोप पर महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता रद्द करने की सिफारिश करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की थी. कमेटी के 6 सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था. और दिसंबर 2023 में उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई.

## क्विक न्यूज

### एक करोड़ का गांजा बरामद

**जोधपुर :** कमिश्नरेट की जिला पूर्व पुलिस ने एक करोड़ का गांजा बरामद किया है। गायों के बाड़े में छुपाकर रखे गए गांजें के कट्टे पुलिस ने बरामद कर आरोपित को हिरासत में लिया है। बाड़े से 200 किलो 170 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। संभवत: कमिश्नरेट में गांजे की इतनी बड़ी पहली बार पकड़ी गई है। पुलिस अब पकड़े गए अभियुक्त से गांजे के सप्लायर के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मादक पदार्थ एवं अवैध हथियारों की धरपकड़ जारी है। पुलिस को रोज स्पेशल टास्क के तहत कार्रवाई के आदेश दिए जाते है। शुक्रवार को करवड़ पुलिस को सूचना मिली कि विनायकपुरा गांव में रहने वाला धर्मेंद्र पुत्र हीराराम विश्नोई मादक पदार्थ की तरस्करी करता है। उसके यहां पर भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हो सकता है। इस पर एसीपी मंडोर पीयूष कविया के सुपरविजन में वहां पर थानाधिकारी अवधेश सांदू मय जाब्ते के रेड दी गई। तब गायों के बाड़े में तिरपाल से ढके प्लास्टिक कट्टों में मादक पदार्थ मिला। जांच में यह गांजा निकला। पुलिस ने बाड़े से 200 किलो 170 ग्राम गांजा बरामद किया है। इस गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये है। पुलिस ने आरोपित धर्मेंद्र विश्नोई को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर अब अग्रिम जांच शुरू की है। उससे गांजा सप्लायर के बारे में पता लगाने का प्रयास जारी है।

### मुंबई लाए गए 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरे, नौसेना ने पुलिस के हवाले किया

**मुंबई** : अरब सागर में भारतीय नौसेना के एक अभियान के दौरान पकड़े गए 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को शनिवार सुबह आईएनएस-कोलकाता से मुंबई लाया गया। नौसेना ने इन्हें मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत की गई। इस अभियान के तहत नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। नौसेना के मुताबिक 14 दिसंबर को सोमालियाई समुद्री लुटेरों ने माल्टा के जहाज को हाईजैक कर लिया था। उसको बचाने के लिए 15 मार्च को भारतीय नौसेना का हेलिकॉप्टर उसके करीब पहुंचा था। इस दौरान समुद्री लुटेरों ने हेलीकॉप्टर पर फायरिंग शुरू कर दी थी। नौसेना ने लुटेरों से सरेंडर करने को कहा था। 16 मार्च को इन लुटेरों ने नौसेना के समक्ष सरेंडर कर दिया।इस अभियान में भारतीय नौसेना को माल्टा के जहाज के चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित बचाने में सफलता मिली थी। नौसेना के मुताबिक उनकी कार्रवाई के दौरान 35 समुद्री लुटेरों ने सरेंडर कर दिया और 17 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाला गया। यह अभियान 40 घंटे से अधिक समय तक चला।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की याचिका पर शीघ्र सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी और रिमांड के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है और कहा है कि इसपर तुरंत सुनवाई की जाए। केजरीवाल की ओर से दी गई अर्जी में कहा गया है कि उनकी गिरफ्तारी और रिमांड दोनों आदेश अवैध हैं, उन्हें तुरंत हिरासत से रिहा कर देना चाहिए। इसपर, दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है।

## हेमंत सोरेन ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** झारखंड के पूर्व सीएम और बरहेट क्षेत्र के झामुमो विधायक हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें विधानसभा के सत्र में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई थी. हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल की गई एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर सुप्रीम कोर्ट में 1 अप्रैल को सुनवाई होगी.जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ में उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुई है. अपनी याचिका में उन्होंने मांग की है कि आने वाले दिनों में आहूत होने वाले विधानसभा के सत्रों में उन्हें शामिल होने की अनुमति दी जाए. हेमंत सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में बीते 31 जनवरी से रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में हैं. उन्होंने पिछले महीने आयोजित झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति के लिए रांची के पीएमएलए कोर्ट में अर्जी लगाई थी, लेकिन यह खारिज हो गई थी. इसके बाद वह हाईकोर्ट पहुंचे थे, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली थी. हेमंत सोरेन पर करोड़ों की जमीन के घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है. जिस जमीन की अवैध रूप से खरीद बिक्री का आरोप हेमंत पर लगा है कि वह रांची के बड़गाी में है. इस मामले में हेमंत सोरेन को करीब सात समन जारी किए गए थे. उनके खिलाफ पहला समन 14 अगस्त 2023 को ईडी ने जारी किया था.

## होली को लेकर राज्य में रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** होली पर्व को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा को लेकर आठ हजार 820 जवान की अतिरिक्त तैनाती की गयी है। इसमें 4500 अतिरिक्त बल और 4320 होमगार्ड के जवान शामिल है।पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 24 जिलों में कानून-व्यवस्था के लिए जैप, आईआरबी सहित अन्य बलों की तैनाती की है। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस मुख्यालय ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। आईजी अभियान ने इससे संबंधित आदेश शनिवार को जारी कर दिया है। साथ ही रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, दुमका, जमशेदपुर में रैप की कंपनी भी तैनात रहेगी।पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की भी तैनाती की गयी है। सभी को दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर तैनात रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सभी एसएसपी और एसपी को अपने-अपने जिले में होली पर्व को लेकर विशेष सर्तकता बरतने का निर्देश दिया गया है।वहीं दूसरी ओर होली पर्व को लेकर राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए कुल 4320 होमगार्ड के जवान को सुरक्षा में लगाया गया है।रांची में 500, खूंटी में 100, लोहरदगा में 100, रामगढ़ में 100, गुमला में 200, सिमडेगा में 150, जमशेदपुर में 500, चाईबासा में 250, सरायकेला में 100, धनबाद में 300, बोकरो में 200, पलामू में 250, गढ़वा में 100, लातेहार में 100, हजारीबाग में 175,चतरा में 100, कोडरमा में 100, गिरिडीह में 75, दुमका में 200, जामताड़ा में 100, साहिबगंज में 200, पाकुड़ में 100, गोड्डा में 100 और देवघर में 220 होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे।

## हिमाचल प्रदेश : 9 विधायक भाजपा में शामिल



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण अयोग्य ठहराए गए छह पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं।
उनके साथ-साथ तीन निर्दलीय विधायक भी भाजपा में शामिल हुए हैं। शनिवार को यहां भाजपा मुख्यालय में हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायक- आशीष शर्मा, केएल ठाकुर और होशियार सिंह हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।इसके साथ कांग्रेस के बागी विधायक भी भाजपा में शामिल हुए, जिनमें धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा, सुजानपुर से राजेंद्र राणा, कुटलैहड़ से देवेंद्र भुट्टो, गगरेट से चैतन्य शर्मा, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर और बड़सर से विधायक इंद्र दत्त लखनपाल हैं।
इस मौके पर भाजपा में शामिल होने के बाद हिमाचल प्रदेश के बागी विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि कांग्रेस की कार्यक्षमता खत्म हो गई है। न तो हाईकमान का कोई प्रभाव है और न ही पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए कोई सम्मान बचा है। इसलिए कांग्रेस के नेता वहां परेशान हैं।

## देश को क्षयरोग मुक्त बनाने के लिए सभी मिलकर काम करें: राष्ट्रपति



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्व क्षय रोग दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को कहा कि यह दिन टीबी की शीघ्र पहचान, उपचार और रोकथाम के महत्व को याद दिलाने का काम करता है। उन्होंने भारत को क्षयरोग मुक्त बनाने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने हर साल 24 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा है कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि क्षयरोग के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 24 मार्च को 'विश्व क्षयरोग दिवस' मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को टीबी के वैश्विक प्रभाव के बारे में जागरूक करना, बीमारी को नियंत्रित करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इससे निपटने के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। यह दिन टीबी की शीघ्र पहचान, उपचार और रोकथाम के महत्व की भी याद दिलाने का काम करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं सभी से क्षयरोग मुक्त भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह करती हूं।

## बीजापुर में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

**एजेंसी**
**बीजापुर :** नक्सलियों के खिलाफ बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर चलाये गये बड़े नक्सल अभियान में बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा की डीआरजी, बस्तर फाइटर, कोबरा बटालियन और एसटीएफ के जवान शामिल रहे। इस पर बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव, दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय और सुकमा एसपी किरण चव्हाण मुठभेड़ पर नजर बनाए हुए थे। इस नक्सल अभियान के दौरान पिड़िया के जंगल में आज शनिवार सुबह 8:30 बजे हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान 2 नक्सलियों का शव हथियार के साथ बरामद किया गया है। मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है। इससे पहले जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा क्षेत्रांतर्गत डोडीतुमनार के जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से बस्तर फाईटर्स के 2 जवान आरक्षक राकेश कुमार मरकाम एवं आरक्षक विकास कुमार कर्मा घायल हो गये हैं।

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्यूनतम 12°

# कसौधन समाज के होली मिलन में बेहतर कार्य के लिए किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा द्वारा स्थानीय मेलोडी मंडप में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया गया। मुख्य अतिथि बीडी राम ने कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी सदस्यों को होली की बधाई दी। उन्होने कहा कि अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में समाज के द्वारा हमेशा सामाजिक कार्य किया जाता है। समाज को संगठित करना हर्ष की बात है। होली मिलन समारोह में समाज की बच्चियों के द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कसौधन वैश्य समाज महिला मंच की पदाधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए शोभा कश्यप, ममता कश्यप, अर्चना कश्यप, नमिता कश्यप को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रथम बार रक्तदान करने वाली लड़कियों को भी उनका उत्साह बढ़ाने के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। मौके पर सुरेंद्र कश्यप, संतोष कश्यप, विवेक कश्यप, मनोज कश्यप, मनीष कश्यप, आशीष कश्यप को भी समाज के संरक्षक के द्वारा सम्मान स्वरूप मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित कश्यप ने किया। मौके पर पृथ्वी नाथ कश्यप, गोपाल कश्यप, बिहारी कश्यप, लखन कश्यप, उमेश कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, संतोष कश्यप, विवेक कश्यप, मनोज कश्यप, मनीष कश्यप, आशीष कश्यप आदि समेंत समाज के अभिभावक महिलाएं पुरुष बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुसैनाबाद थाना द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जपला नबीनगर मार्ग के शहीद भगत सिंह कॉलेज के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहनों का जांच किया गया। इस दौरान किसी भी वाहन से कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नही मिली। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से प्रतिदिन सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों पर पुलिस की पैनी नजर हैं। इस मौके पर एसआई धर्मेन्द्र सिंह, अमन कुमार, लवकुश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## एसडीएम और एसडीपीओ ने किया बूथों का निरीक्षण



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद एसडीएम आईएएस पियूष सिन्हा और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने अनुमण्डल क्षेत्र के अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र महुडंड पंचायत समेत कई पंचायत के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ग्रामीण मतदाताओं को भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला के प्रांगण में होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे, शिक्षक गण भाग लिए और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शशि केश कश्यप ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई का जीत का प्रतीक है। इसी उपलक्ष्य में हम सब होली मनाते हैं। होली भाईचारे का प्रतीक है। एक दूसरे को गुलाल लगाकर आप होली मनाए बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## विश्रामपुर बाजार सुरक्षा समिति सह व्यवसाई संघ द्वारा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर बाजार सुरक्षा समिति सह व्यवसाई संघ द्वारा भेलवा नदी तट स्थित शिव छठ घाट परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समरोह का उद्घाटन वरिष्ठ व्यवसाई लक्ष्मण साव, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, ललन सोनी व प्रदीप साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल व संचालन गोपाल सोनी ने किया। संजय पांडेय ने कहा कि दुश्मन को भी दोस्त बनाने का स्पष्ट संदेश देने वाले पर्व का नाम ही होली है। पंकज कुमार लाल ने कहा कि आने वाले हिंदू नूतन वर्ष में समाज में फेल रहे विकृतियों को दूर करने का संकल्प लेने की जरूरत है। समारोह के दौरान खूब अबीर गुलाल उड़े। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। समारोह में भोजपुरी के प्रसिद्ध ब्यास शिव कुमार चौधरी और दयानन्द तिवारी ने एक से बढ़कर एक होली गीत गया। होली गीतों पर श्रोता भी जमकर झूमे। मौके पर अरुण गुप्ता, संजय साह, संजय उपाध्याय, रंजीत चंद्रवंशी, उमाकांत साव, कामेश्वर केशरी, दीपक कुमार, प्रभु साव, प्रमोद वर्मा, चंद्रदेव चौधारी उर्फ कुकू पासी, युवा भाजपा नेता मनीष कुमार, संजय ठाकुर सहित कई व्यवसाई और काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# ममता भुइयां का किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** राजद प्रखंड इकाई नौड़ीहा बाजार की कार्यकर्ताओं ने पलामू संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार ममता भुइयाँ के बारा, नौड़ीहा बाजार परिसर मे भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पलामू संसदीय क्षेत्र के भावी उम्मीदवार ममता भुइयाँ की विशुनपुर पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य श्री मती रीना देवी के द्वारा अंगवस्त्र और पुष्प की माला देकर स्वागत किया। वही पर राजद के जिला अध्यक्ष श्री मोहन विश्वकर्मा के भी पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती व पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र और माला देकर स्वागत किया। वही पर अवस्थित शिव मंदिर मे माथा भी टेका और जीत के लिए मन्नत भी मांगा और शहीद आरक्षी स्व मोहन कुमार नीरज की प्रतिमा पर मालयार्पण भी किया। कार्यक्रम के सम्बोधन करते हुए कहा कि अगर आपलोगो की आशीर्वाद मिला तो जो उन्मुखी विकास की गंगा बहा देगें। मौके राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, महिला प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष रूना देवी, अनुसूचित जाति के प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष राजू भुइयाँ, छतरपुर -नौड़ीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, रविन्द्र यादव, बसंत यादव, संतोष ठाकुर, लक्ष्मण राम, हिरा चौधरी, विश्वनाथ राम, छोटेलाल रजक समेत सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पिपरा थाना क्षेत्र के अवैध शराब कारोबारी के बीच मचा हड़कंप



**पिपरा, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लगातार अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है. पिछले कुछ दिनों में आधा दर्जन से अधिक शराब भाटियों को नष्ट किया जा चुका है. छापेमारी अभियान में शुक्रवार को पुलिस कर्मियों को बड़ी सफलता हाथ लगी. थाना क्षेत्र के बनकटवा के पास पहाड़ी में अवैध शराब निर्माण भट्ठी को ध्वस्त किया गया जहां 6 ड्रामा मे रखा हुआ 300केजी जावा महुआ एवं शराब बनाने के उपकरण को भी स्थल पर ही नष्ट कर दिया गया. ग्राम बनाही के भी विभिन्न जगहों पर छापामारी अभियान चलाकर 100 केजी जावा महुआ नष्ट किया गया. वही गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम बुढा रौंदा स्थित खेत में बने घर में छापामारी किया गया. जहां से डीप फ्रीजर में अवैध रूप से रखें 36 बोतल किंगफिशर बियर आठ कैन बियर सहित अंग्रेजी शराब की चार बोतले बरामद हुई। थाना प्रभारी बिमल कुमार ने कहा कि चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए शराब कारोबारी के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान आगे जारी रहेगा। छापेमारी अभियान में एसआई कुलेश्वर महतो एएसआई अनिल नायक सहित आईआरबी के जवान शामिल थे।

## प्रशिक्षण केन्द्र में होली मिलन समारोह आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शनिवार को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रशिक्षण के समापन के फलस्वरूप होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमे शिक्षकों तथा बी0 आर0 सी0 कर्मियों ने जमकर रंग, अबीर, और गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली मुबारक बाद दिया। जिसमे जयराम मेहता बीपिएम रंजन कुमार सिंह (लेखापाल) प्रेम प्रकाश सिंह + 2 बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद प्राचार्य) शिक्षक सह प्रशिक्षक सतेंद्र विश्वकर्मा, सहायक अध्यापक अनिल कुमार, अभिषेक शर्मा, बैधनाथ पासवान, सुरेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, विनोद कुमार, सुनील पासवान, पप्पू पासवान, राजेश कुमार, कृष्ण कुमार मेहता, रामप्रवेश राम, सुमित राम, धीरेंद्र राम, विवेक कुमार सिंह, आदि ने एक दूसरे को अबीर गुलाल तथा गले मिलकर एक दूसरे को होली का मुबारकवाद दिया।

## वीर सपूत भगत सिंह की 93 वीं शहादत दिवस मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला देवरी रोड में स्थित यादव कांप्लेक्स में शहीद ए आजम वीर सपूत भगत सिंह जी की 93 वीं शहादत दिवस एवम विचार अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया। कार्यकर्म की अध्यक्षता क्रांतिकारी नेता भोला सिंह ने की जबकि संचालन हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा जी ने की ।सर्व प्रथम भगत सिंह जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात भोला सिंह, कृष्णा बैठा, हरी यादव, सुभाष सिंह, विजय प्रसाद यादव, सुरेश प्रसाद यादव, विगन प्रजापति, प्रमोद कुमार रजक, बुटन यादव, श्रवण यादव, बैजनाथ प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, रामकेश्वर मेहता, अभिमयु सिंह, राजेंद्र पासवान, अनूप कुमार सिंह ने बारी बारी से शहीद ए आजम भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाले। और मुख्य रूप से राजेश यादव, शशि रंजन, गुड्डू जी, प्रदीप कुमार, छोटू जी, अशोक कुमार ठाकुर, जी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी सम्मानित महानुभावों ने राष्ट्रीयता एवम इंसानियत का संकल्प लिया।

## डॉ. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** डॉ. राममनोहर लोहिया की 114 वी जयंती के अवसर पर शनिवार को डॉ राममनोहर लोहिया चेतना मंच के तत्वाधान में भवनाथपुर मोड़ स्थित डॉ राममनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ राममनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष मो0 कमाल खां, वरिष्ठ पत्रकार सह डॉ राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह, नीतू सिंह, पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व डॉ राममनोहर लोहिया चेतना मंच के संरक्षक रामचन्द्र केशरी, चेतना मंच के अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा, सचिव दीपक कुमार ठाकुर, सीताराम जायसवाल, विश्वनाथ भंडारी, अरुण कुमार, सुनील प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, भृगुण ठाकुर, परवेज आलम, रामचरित्र मेहता सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## आम आदमी पार्टी पलामू के कार्यकर्ताओं ने मनाया शहादत दिवस



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीद चौक पर शहीद भगत सिंह को माल अर्पण कर शहादत दिवस मनाया गया आम आदमी पार्टी के नेताओं ने वीर शहीद भगत सिंह को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।मौके पर उपस्थित चंद्रबली चौबे ने कहा कि शहीद भगत सिंह से हम सभी को देश के लिए मर मिटने के लिए प्रेरणा मिलती हैं।कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि भगत सिंह हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणादाई है उन के शहादत में देश का प्रेम झलकता है एक युवा अपने देश के लिए फंसी पर चढ़ कर भी अमर हो गए।डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा मुन्ना कुमार ने कहा कि शहीद भगत सिंह हमेशा युवाओं दिलों में राज करेंगे देश कभी उन्हें भूल नहीं सकते हैं। मौके पर उपस्थित चंद्रबली चौबे, कौशल किशोर बच्चन, डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता मुन्ना कुमार, सुधीर कुमार, अशोक राम, ओम प्रकाश गुप्ता, लव तिवारी, अरुण वर्मा और अन्य लोगों उपस्थित थे।


## जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी वर्ष समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच नगर उंटारी एवम जननायक कर्पूरी ठाकुर लोक चेतना मंच धुरकी के संयुक्त तत्वाधान में डॉ राम मनोहर लोहिया के 114वी जयंती व जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन धुरकी प्रखंड मुख्यालय में जन नायक कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा स्थल के निकट स्थित कर्पूरी चौपाल में किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा माल्यार्पण कर किया गया.गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह ने कहा कि आज शहीद ए आजम भगत सिंह का शहादत दिवस है ,वहीं डॉ राम मनोहर लोहिया के 114 वीं जयंती है साथ ही जननायक कर्पूरी ठाकुर के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया गया है .यह अत्यंत खुशी की बात है. उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी समाजवाद का अलख जगाये हुए हैं.उन्होंने कहा कि हम सब केशरी जी में डॉक्टर लोहिया जी की छवि देख सकते हैं. उन्होंने कहा कि डॉ लोहिया हमेशा से समानता की लड़ाई लड़ते थे .उनका मानना था कि दिया वहां जलाना चाहिये जहां सदियों से अंधेरा हो. उन्होंने कहा कि तब की और आज की राजनीति में बहुत अंतर है .आज की राजनीति गंदे नाले के समान हो गई है.राजनेताओं में राजनीतिक विचार शून्य हो गया है .उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को विस्तार से रखा .राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद कमाल खां ने कहा कि डॉ लोहिया व्यक्ति नहीं बल्कि विचार थे. हम सब को उनके बताए रास्ते का अनुशरण करना चाहिए . उन्होंने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर एक महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके है.उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता है.वे भारत छोड़ो आंदोलन के समय 26 महीने जेल में बिताये थे .22 दिसंबर 1970 से 2 जून 1971 तथा 24 जून 1977 से 21 अप्रैल 1979 के दौरान वे दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे. उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे .पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने दोनों नेताओं के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम जब तक जीवित हैं तब तक लोहिया और जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे. जननायक कर्पूरी ठाकुर लोक चेतना मंच धुरकी तथा डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के द्वारा पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया. वहीं मंच के सभी पदाधिकारी को भी सम्मानित किया गया .मौके पर नीतू सिंह, सीता राम जायसवाल, सलीम अंसारी, भृगुण ठाकुर ,अधिवक्ता परवेज आलम ,सुनील प्रसाद, दीपक कुमार ठाकुर, कमलेश बिहारी,राकेश ठाकुर , कामेश्वर जायसवाल, नंदकिशोर यादव, कृष्ण कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन जननायक कर्पूरी ठाकुर लोक चेतना मंच धुरकी के अध्यक्ष राकेश कुमार ठाकुर तथा विजय कुमार केशरी ने किया।

## महेन्द्र आर्केड परिवार साथ जुड़ा एक नया सदस्य : सोनू नामधारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के पहले शॉपिंग मॉल काम्प्लेक्स महेन्द्र आर्केड मैं खुला बैग दुकान। इंडियन रोटी बैंक के संरक्षक एवं नेशनल कोर कमिटी के सदस्य श्री सोनू नामधारी ने उद्घाटन कर दी बधाई दुकान के प्रॉपरिएटर श्री शुआइब राजा ने किया सभी का स्वागत साथ ही बताया सभी प्रकार के पर्स, बैग, बेल्ट उपलब्ध है। इंडियन रोटी बैंक झारखण्ड स्टेट कार्डिनेटर साहेब जी नामधारी साथ मैनेजर कमलेश कुमार दूबे, गौरव कुमार ठाकुर, परमोद सिंह, सुधीर सिंह, संतन पाल, सुंदर बिहारी, सौरभ पांडेय मौके पे मजूद थे।

## पुराना प्रखंड सह अंचल भवन कभी भी बन सकता है दुर्घटना का कारण



**धुरकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुराने प्रखंड कार्यालय का निर्माण 1958 में हुआ था तब से पांच दशक तक प्रखंड कार्यालय का कार्य इसी प्रखंड कार्यालय से किया गया, जब इस भवन का छत व कमरा जर्जर हो गए तो इसे देखते हुए नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निर्माण किया गया। जिससे पांच साल से प्रखंड कार्यालय व अंचल कार्यालय का कार्यभार नए भवनों में शिफ्ट कर दिया गया।लेकिन अब पुराने भवनों का स्थिति यह है की वह कभी भी गिर सकता है। उसमे लगे दरवाजे से कांच के शीशे टूट टूट कर गिर रहे है।जो प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आने वाले लोगो को पैरों में चुभते रहते है।वही इस भवन में विषैल जीव- जंतु भी देखे गए है।वहीं तेज तूफान व तेज बारिश होने पर पुराने भवन के छत व दीवाल टूटकर गिरने लगते है।आलम यह है की यह भवन का कुछ हिस्सा ध्वस्त हो चुका है।जो कभी प्रखंड कार्यालय में आए लोगों को के लिए खतरा बन सकता है। यधपि इस पुराने भवन का तोड़कर नही हटाया गया तो कभी भी अनहोनी हो सकती है।वही पुराने भवन में लगे दरवाजे खिड़की को समय रहते सुरक्षित निकाला जाए तो सरकार के लिए कुछ उपयोगी चीज़े निकल सकती है। लेकिन इस पुराने भवन पर सरकार के लोगो का ध्यान नही देने से सरकारी संपत्ति का नुकसान हो रहा है।

संक्षिप्त खबरें

### पारस अस्पताल में बार-बार होने वाले ब्रेन ट्यूमर का हुआ सफल ऑपरेशन

**रांची :** बार-बार होने वाला ब्रेन ट्यूमर का पारस अस्पताल के डॉ. सचिन ने सफल ऑपरेशन किया है। इस बीमारी से पीड़ति 55 साल की महिला मरीज प्रेमा देवी की स्थिति अब बेहतर है। महिला पारस अस्पताल के डॉक्टर सचिन और उनकी टीम को धन्यवाद दे रही है।डॉ सचिन ने बताया कि महिला मिर्गी और सर दर्द की समस्या लेकर अस्पताल पहुंची थी। महिला ने डॉक्टर को बताया कि 12 साल पहले बनारस में ब्रेन के लेफ्ट हिस्से के ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ था। डॉ सचिन ने बताया कि इस मरीज को बार-बार द्विपक्षीय फाल्सिन मेनिंगियोमा हो रहा था। जिसमें सेरेब्रल एडिमा और बड़े पैमाने पर प्रभाव के साथ बेहतर सैजिटल साइनस शामिल था। सुपीरियर सैजिटल साइनस छांटना या मरम्मत करना एक बहुत ही कुशल कार्य है।

### संत जेवियर्स कॉलेज में वॉल ऑफ फेम का अनावरण किया गया

**रांची:** संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के अंग्रेजी विभाग में वॉल ऑफ फेम का अनावरण किया गया। साथ ही साथ विभाग के साहित्यिक क्रिया कलापों के प्रदर्शनी हेतु समर्पित बोर्ड का भी अनावरण किया गया। अनावरण समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थियों में सृजनात्मक शक्तियों की कमी नहीं है और महाविद्यालय प्रबंधन उनकी इस शक्ति को निखारने हेतु हर संभव प्रयास एवं व्यवस्था करने को तत्पर है। उप प्राचार्य डॉ फ़ादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर ने कहा कि नारी शक्ति को समर्पित कलाकृतियों को सराहते हुए कहा की महाविद्यालय प्रबंधन महिला सशक्तिकरण को व्यापक मंच देने को तत्पर है।

## होली पर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम, हुड़दंग मचाने वालों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने होली पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था और लोक परिशांति बनाये रखने के लिए शनिवार को आदेश जारी कर दिया है। होली के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। राजधानी में लगभग तीन हजार जवानों की तैनाती की गयी है। साथ ही दंडाधिकारी की भी तैनाती की गयी है। उन्होंने कहा कि होली पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है, लेकिन यह भी आवश्यक है, कि जो व्यक्ति होली खेलना नहीं चाहे उसके साथ होली नहीं खेली जाए। खासकर महिलाओं के साथ अभद्रता नहीं होनी चाहिए। होली पर्व के अवसर पर हुड़दंगियों, आपसी झगड़ों और नशापान कर गाड़ी, बाइक चलाने वाले चालकों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है और आदर्श आचार संहिता लागू है। प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी, पदाधिकारी और पुलिस बल इस दौरान यह भी सुनिश्चित करेंगे कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो और यदि कोई ऐसा मामला पाया जाता है तो उस पर सम्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करेंगे। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल और अपने-अपने क्षेत्रों में सर्तक रहकर विधि-व्यवस्था बनाये रखें। उन्होंने कहा कि निरोधात्मक कार्रवाई अक्सर झूठे अफवाहों के कारण तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाया करती है। इसलिए अफवाहों का अविलम्ब निराकरण करते हुए तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जो अनावश्यक अफवाह फैला कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करें, वैसे साम्प्रदायिक तत्वों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई संबंधित थाना के थाना प्रभारी करना सुनिश्चित करेंगे। यहां यह भी आवश्यक है कि संबंधित पुलिस उपाधीक्षक इसका समुचित पर्यवेक्षण करें। सभी थाना प्रभारी असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने के लिए आसूचना का संग्रहण करेंगे एवं लोक परिशांति भंग करने वालों के विरुद्ध 107 तथा अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। थाना प्रभारी गश्ती के माध्यम से होलिका दहन कार्यक्रम के अवत्तर पर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी प्रकार की दुर्घटना, विवाद न होने पायें। इस पर्व की अवधि में यदा-कदा चन्दा वसूलने, असामाजिक तत्वों के अभद्र व्यवहार, लोगों पर जबरदस्ती किचड़, धूल, रंग अबीर आदि लगाये जाने और अश्लील होली गायन आदि को लेकर भी अप्रिय घटनायें होने की समस्या रहती है। इस पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को सभी शराब दुकानों को एक दिन (होली मुख्य दिन) बन्द रखना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उनको यह भी निदेश है कि उक्त अवधि में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ गहन छापेमारी कर इसकी बिक्री पर रोक लगाने की सभी प्रभावी कार्रवाई अपने स्तर से करें। इसके अलावा उपायुक्त ने सिविल सर्जन को आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिये एक एम्बुलेंस, चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी और सभी आवश्यक दवा एवं उपकरण के साथ जिला नियंत्रण कक्ष में उपरोक्त अवधि में प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करने को कहा है।

## शांतिपूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाएं : एसएसपी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** माहे रमजान का मुबारक महीना चल रहा है , इसी के साथ होली का भी त्यौहार है। पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो , इसको लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। मौके पर एसएसपी चंदन सिन्हा ने शांति समिति के तमाम लोगों से अपील करते हुए कहा कि सब मिलजुल कर होली पर्व के आगजा और होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सहयोग करें। एक दूसरे के साथ मिलकर भाईचारगी निभाते हुए होली पर्व मनाये। वहीं होली के दौरान यह भी ध्यान में रखें कि रमजान का मुबारक महीना चल रहा है तो किसी तरह किसी को कोई परेशानी ना हो इसका भी ख्याल रखा जाए। शइस मौके पर ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक एवं शहर के जाने-माने कई गणमान्य लोग उपस्थिति थे मुख्य रूप से अकीलुर्रहमान , डॉ असलम परवेज, जय सिंह यादव ,मुनचुन राय इत्यादि।

## होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आज आगजा कल होली शांतिपूर्ण तरीके से बीते इसको लेकर जिला प्रशासन ने शहीद अल्बर्ट एक्का चौक से उर्दू लाइब्रेरी , इकरा मस्जिद हिंदपीढ़ी और इसके आसपास में फ्लैग मार्च किया ।

इस फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से सिटी एसपी राजकुमार मेहता,सिटी डीएसपी केवल रमण, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सहित विभिन्न थानों के थानेदार एवं पुलिस के जवान शामिल थे।

## सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 2-0 से हराकर कांस्य पदक जीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** 13 से 23 मार्च 2024 तक पुणे महाराष्ट्र में आयोजित 14 हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 में हॉकी झारखंड ने हॉकी मध्यप्रदेश को 2=0 गोल से पराजित कर लगातार तीसरा वर्ष कांस्य पदक प्राप्त की। झारखंड टीम की ओर संगीता कुमारी और रोपनी कुमारी ने एक एक गोल की। झारखंड की कप्तान निक्की प्रधान को मिला प्लेयर ऑफ दि मैच का पुरुस्कार। झारखंड की संगीता कुमारी ने मैच तीसरे मिनट में एक शानदार फील्ड गोल कर टीम को बढ़त दिला दी और मैच के 59 वे मिनट में रोपनी कुमारी ने पेनाल्टी कॉर्नर में गोल कर झारखंड की जीत पक्का कर दी। झारखंड टीम=सोनल मिंज,अंशु




लकड़ा.निक्की प्रधान.रोपनी कुमारी,रीमा बखला , पुनीता मिंज,सलीमा टेटे, दीप्ति टोप्पो.रेशमा सोरेंग, दीप्ति कुल्लू, महिमा टेटे. सुप्रिया मुंडू, संगीता कुमारी, दीपिका सोरेंग,. निक्की कुल्लू,. रजनी केरकेट्टा, प्रमोदनी लकड़ा, किरण बड़ा, मुख्य कोच सुमराय टेटे, सहायक कोच =रेणुका सोरेंग और मैनेजर= मनोज कोनबेगी।झारखंड टीम के कांस्यपदक जीतने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह,महासचिव विजय शंकर सिंह, असरीता लकड़ा, रजनीश कुमार, माइकल लाल, ,जयंत केरकेट्टा, अशोक भगत, सुरजीत झा ,दसरथ महतो सहित हॉकी झारखंड ,खेलकूद विभाग झारखड़ सरकार , रांची रेलवे के प्रशांत मुखर्जी एवं पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## ट्रैफिक पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए डिवाइडर को व्यवस्थित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र के शहीद चौक के पास बड़ा सा डिवाइडर अपने स्थान से टूट कर टेढ़ा हो गया था जिसका आधा से ज्यादा हिस्सा मुख्य सड़क पर आ गया था । आने जाने वाली वाहनों को काफी दिक्कतें हो रही थी , क्योंकि दिन का समय था इसलिए घटना नहीं घटी, लेकिन अंधेरा होने से बड़ी घटना घट सकती थी । इस अवस्थित डिवाइडर की तस्वीर जैसे ही ट्रैफिक व्हाट्सएप ग्रुप में डाला गया, तुरंत ट्रैफिक के वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा तत्परता दिखाते हुए टूटे हुए डिवाइडर को व्यवस्थित कर उसके जगह पर स्थापित कर दिया गया।

## सोरेन परिवार की होली इस बार हर मायने में अलग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सोरेन परिवार और पार्टी से नाता तोड़कर शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन भगवा रंग में रंग चुकी हैं। अब भाजपाई हो चुकी हैं। इनके लिए इस बार की होली बेहद खास हो गई है। उन्होंने उस दहलीज को लांघा है, जिसकी हिमाकत आज तक परिवार का कोई सदस्य नहीं कर पाया। कल तक जिनके आंगन में रंग-गुलाल उड़ाने और सेल्फी लेने वालों का तांता लगा रहता था, वहां सन्नाटा पसरा है। पहली बार कल्पना सोरेन की होली फीकी होगी। पहली बार इस त्योहार में उनके साथ पति हेमंत सोरेन नहीं होंगे। पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन बड़ी संख्या में महिलाएं कल्पना सोरेन से मिलने गई थी।

उनके आवास पर सभी ने एक दूसरों को गुलाल लगाया था लेकिन कल्पना सोरेन रंग से दूर रहीं। महिलाओं के साथ मुस्कुराती तस्वीर साझा करते हुए एक्स पर अपने मन की बात लिखी। उनका संदेश था कि ÷नारी तू अबला नहीं, स्वयं को पहचान, अपने हक को लड़ स्वयं, तब होगा उत्थान।

अब वह लड़ रही हैं। लैंड स्कैम मामले में हेमंत सोरेन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में हैं। उनके जीवन की यह पहली होली होगी, जब वह अपनों से दूर होंगे। क्योंकि, जेल मैन्युअल के हिसाब से केंद्रीय कारा में कैदियों के लिए हर त्योहार को मनाने की अलग से व्यवस्था होती है। विशेष भोजन का भी ख्याल रखा जाता है ताकि घर परिवार को कोई मिस ना करे। इसमें कोई शक नहीं कि हेमंत सोरेन की छवि एक मिलनसार नेता के रूप में है। आम लोगों के बीच पिछले साल बजट सत्र के दौरान विधानसभा में आयोजित होली मिलन समारोह की चर्चा है, जब मुख्यमंत्री रहते हेमंत सोरन ने कहा था कि पूरे वातावरण में खुशहाली का एक माहौल खड़ा हो रहा है। संभव है कि इस बार उनका संदेश उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के जरिए राज्यवासियों तक पहुंचे।

## रांची जिला प्रशासन ने होटलों और रेस्टोरेंट में चलाया जांच अभियान, 13 को नोटिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** होली पर्व के मद्देनजर रांची में मिलावटी खाद्य पदार्थ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। मिलावटी खाद्य पदार्थ के खिलाफ पिछले तीन दिनों से शहरी क्षेत्र में जांच अभियान चलाया जा रहा है, जो होली तक जारी रहेगा। अनुमण्डल दण्डाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में संबंधित थाना क्षेत्र के सहयोग से शहर के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकानों में निरीक्षण कर सैंपल जांच की गई। टीम ने मोबाइल फूड



टेस्टिंग लैब के साथ तीन दिनों में विभिन्न मिठाई दुकानों, रेस्टोरेंट आदि में कुल 168 फूड सैंपल की जांच की। टीम ने डंगराटोली, लालपुर क्षेत्र के विभिन्न मिठाई दुकानों एवं रेस्टोरेंट की जांच की। साथ ही रिम्स, कचहरी रोड, मेन रोड और कांके रोड के मिठाई दुकानों एवं रेस्टोरेंट के सैंपल की जांच की । इस दौरान जांच में फेल हुए खाद्य सामग्री को नष्ट किया गया। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस तामिला किया गया। टीम ने एक्सपायरी डेट को लेकर 90 फूड पैकेट का भौतिक निरीक्षण भी किया गया।

**इन्हें दिया गया नोटिस:** द होटल कैफे, फ्लेम्स, द पिपरी, क्रिक बाईट, चिकन प्लाजा, सेकंड वाइफ रेस्टोरेंट, अमरीक होटल, गुप्ता भोजनालय, आशीर्वाद होटल, द ग्रेट इंडियन कैफे, ला पीनोज पिज्जा, कुप्पूस्वामी और मुंडा होटल।

## हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह पुणे पहुंचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 13 से 23 मार्च तक महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 14 बी हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 का फाइनल मैच खेला जाएगा। जिसके लिए हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह पुणे पहुंचे । पुणे पहुंचने पर आयोजन समिति की ओर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, हॉकी उत्तर प्रदेश के महासचिव आर पी सिंह,भारतीय हॉकी टीम के पूर्व एवम वर्तमान समय में यूएसए हॉकी टीम के प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, भूपिंदर सिंह सहित हॉकी महाराष्ट्र के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डेढ़ क्िंटल जावा महुआ को पुलिस ने किया नष्ट

**रांची:** पिठौरिया पुलिस अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर शनिवार को चलाए गए अभियान के दौरान लगभग डेढ़ क्िंटल से ज्यादा जावा महुआ नष्ट किया गया है। साथ ही कई देशी अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट किया गया है। यह अभियान पिठौरिया के किसान चौक, मुंडा टोली सहित अन्य स्थानों पर चलाया गया। हालांकि अभियान के दौरान किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। थाना प्रभारी ने बताया कि शराब और अन्य नशा कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समक्ष लोजपा युवा मोर्चा और अंबेडकर जन संघर्ष मोर्चा ,अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम और पूर्व आइजी देव बिहारी शर्मा को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने 8980808080 टॉल फ्री नंबर पर पार्टी की विधिवत सदस्यता दिलाई।इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस



झामुमो राजद के महा ठगबंधन पर बड़ा हमला बोला।मरांडी ने कहा कि एक तरफ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकसित भारत,आत्म निर्भर भारत स्वाभिमानी भारत बनाने की चिंता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10वर्षों से एक दिन भी बिना छुट्टी लिए राष्ट्र सेवा , गांव, गरीब, किसान मजदूर महिला आदिवासी दलित पिछड़े सभी के कल्याण केलिए जुटे हैं। आज भारत का स्वाभिमान,सम्मान दुनिया में बढ़ा है। गरीब कल्याण की योजनाओं के तेज गति से धरातल पर उतरने के कारण पिछले 10वर्षों में 25करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। कहा कि आज गरीबों के पक्के मकान बन रहे। घरों में शौचालय, गैस सिलेंडर, बिजली की सुविधाएं पहुंची। आयुष्मान कार्ड से 5लाख तक के इलाज की व्यवस्था हुई। प्रति व्यक्ति 5किलो अनाज मिल रहे। किसान सम्मान निधि मिल रही।उन्होंने कहा कि यह विकास और गरीबों का उत्थान विपक्ष को बर्दास्त नहीं। सदस्यता ग्रहण करने वालों में दिलीप करमाली,विशाल राम,अमित श्रीवास्तव,अमित वर्मा, अमरनाथ कुमार,आशुतोष पाठक, रंजन राम, चुन्नू कुमार,शंकर कालिंदी,एहसान रजा,पवन महतो,संजू कुमार आदि शामिल हैं।

## चुनाव में भाजपा को राज्य की जनता दिखायेगी औकात : सुप्रियो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो ) के हरमू स्थित कैंप कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शनिवार को संयुक्त रुप से संवाददाता सम्मेलन किया।

इस दौरान दोनों नेताओं ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाही रवैया दिखा रही है। देश सरकार, कानून और संविधान से चलता है। हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी उसका उदाहरण है। ऐसी ही घटना दिल्ली में घटी है। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा क्या कर रही है यह किसी से छुपा नहीं है। 2024 में आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनती है, तो कितने लोग जेल जायेंगे यह कह पाना मुश्किल है। देश की जनता को अब समझने की जरूरत है। ऐसी सरकार से देश नहीं चलता है।




आनेवाले समय में भाजपा को राज्य की जनता औकात दिखा देगी। केंद्र सरकार ने पूरे तरीके से देश को रसातल में पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि

**प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाही रवैया दिखा रही है।**

इलेक्टरल बॉन्ड या फिर अकाउंट फ्रिज होने की बात हो रही है। यह सीधे तौर पर राजनीतिक पार्टियों के फंड पर डाका डालने का प्रयास किया जा रहा है। जिस प्रकार से लगातार देश के संविधान पर हमला हो रहा है इसे लेकर हमारी मांग है कि राष्ट्रपति संज्ञान लें।

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु युवाओं के प्रेरणास्रोत : गौतम सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** युवा आजसू के प्रदेश संयोजक सह रांची जिला प्रभारी गौतम सिंह ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अल्पायु में देश की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था। हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूमने वाले भारत माता के तीनों वीर सपूतों का संपूर्ण जीवन हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है। गौतम सिंह शनिवार को शहीद दिवस पर आजसू केंद्रीय कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। युवा आजसू और अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के पदाधिकारियों ने शहीद दिवस के मौके पर भारत माता के अमर सपूत वीर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने अपने साथी राजगुरु और सुखदेव के साथ मिलकर देश की आजादी की लड़ाई को धार देते दी थी। उनके बलिदान से प्रेरित होकर हजारों युवा भी स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए थे। इस दौरान मुख्य रूप से जब्बार अंसारी, अजीत कुमार राजक किशोर महतो, राहुल तिवारी अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, बिपिन यादव, विक्रम यादव, राजेश सिंह, प्रियांशु,अभिषेक साहू, बबलू मंडल, आनंद यादव, आशुतोष सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एसीसी उच्च विद्यालय के बच्चों ने अबीर से बनाई रंगोली

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया. विद्यार्थियों ने शिक्षक शिक्षिकाओं के चरणों पर अबीर रखकर आशीर्वाद ग्रहण किया. सभी विद्यार्थी एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दिए। विद्यार्थियों ने अबीर से रंगोली बनाया. विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने बच्चों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी. उन्होंने बच्चों को अपनी सुरक्षा का ध्यान देते हुए रंग खेलने की सलाह दी. सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी.

## बुराई पर अच्छाई के जीत का पर्व है होली : रवि गिरि

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी में होली का त्योहार मनाया गया. छोटे बच्चे बच्चियां राधा कृष्ण बने और नृत्य प्रस्तुत किया। विधार्थी और अध्यापिका एक दूसरे को गुलाल लगाए और बधाई दिए. विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि गिरि ने बताया कि होली मनाने कि परंपरा की शुरूआत पुरातन काल में राजा हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद के जीवित बचने और इस बुराई पर अच्छाई की जीत के उत्सव के रूप में मनाते हैं. यह त्योहार राधा कृष्ण के सच्चे प्रेम का प्रतीक है. इसलिए हम प्रत्येक वर्ष होली का त्योहार मनाते हैं. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिका पम्मी, पायल, गुड़िया, रूबी का सहयोग रहा.

## आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर शहर के विभिन्न होटल व मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खूंटी शहर के होटल एवं मिठाई दुकान का निरीक्षण किया गया। साथ ही नमूना लिया गया। परिसर में साफ-सफाई रखने एवं मिलावटी मिठाई खोवा, पनीर,बर्फी आदि की बिक्री नहीं करने का सख्त निर्देश दिया गया। मिठाई में खाने वाला रंग का ही प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। चेतावनी दी गयी कि जांच रिपोर्ट में यदि मिलावट पाया जाता है तो उनके खिलाफ एफएसएस एक्ट 2006 के अंतर्गत करवाई की जाएगी। इसमें आर्थिक जुर्माना एवं कारावास का प्रावधन है जिसकी सारी जिम्मेदारी दुकानदार की होगी।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आर्ट इंटीग्रेटेड एग्जिबिशन आयोजित

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए एक आर्ट इंटीग्रेटेड प्रदर्शनी 'कैलिडोस्कोप' का आयोजन किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने पाठ्यक्रम को एक श्रृंखला में प्रदर्शित किया, जो कला के साथ एकीकृत था। उन्होंने मिट्टी, कागज, प्लास्टिक और जूट बैग से बनी शिल्प वस्तुओं का प्रदर्शन किया। सोहराई, मधुबनी और डोकरा जैसे पारंपरिक कला रूपों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली पेंटिंग भी प्रदर्शित की गई। विभिन्न अनुभवजनित शैक्षणिक यात्राओं पर आधारित परियोजनाओं को भी प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किया। आकर्षण का मुख्य बिंदु लाइव पेंटिंग काउंटर था जिसने सबसे अधिक भीड़ अपनी ओर खींचा। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की रचनात्मकता, कड़ी मेहनत और उत्साह की सराहना की। उन्होंने बच्चों को इस तरह की 'करके सीखने' वाली परियोजनाएँ शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।



## कर्मयोगी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय में शनिवार को सीएससी वीएलई को कर्मयोगी का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सीएससी रांची जिला मैनेजर बिबेकानन्द पांडे और चंदन कुमार सिंह ने दिया। प्रशिक्षण के दौरान सीएससी वीएलई को कर्म योगी कैसे बनाना है, सेवा भाव कैसे जागृत करना है, केंद्र में आने वाले नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करना है। इसके बारे में जानकारी दिया गया। वहीं आयुष्मान भारत के नये पोर्टल में काम करने, जिनका डीजे पे बंद हो गया है, उसे चालू करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही एनपीएस के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। मौके पर सीएससी मैनेजर बिबेकानन्द पांडे ने सीएससी वीएलई से कहा कि आप अपने निजी कार्यो के साथ-साथ सरकार के योजनाओं के लक्ष्य को अधिक से अधिक पुरा करें। आप जितना सरकार के कार्यों को करेंगे उतना ही सीएससी एसपीवी का आपके प्रति सहयोग रहेगा। मौके पर शाहिद अंसारी, मो. खालिद अंसारी, कृष्णा उराँव, तबरेज अंसारी, हादिम मलिक, अतिक अंसारी, सुनिल उराँव, विजय कुमार, अमित उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।



## हिंडालको मुरी में पत्रकारों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी हिंडालको नॉर्थ प्लॉट में शुक्रवार की शाम सब परिवार पत्रकार एवं सब परिवार हिंडालको प्रबंधन के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पत्रकारों एवं प्रबंधन के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। महिलाएं एवं बच्चों में काफी उत्साह देखी गई और वह सब मिलकर काफी मस्ती किए। इस कार्यक्रम में पत्रकार विष्णु चरण गिरी द्वारा सरस्वती वंदना से शुभारंभ किया गया। उन्होंने कई फिल्मी गीत भी गाए जिस पर उपस्थित सभी लोग थिरकते नजर आए। एचआर हेड अरुण राय ने भी एक से बढ़कर एक गाना प्रस्तुत किया। अंत में यूनिट हेड रवि नारायण मिश्रा ने सभी को होली की बधाई दिया। इस मौके पर अनिल सिंह अभिषेक कुमार भारत सिंह समेत कई आलाधिकारी मौजूद थे।



# पिपरवार के बेंती में केशरवानी वैश्य समाज द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव में केशरवानी वैश्य समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता संतोष केसरी और संचालक पवन केसरी ने किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे नगर अध्यक्ष रघुवीर केशरी और विशिष्ट अतिथि मे प्रदेश संगठन मंत्री रितेश केशरी, जिला सचिव गौरी शंकर केशरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर की गई,जिसके बाद समाज के उत्थान और विकास पर चर्चा की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज के लोगों के हक और अधिकार पर प्रकाश डालते हुए सभी को जागरूक होने का आह्वान किया गया। इसके अलावा समाज में फैल रहे हैं कुरूतियों को दूर करने सहित समाज के लोगों को जागरूक करने एंव समाज को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया।इस मौके पर कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।वही कार्यक्रम को उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।कार्यक्रम के दौरान समाज के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।अंत में सभी ने सामूहिक भोजन एवं पकवान का आनंद उठाया।

इस मौके पर बेंती केशरवाणी वैश्य समाज के अध्यक्ष दिनेश केशरी,उपाध्यक्ष राजेंद्र केशरी,सचिव अभिमन्यु केशरी,आदित्य केशरी, उपसचिव संतोष केशरी, कोषाध्यक्ष शिव केशरी,उप कोषाध्यक्ष रामजी केशरी, नीरज केशरी,संगठन मंत्री सुनील केशरी,महामंत्री संजय केशरी सहित केशरी समाज के सभी महिला पुरुष एंव बच्चे उपस्थित थे।



## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में शिक्षक व बच्चो ने खेला होली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपूर मे शनिवार को होली समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चों के अलावे अभिभावक भी शामिल हुए।इस दौरान शिक्षक और बच्चों ने जमकर होली खेलकर एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी।स्कूल में शिक्षक और बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी जमकर अबीर गुलाल को उड़ाया और होली का उत्साह मनाया।इस संबंध में स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने बताया कि स्कूल प्रागंण में प्रत्येक वर्ष होली समारोह का आयोजन किया जाता है,जिसमें शिक्षक और बच्चे इस उत्साह में शामिल होते हैं।उन्होंने कहा कि रंगो का त्योहार होली पर्व आपसी भाईचारगी और खुशहाली का संदेश देता है।इस दिन सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर उत्साह मानते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ समय समय पर इस तरह के पर्व त्यौहार के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है।उन्होंने स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे और अभिभावकों को होली पर्व की बधाई दी।इस मौके पर प्राचार्य ताका जामीर,प्रबधंक रेहाना प्रवीण,शिक्षक गौरव कुमार,पिंटू कुमार,उमेश कुमार,वारिश अंसारी,अजय कुमार,वसीम अकरम,सुषमा वर्मा,श्रुति कुमारी,सोनिया किंडो,शाजिया खान,टेरेसा टुडू,हिमा कुमारी,सुशांति कुमारी,अंजु बेक,मंजू विश्वकर्मा सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।



## शहीद ए आज़म भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीद चौक बड़ा मुरी में शनिवार को शहिदे आजम भगत सिंह,सुखदेव एवं राजगुरु का 93 वीं शहादत दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता कामरेड अरुण महतो ने किया एवं मुरी सिल्ली लोकल कमिटी सचिव कामरेड अमर महली ने भगत सिंह के प्रतिमा पर मल्यार्पण कर पुष्पांजलि दिया तथा उनके जीवनी पर अपनी बातों को लखा। इसी क्रम में कमारेड चितरंजन महतो ने भी अपनी बातें रखी। शहादत दिवस पर कामरेड दीपक सोनार, अकलू महतो, पी एल कुम्हार, सदानंद सोनार,शशि शंकर, अमित कुमार, संतोष महली, रजनीकांत, मो. कलाम समेत सैकड़ों साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारीडीह का पीएम श्री योजना में चयन



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारीडीह का शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीएम श्री योजना में चयन किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य विजय बहादुर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से इसे मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जायेगा। पीएम श्री योजना में चयनित बारीडीह स्कूल का आधारभूत संरचना को विकसित किया जाएगा। स्कूल में शिक्षा की आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा ताकि सभी गरीब बच्चे भी बेहतर शिक्षा हासिल कर सके। स्कूल में साइंस लैब, लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्षा, स्मार्ट क्लासरूम और खेल मैदान को हाईटेक किया जायेगा।

## रंगों का त्योहार होली पर्व को लेकर बजार में रौनक



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंगो के पर्व होली को लेकर इटकी में दुकानें व साप्ताहिक शनिवार बाजार सज चुका है। दुकानों पर रंग-गुलाल, सजावटी कैप, पिचकारियों, टी-शर्ट आदि से सज गए है। होली को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है, होली के त्योहार को उल्लास और मस्ती का प्रतीक माना जाता है। लोग खुलकर होली खेलने के लिए खासे उत्साहित है, पहले के मुकाबले इस बार रंग गुलाल के दामों में तेजी आई है, गांव के मोहल्लें में भी रंग गुलाल पिचकारियों से सजी दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## नैतिक मतदान के लिए शपथ दिलाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में संस्थानों में भी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों में #VAF वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की दी गई जानकारी इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप के तहत जागरूकता गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा दिया गया है। मतदाताओं को जागरूक किया गया कि वे स्वयं तथा उनके क्षेत्र के मतदान करें यह सुनिश्चित करें। प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।



## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कचरा पृथक्करण से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** नगर पंचायत अंतर्गत गठित 03 स्वयं सहायता समूहों कि महिलाओं को कचरा पृथक्करण (वेस्ट सेग्रीगेशन) से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया उक्त कार्यक्रम स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओं को बेलाहाथी अवस्थित कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम मेंचरूस्ङ्क के प्रोजेक्ट मैनेजर नीतीश कुमार राय के द्वारा कचरा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी, एवं प्लांट में कचरे को कैसे पृथक कर खाद के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है, इसके बारे में महिलाओं को बताया गया।

खूंटी नगर पंचायत की प्रशासक सृष्टि मिंज के द्वारा बताया गया कि कचरा प्रबंधन की शुरुआत अपने घर से ही किया जाना है, ताकि सूखे एवं गीले कचरा का व्यवस्थित रूप से प्रबंधन एवं निष्पादन किया जा सके। उनके द्वारा बताया गया कि खूंटी में कचरा से खाद बनाने पर काम किया जा रहा है तथा महिलाओं से अपील की कि नगर पंचायत के द्वारा जो कचरा का उठाव किया जा रहा, उसके तहत लोग सूखे एवं गीले कचरे को उठाव कर्मियों अलग-अलग दें एवं अपने घर के आसपास के लोगों को भी सूखे एवं गीला कचरा को अलग-अलग रखने हेतु प्रोत्साहित करें। मौके पर प्रशासक, खूंटी नगर पंचायत, नगर मिशन प्रबंधक विनीत कुमार, सामुदायिक संगठनकर्ता सुमन टोप्पो ,सामुदायिक संसाधन सेविका, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं चरूस्ङ्क के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## कांग्रेसियों ने खूंटी में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** शहीद दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में शहीद भगत सिंह,शहीद सुखदेव ,शहीद राजगुरु एवं पुर्व बिहार विधानसभा में मंत्री रहे झारखंड के गांधी नाम से प्रसिद्ध स्व टी मुचीराय मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि शहीदों की कुर्बानी कभी भी देश के लिए व्यर्थ नहीं होती उनके बाताये नक्शे कदम पर चल कर ही समाज एवं पार्टी की उन्नति है शहीदों की कुर्बानी से ही आज हम विश्व में स्वतंत्र रूप में सम्पूर्ण चीजों का निर्वाह कर रहे हैं उनका बलिदान से ही आज हमें विश्व के अन्य देश हमे ताकतवर के रूप में देखता है एवं पुर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने कहा कि शहीदों का मान सम्मान हर सरकार में जरूरी है शहीदों को याद किये बिना कोई भी सामाजिक एवं राजनीतिक कार्य करना शहीदों का अपमान स्वरूप है अतः शहीदों के बताए मार्ग पर चल कर ही सम्पूर्ण समाज का उन्नति संभव है । मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुन्डू,मदन मिश्रा,पौलुस पुर्ती, गोपाल भगत, जयसिंह नाग, देवजीत देवधरिय, सुनीता गोप,सुशील सांगा, शांता खाखा, हेलेन होरो, मगरीता खेस, सुषमा भेंगरा,विलसन तोपनो, शाशिकान्त होरो , एडवर्ड हंस, विजय कुमार स्वांसि आदि उपस्थित थे ।



## होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड सह अंचल की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर होली की ढेर सारे शुभकामनाएं दिया. होली मिलन समारोह में अंचल अधिकारी विजय कुमार ने कहा की होली का त्यौहार आपसी प्रेम व भाईचारा की संदेश देता है. इसीलिए पूरी शालीनता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व को मनाए.मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार,सीआई, सनी बाखला, धीरज लकड़ा, विकास कुमार, शैंपू प्रसाद गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, रीता कुमारी, सौरभ कुमार, सुधीर राम तिवारी, चंदन तिवारी, रामप्रसाद भगत, सुरेश टोप्पो, बिरसा उरांव, धर्मदास टोप्पो , रंजन ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे



## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चान्हो में कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत करने के साथ ही कांग्रेस पार्टी की विविध इकाइयों को सुदृढ़ करने और कुल मिलाकर कांग्रेस को मजबूत करने, प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस की पूरी तैयारी जैसे मुद्दों पर आज मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चान्हो प्रखण्ड में प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक के अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की एवं माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुए एवं सभी मंच मोर्चा एवं सभी पंचायत अध्यक्ष को आगामी लोकसभा चुनाव में लोहरदगा लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार को भारी मतों से जिताने का निर्देश दिये बैठक में सभी मंच मोर्चा के सम्मानित अध्यक्ष सभी सम्मानित पंचायत अध्यक्ष के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची।
### (जिला निर्वाचन शाखा)

### आदेश

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64–हटिया –सह– अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि–व्यवस्था) राँची के पत्रांक 650 (ii)/नि०नि०पदा० दिनांक 12.03.2024 के द्वारा कुल 11 मतदान केन्द्रों के भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण नाम परिवर्त्तन संबंधी प्रस्ताव विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया गया है, जो निम्नवत् है :–

| क्र0 | विधानसभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | अंचल का नाम | भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में अधिसूचित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | भवन का नाम परिर्वत्तन हेतु प्रस्तावित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | वर्तमान मतदान केन्द्र से प्रस्तावित मतदान केन्द्र की दूरी (कि0मी0/मी0) में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 64–हटिया | हेहल | 275–क्राउन पब्लिक स्कुल पिपरटोली कटहलमोड़ रोड़–कमरा नं0 1 | 275–कोरोना युनिवर्सल स्कूल राँची पिपरटोली अरगोड़ा–कमरा नं0 1 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 2 | 64–हटिया | हेहल | 276–क्राउन पब्लिक स्कुल पिपरटोली कटहलमोड़ रोड़–कमरा नं0 2 | 276–कोरोना युनिवर्सल स्कूल राँची पिपरटोली अरगोड़ा–कमरा नं0 2 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 3 | 64–हटिया | हेहल | 277–क्राउन पब्लिक स्कुल पिपरटोली कटहलमोड़ रोड़–कमरा नं0 3 | 277–कोरोना युनिवर्सल स्कूल राँची पिपरटोली अरगोड़ा–कमरा नं0 3 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 4 | 64–हटिया | हेहल | 278–क्राउन पब्लिक स्कुल पिपरटोली कटहलमोड़ रोड़–कमरा नं0 4 | 278–कोरोना युनिवर्सल स्कूल राँची पिपरटोली अरगोड़ा–कमरा नं0 4 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 5 | 64–हटिया | हेहल | 282–सामुदायिक भवन लेजर मरचा पून्दाग रोड़ | 282– विवाह मण्डप अरगोड़ा लेजर मरचा कमरा नं0 1 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 6 | 64–हटिया | हेहल | 283–सामुदायिक भवन लेजर मरचा पून्दाग रोड़ | 283–विवाह मण्डप अरगोड़ा लेजर मरचा कमरा नं0 2 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण |
| 7 | 64–हटिया | हेहल | 246–उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0–1 | 246– रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0–9 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |
| 8 | 64–हटिया | हेहल | 247–उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0–2 | 247– रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0–10 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |
| 9 | 64–हटिया | हेहल | 248–उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0–3 | 248– रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0–11 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |
| 10 | 64–हटिया | हेहल | 249–उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0–4 | 249– रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0–12 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |
| 11 | 64–हटिया | हेहल | 250–उ0विद्यालय बजरा कमरा नं0–5 | 250– रा0म0 विद्यालय बजरा कमरा नं0–13 | 0 कि0मी0 | भवन का नाम पूर्व से ही रा0म0 विद्यालय बजरा होने के कारण |

उक्त के निमित निवार्ची पदाधिकारी के हस्तपुस्तिका के कंडिका 2.11 के अनुसार मतदान केन्द्रों के भवन के नाम परिवर्त्तन से संबंधित प्रस्ताव पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा सकती है।

अतः प्राप्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया जाता है

उप निर्वाचन पदाधिकारी, राँची — जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह–उपायुक्त, राँची

PR 323356Ranchi(23-24)#D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# टीएमएच की क्लीनिकल सोसायटी का वैस्कुलर सर्जरी इमरजेंसी पर कार्यक्रम और वैस्कुलर सूचरिंग पर कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) की क्लीनिकल सोसायटी ने वैस्कुलर सोसायटी ऑफ इंडिया और जमशेदपुर सर्जरी सोसायटी के साथ मिलकर शनिवार को वैस्कुलर सर्जरी इमरजेंसी पर केंद्रित एक आधे दिन का कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम और वैस्कुलर सूचरिंग पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस क्षेत्र में अपनी तरह का पहला यह अग्रणी कार्यक्रम टीएमएच ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसका आयोजन एयर वाइस मार्शल डॉ. सुधीर राय (सेवानिवृत्त), जो स्वयं एक वैस्कुलर सर्जन हैं, आयोजन सचिव डॉ प्रशांत रमन, एमसीएच (वैस्कुलर सर्जरी) जिन्होंने टीएमएच में वैस्कुलर सर्जरी की विशेषता को कार्यान्वित किया है और आयोजन अध्यक्ष कर्नल डॉ. शिवराज सिंह चौहान (सेवानिवृत्त) विभागाध्यक्ष (जनरल सर्जरी) के मार्गदर्शन में किया गया। टीएमएच में छह महीने पहले अनुभवी पेशेवरों के तहत शुरू की गई विशेष सेवाओं के साथ, सीएमई का उद्देश्य सर्जनों के बीच जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें जमशेदपुर और आसपास के क्षेत्रों से लगभग 150 प्रतिभागी शामिल हुए। सीएमई के सम्मानित अतिथि वक्ताओं में वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. तपिश साहू, पूर्वी क्षेत्र के कार्यकारी समिति सदस्य डॉ. रविकुमार बी.एल. और चेन्नई के कंसल्टेंट वैस्कुलर सर्जन डॉ. श्रीनिवासन ए. शामिल थे। इस कार्यक्रम ने सभी क्लीनिकल प्रक्टिसनर्स ? के लिए एक मूल्यवान शिक्षण अनुभव प्रदान किया, जिसमें क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा आपातकालीन स्थितियों और दैनिक अभ्यासों में सामने आने वाली सामान्य वैस्कुलर समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, महत्वाकांक्षी और युवा सर्जनों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र, लिंब और जीवन-रक्षक परिणामों के लिए समय पर हस्तक्षेप पर जोर देने के साथ वैस्कुलर इमरजेंसी की बेहतर समझ, और वैस्कुलर सर्जन से कब परामर्श करना है और वे कौन-सी सेवाएँ प्रदान करते हैं, इस पर मार्गदर्शन कार्यक्रम के अभिन्न अंग थे। इसके अलावा, टीएमएच में वैस्कुलर और एंडोवैस्कुलर सर्जरी को एक अलग सुपर-स्पेशलिटी के रूप में शुरू करने के बारे में भी प्रतिभागियों के साथ जानकारी साझा की गई, जो राज्य और आस-पास के क्षेत्रों में एक अग्रणी पहल है, साथ ही टीएमएच की नई सेवा पेशकशों को अपने ग्राहकों के लिए बढ़ावा देना, और टीएमएच में सर्जिकल प्रशिक्षुओं और राज्य भर में इच्छुक सर्जनों के लिए कौशल विकास के अवसरों को भी प्रतिभागियों के साथ साझा किया गया। यह सेवा, जो पहले देश के टियर वन शहर तक सीमित थी, अब राज्य के लोगों के लिए सुलभ हो गई है। यह कार्यक्रम वैस्कुलर सर्जरी में ज्ञान और कौशल को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिससे चिकित्सकों और रोगियों दोनों को लाभ हुआ।



## होली गीतों पर तैलिक साहू महासभा के लोग जमकर थिरके

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के मिलन समारोह में अबीर गुलाल की होली खेली गयी। होली के भोजपुरी फाग गीतों पर संगीतकार राजकुमार और ग्रुप म्यूजिक के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। होली गीतों पर उपस्थित लोगों के पांव भी खूब थिरके। यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में सिदगोड़ा स्थित भास्कर भवन के मैदान में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े अतिथियों को गुलाल लगाकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए एक दूसरे को अबीर लगाकर होली मनायी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पप्पू साहू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बतौर अतिथि कुणाल षाड़गी, विनोद गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सोनकर, धर्मेंद्र प्रसाद, दिनेश कुमार साहू, रामगोपाल जायसवाल, बबलू झा, मनोज गुप्ता, चंद्रिका प्रसाद विदेशी साव, डॉ ऋषिकेश साव, मनकी गुप्ता, शिवलोचन शाह, सुनील प्रसाद, दीपक गुप्ता, मनोज साहू आदि मौजूद थे।



## सेवानिवृत कर्मचारी को दी गई समारोहपूर्वक विदाई

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड प्लांट- 1 में समारोह आयोजित कर कंपनी प्रबंधन और यूनियन की ओर से सेवानिवृत्त फोर्ज शॉप के कर्मचारी वरुण राय को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए एचआर सीनियर मैनेजर रिंटू मुखर्जी ने कहा कि वरुण राय ने करीब 40 वर्षों तक इस कंपनी में अपनी सेवा दी। अपने सेवाकाल में काफी निष्ठा और ईमानदारी से अनुशासन में रहकर उन्होने जो एक मिशाल प्रस्तुत किया है, वह अन्य कर्मचारियों के लिए सीख बनेगा। कार्यक्रम को एच आर विभाग के मिथिलेश सिंह, संतोष सिंह, यूनियन के महासचिव तारकेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव, फोर्ज शॉप प्रबंधक अमित कुमार, एम एन सेल्वम आदि ने भी सम्बोधित किया। मौके पर वरुण राय ने सभी कर्मचारियों को कार्यस्थल पर ईमानदारी से कार्य करने तथा आपसी भाईचारा बनाए रखने की सीख दी। धन्यवाद ज्ञापन यूनियन अध्यक्ष अभय लाभ ने श्री राय के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सुखमय और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर दिनेश राम, भूपेंद्र गोराई, अशोक शर्मा, कुशध्वज प्रामाणिक, अंजनी सिंह, श्याम बिहारी सिंह समेत कंपनी के कई पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



# एसडीओ ने केरला समाजम मॉडल स्कूल के सैकड़ों बच्चो का भविष्य अंधकार में जाने से बचाया : बब्लू झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** धालभूम एसडीओ पारुल सिंह के समक्ष शनिवार को डीएसई, डीएसओ, केरला समाजम मॉडल स्कूल गोलमुरी प्रबंधन एवं अभिभावकों के संग बबलू झा की वार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अभिभावकों का आग्रह एवं मांग थी कि स्कूल प्रबंधन 9 वीं और 11वीं के बच्चों को एक मौका रिटेस्ट के माध्यम से दिया जाए और बच्चों का भविष्य को अंधकार होने से बचाया जाए। जिसे केएसएमस के प्रबन्धन ने माना एवं गुरुवार सुबह 8 बजे बच्चों को बुलाकर आगे की पढ़ाई की जानकारी दी जाएगी तथा 20-25 दिनों में रिटेस्ट ली जाएगी। एसडीओ के हस्तक्षेप एवं तत्परता से वंचित बच्चों को एक्स्ट्रा क्लासेस की सुविधा को भी आश्वस्त कराया गया। वहीं दूसरी और एसडीओ ने अभिभावकों के समक्ष बच्चों को कल एवं आज भी अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित कर हौसला बढ़ाया। रिटेस्ट लेने पर सभी अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी अभिभावक ने तहे दिल से एसडीओ एवं स्कूल प्रबंधन का आभार जताया। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बब्लू झा ने अभिभावकों की तरफ से एसडीओ पारुल सिंह, केरला समाजम मॉडल स्कूल के प्रबंधन चेयरमैन नायर, प्रिंसिपल नंदनी शुक्ला को मिठाई भी खिलाया एवं आभार व्यक्त किया। मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी नगर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर ने भी अभिभावकों के संग अहम भूमिका निभाई ।



## लुपुंगडीह में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में शहादत दिवस मनाया गया एवं बीर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य जयदीप पांडेय ने कहा कि 23 मार्च के शहीद दिवस का इतिहास 30 जनवरी से भी पुराना है। दरअसल, 1931 को इसी तारीख को आजादी की लड़ाई में शामिल क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई थी। सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने के मामले में अंग्रेजों ने उन्हें फांसी की सजा सुनाई थी। भगत सिंह और उनके साथियों को 24 मार्च को फांसी दी जानी थी लेकिन भारतीयों के आक्रोश के डर के कारण निर्धारित समय से 11 घंटे पहले पहले गुपचुप तरीके से तीनों को फांसी पर लटका दिया गया। यही नहीं, लोगों से छुप-छिपाकर रात के समय जेल की दीवार को तोड़कर उनके शवों को शहर से 45 किलोमीटर दूर हुसैनीवाला गांव ले जाया गया। अंग्रेजों ने वहां सतलुज नदी के पास बिना रीति-रिवाज के शवों को जला दिया और अवशेषों को नदी में ही फेंक दिया। फांसी दिए जाने के अगले दिन पूरे लाहौर में हड़ताल रखी गई थी। मौके पर मुख्य रूप से शांति राम महतो, पवन कुमार महतो, अजय कुमार मंडल, निमाई मंडल, गौरव महतो, कृष्ण पद महतो, सुशुमति दास आदि उपस्थित थे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु का शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन बिष्टुपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं उनके बलिदान को याद किया। देश की आजादी में अपने सर को नहीं झुकने वालों में से इनका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। इस अवसर पर उन्हें नमन कर हम सभी भारतीयों को गर्व है साथ ही उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके त्याग और बलिदान को नमन करते हुए प्रण लिया कि भारत को मजबूत बनाए रखने में हमलोग अपना सर्वोच्च न्यौछावर कर देंगे। भारत की एकता संप्रभुता एवं लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए शपथ लेते हैं । इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने यह भी प्रण लिया कि हर हाल में समाज में, प्रदेश में एवं राष्ट्र में भाईचारा का माहौल कायम करने के लिए पूर्ण रूप से सहयोग एवं प्रयत्न करते रहेंगे। इस अवसर पर ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, रविंद्र शर्मा, रविशंकर के पी, प्रमोद मिश्र, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, अरूण त्रिपाठी, इंतिखाब वास्ती, सन्नी सिंह, अजय महतो, मो नौशाद सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।



## विद्या ज्योति स्कूल गम्हरिया के छात्र ने जीता कांस्य पदक

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देवघर स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कुमैठा में विगत दिनों आयोजित 17वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल गम्हरिया के कक्षा आठ के छात्र सागर मुर्मू ने 60 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय ही नहीं जिले का भी नाम रोशन किया है। पदक प्राप्त कर लौटने पर विद्यालय की ओर से उसे सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार झा, उप प्राचार्य आनंद कुमार सिंह, कोच करमू मंडल, आशा दास, शरत महतो समेत उपस्थित अन्य शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदित है कि राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता का आयोजन बीते 20 से 22 मार्च तक किया गया था जिसमे विभिन्न जिलों से सैकड़ो छात्रों ने भाग लिया था।



## नवकुंज रास संकीर्तन में शामिल हुए झामुमो नेता महाबीर मुर्मू



**पोटका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पोटका प्रखंड के ग्राम बड़ाभुमरी में नव जागरण समिति की ओर से आयोजित श्री श्री नवकुंज रास संकिर्तन अंतिम दिन शनिवार को झामुमो नेता महाबीर मुर्मू शामिल होकर समस्त झारखंडवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना किए। महाबीर मुर्मू ने कहा की हरिनाम संकीर्तन से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विगत दिनों से भक्त संकीर्तन में शामिल हो रहे है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक अनुष्ठान में भक्त में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। पड़ोसी राज्य ओडिसा व बंगाल से भी भक्तो शामिल हो रहे हैं। इस दौरान झामुमो के पोटका प्रखंड कोषाध्यक्ष पोल्टू मंडल,पूर्व मुखिया बिल्टू हांसदा,पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी,पूर्व युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विश्वजीत मंडल,युवा नेता दुर्गा प्रसाद हांसदा,माझी बाबा राजेश मुर्मू,मनोज तांती,करण वीर कालिंदी,रॉकी सिंहआदि शामिल हुए।

# बालीगुमा दिशोम जाहेर गाढ़ में बाहा बोंगा 31 मार्च को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दिशोम जाहेर समिति गोड़गोड़ा, बालीगुमा की ओर से बालीगुमा एनएच 33 के एक होटल में प्रेस वार्ता आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष फतेहचंद टुडू ने कहा कि 24 मार्च को दिशोम बाहा बोंगा और 31 मार्च को दिशोम बाहा मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। हजारों की संख्या में सरना धर्मावलंबियों का महजुटान होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी साजिश के तहत की गई है। आदिवासी समाज इसका घोर निंदा करता है। विभिन्न क्षेत्रों से सरना धर्मावलंबियों का जुटान होगा।

समिति के सचिव मदन मोहन सोरेन ने कहा कि इस समय पर्यावरण कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। पर्यावरण के अनुरूप अपनी जीवनशैली, संस्कृति, परंपरा, सोच- विचार लाने की जरूरत बताई। प्रकृति की उपासना कर पर्यावरण को संरक्षण करने के लिए संकल्प भी लेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा आकर्षक का केंद्र दिशोम जाहेरगाढ़ लगभग 10 एकड़ में फैले जगह में आदिवासियों के इतिहास में जीवन सभ्यता की उत्पत्ति एवं विभिन्न ऐतिहासिक सामाजिक घटना को झाकियों द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। यह पिछले वर्ष से भी और बेहतर रूप से सजाया जा रहा है। मौके मरांग बुरु बाहा रुसिका क्लब बनामघुटू, दलदली के अलावा सरना ग्रुप कुमरूम, संयुक्त वन अधिकार समिति गोड़गोड़ा, बालीगुमा के बाहा नृत्य मंडलियों द्वारा बाहा नृत्य प्रस्तुत करेंगे। संगीतकार नगेन मार्डी, रुपाली हांसदा बाहा गीत प्रस्तुत करेंगे।

दिशोम बाहा मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के वरिष्ठ नेता महावीर मुर्मू, विशिष्ट अतिथि के रूप में माझी परगना महाल के देश परगना बैजू मुर्मू, गांव गणराज्य परिषद के कुमार चंद्र मार्डी, झामुमो घाटशिला प्रखंड उपाध्यक्ष सुखलाल हांसदा, टाटा स्टील फाउंडेशन के जीरेन जेवियर आदि उपस्थित होंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष फतेहचंद टुडू, सचिव मदन मोहन सोरेन, सुकलाल टुडू, सनातन टुडू, पप्पू सोरेन, सिंगराई सोरेन, राजेश सोरेन आदि उपस्थित थे।




## इको विकास समिति का हो अंकेक्षण : विश्वनाथ

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल्हान के चांडिल अनुमंडल स्थित दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी तथा इको सेंसेटिव जोन क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों को आज तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त होने का दावा जेबीकेएसएस (जेएलकेएम) के केंद्रीय सचिव विश्वनाथ महतो ने किया है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के क्रम में विश्वनाथ ने कहा कि वन विभाग और केंद्र सरकार व राज्य सरकार का दायित्व बनता है दलमा पहाड़ी क्षेत्र के अधीन जीवन यापन करने वाले लोगों को स्वरोजगार समेत तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाया है। विश्वनाथ महतो ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता तथा वन विभाग के अधिकारियों की लूट के कारण दलमा सेंचुरी का समुचित विकास नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारी स्वयं विभागीय नियमों और नीतियों का पालन नहीं कर रहे हैं। दूसरी ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है। यही कारण है कि इको सेंसेटिव जोन के अधीन बसे हुए गांवों का समुचित विकास नहीं हो रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने सरकारी राशि की लूट मचा रखी है। उन्होंने कहा कि इको विकास समिति को स्वरोजगार से जोड़ने तथा दलमा के संरक्षण में उनके योगदान की योजना है लेकिन वन विभाग के अधिकारी इको विकास समिति के नाम पर ग्रामीणों को ठगने का काम कर रहे हैं और सरकारी राशि का बंदरबांट कर रहे हैं। विश्वनाथ महतो ने कहा कि प्रतिवर्ष सभी 85 इको विकास समिति का अंकेक्षण और उनकी प्रगति की समीक्षा होनी चाहिए, ताकि पता चल सके कि आखिर कितने ग्रामीणों को स्वरोजगार मिल रहा है।



## करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने कराया व्हील्स ऑफ मोशन भ्रमण का आयोजन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने छात्रों को उद्योग जगत का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से व्हील्स ऑफ मोशन÷ नामक एक भ्रमण (एक्सकर्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और छात्रों को भविष्य के उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. आफताब आलम और प्रोफेसर कस्तूरी कांगसा बनिक छात्रों के साथ इस भ्रमण कार्यक्रम में गए और उन्हें टाटा मोटर्स में उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को समझने में सहायता प्रदान की। इस भ्रमण के माध्यम से छात्रों को उद्योग जगत के पेशेवरों से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ, जो उनके लिए एक अमूल्य अनुभव साबित होगा।




## अपराजिता मिथलानी समूह ने चेशायर होम में किया होली मिलन कार्यक्रम

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को अपराजित होली मिलन मिथलानी समूह की ओर से परसुडीह स्थित चेशायर होम में दिब्यांगजनों के बीच होली मिलन कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें उनके द्वारा दिब्यांगजनों को अबीर गुलाल लगा कर उनके बीच लड्डू वितरित किया गया । साथ ही उन्हें उनके जरूरत के अनुसार सामग्री भी प्रदान की गई। जिससे उनके चेहरे खिल गए। साथ ही मिथलानी समूह का संकल्प सबके चेहरे पर मुस्कान लाने की होती है, पूर्ण हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती रीता मिश्रा, रंजना खां, खुशबू झा, रंजना झा, सीमा मिश्रा, अंजना झा, सरिता झा, मेघा झा, प्रीति झा, राखी चौधरी, रीता पाठक, रीति झा, अलका झा एवं अभिनव मिश्रा का भरपूर सहयोग रहा। मौके पर उपस्थित चेशायर होम की मुख्य ने मिथलानी समूह का आभार प्रकट किया। समूह ने आगे भी इसी प्रकार सहयोग करते रहने का आश्वासन दिया।



## तिरुलडीह-सुइसा के बीच टाटा हटिया मेमू पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से 1 व्यक्ति की मौत

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल मुरी रेलखंड के तिरुलडीह व सुइसा स्टेशन के बीच शनिवार को सुइसा रेलवे स्टेशन में प्रवेश करने से कुछ पहले तिलकाड़ी रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन के बीच एक व्यक्ति का शव मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर आरपीएफ, जीआरपी और सुईसा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार, टाटा-हटिया मेमू पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गयी है। मृतक का नाम मंगल कर्मकार बताया जा रहा है, उम्र लगभग 32 वर्ष, जो निमडीह थाना क्षेत्र के झिमड़ी के मुरू गांव का रहने वाला था। उसका ससुराल सुइसा क्षेत्र के एक गांव में है। हालांकि, अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ऐसा कैसे हुआ? वहीं सूचना पाकर बंगाल पुलिस घटनास्थल पर पहुचकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया भेज दिया।

## बेंझाम में 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू, भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने लिया आशीर्वाद

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड अंतर्गत आगुईडांगरा के बेंझाम टोला स्थित हरि मंदिर में आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ शनिवार को हुआ। पहले दिन शाम को भाजपा नेता सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इसमें निताई गौऊर हरिनाम सम्प्रदाय हिंजुरी, पुरुलिया, गोसाईडीह हरिनाम संकीर्तन दल गोसाईडीह बड़ाबाजार , राधा गोविंद हरिनाम संकीर्तन घाटशिला, हरि संकीर्तन सम्प्रदाय, आमड़ाबेड़ा, बाघाखुनिया हरिनाम सम्प्रदाय खातड़ा, चंदनपुर हरिनाम संकीर्तन पार्टी (अधिकारी दल), बड़ाबाजार की टीम शामिल हैं। इस दौरान कमेटी के निरंजन रजक, भक्तरंजन कुंभकार, इन्द्रनारायण महतो, भास्कर सिंह, मनोरंजन कुंभकार, जामिनि कुंभकार, अजय कुंभकार आदि उपस्थित थे।



विचार मंथन

संपादकीय

## जनादेश का लोकतांत्रिक पर्व

**जनादेश** का लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर आया है। यह ऐसा पर्व है, जब देश की आम जनता वोट देकर लोकतंत्र को जिंदा रखती है और इस तरह देश के गणतंत्र और संविधान भी प्रासंगिक रहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनावी पर्व भी व्यापक और गहरा होता है। करीब 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर 18वीं लोकसभा, विधानसभाओं और अंततः भारत सरकार का निर्वाचन करेंगे। इससे बड़ा लोकतंत्र और क्या हो सकता है? इतना विशाल और विराट लोकतंत्र अपने अस्तित्व के खतरे में कैसे हो सकता है? ये तथ्य और सत्य नहीं, फिजूल वाचाली है। भारत में जनादेश का यह उत्सव सम्यक सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता, क्षेत्र-निरपेक्षता, समन्वय, कमोबेश हिंसामुक्त और विवेकपूर्ण होता है, लिहाजा जनादेश को 'राष्ट्रीय' और सर्वसम्मत माना जाता है। जनादेश स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक साबित हो, लिहाजा देश में 81 दिन की 'आदर्श चुनाव आचार संहिता' लागू हो गई है। समूचे देश का प्रशासन अब चुनाव आयोग के अधीन आ गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री के स्तर पर भी किसी नई नीति की घोषणा नहीं की जा सकती। हमारा यह जनादेशी पर्व व्यापक और पारदर्शी इसलिए आंका जाता रहा है, क्योंकि दूरदराज गांव, इलाका और पहाड़ की चोटियों पर मौजूद मतदाता भी अपनी सरकार चुनने के लिए वोट देने को संवैधानिक आधार पर अधिकृत हैं। जो सैनिक सरहदों पर तैनात हैं अथवा जो नागरिक किसी कार्यवश अपने क्षेत्र और घर से दूर हैं, उनके मताधिकार की भी व्यवस्था चुनाव आयोग करता है। अत्यधिक बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिकों के मतदान उनके घरों पर ही सुनिश्चित कराए जाते हैं। पहली प्राथमिकता मतदान की है। बहरहाल 18वीं लोकसभा के लिए मतदान 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में कराया जाएगा। मतगणना 4 जून को ही सम्पन्न हो जाएगी, लिहाजा उसी दिन शाम तक स्पष्ट हो जाएगा कि जनादेश किसे मिला है? नई सरकार किस पार्टी और गठबंधन की बनेगी? सिर्फ जनादेश की तटस्थता और ईमानदारी के लिए आयोग 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल करेगा और 1.5 करोड़ चुनावकर्मी और सुरक्षाकर्मी जनादेश के पर्व को समानता और शांति से सम्पन्न कराएंगे। ईवीएम पर सर्वोच्च अदालत तमाम याचिकाओं को खारिज करते हुए ईवीएम को मान्यता दे चुकी है। अब इस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रलाप बेमानी है। बहरहाल इन आंकड़ों के मद्देनजर भी हमारा आम चुनाव दुनिया में सबसे बड़ा और निष्पक्षता का उदाहरण है। अलबत्ता कुछ काली भेड़ें इस पर भी कालिख पोतने का दुस्साहस करती हैं, लेकिन वे नाकाम ही रहती हैं। जनादेश का यह सौभाग्यशाली दिन होगा, जब 1.82 करोड़ युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे और जनादेश की मुख्यधारा में जुड़ेंगे। चुनाव बूथ वाले उन मतदाताओं का मुंह मीठा कराएंगे। कुल 21.5 करोड़ मतदाता, जिनका आयु-वर्ग 18-29 साल है, जनादेश के पर्व में शिरकत करेंगे। अधिकतर देशों में इतनी तो आबादी भी नहीं होती और भारत के जनादेश की इतनी व्यापक ताकत है। बहरहाल इस बार का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 और 2019 में लगातार दो राष्ट्रीय जनादेश भाजपा-एनडीए को हासिल हो चुके हैं। यदि तीसरी बार भी जनादेश उन्हीं के पक्ष में रहता है, तो प्रधानमंत्री मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समकक्ष हो जाएंगे, क्योंकि लगातार तीन बार जनादेश प्राप्त करने वाला कोई अन्य प्रधानमंत्री नहीं है। जिस दौर में यह चुनाव हो रहा है, उसमें एनडीए और 'इंडिया' गठबंधन के बीच बड़े उग्र विरोधाभास हैं, नतीजतन नफरती भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। राजनीतिक दल और नेता व्यक्तिगत आक्रमण भी कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने इस संदर्भ में एक खास सलाह दी है और दलों को संयमी, सतर्क और समभावी होने के निर्देश भी दिए हैं। ऐसा भी परामर्श दिया गया है कि जाति और धर्म पर आधारित चुनाव प्रचार न किया जाए। यदि कोई दल किसी आपराधिक व्यक्ति को उम्मीदवार बनाता है, तो आयोग के इस संबंध में भी कुछ निर्देश हैं।


दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनावी पर्व भी व्यापक और गहरा होता है। करीब 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर 18वीं लोकसभा, विधानसभाओं और अंतत: भारत सरकार का निर्वाचन करेंगे। इससे बड़ा लोकतंत्र और क्या हो सकता है? इतना विशाल और विराट लोकतंत्र अपने अस्तित्व के खतरे में कैसे हो सकता है? ये तथ्य और सत्य नहीं, फिजूल वाचाली है। भारत में जनादेश का यह उत्सव सम्यक सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता, क्षेत्र-निरपेक्षता, समन्वय, कमोबेश हिंसामुक्त और विवेकपूर्ण होता है, लिहाजा जनादेश को 'राष्ट्रीय' और सर्वसम्मत माना जाता है। जनादेश स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक साबित हो, लिहाजा देश में 81 दिन की 'आदर्श चुनाव आचार संहिता' लागू हो गई है। समूचे देश का प्रशासन अब चुनाव आयोग के अधीन आ गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री के स्तर पर भी किसी नई नीति की घोषणा नहीं की जा सकती।


### इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा

## विपक्ष के नकारात्मक प्रचार पर क्या मोदी के सकारात्मक प्रचार को मिलेगी जीत?

ललित गर्ग


चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा।


**लोकसभा** चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं- आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के



महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं। इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गड़ाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं। मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा। विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी। एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले-''गुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?'' आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है।

दृष्टि कोण

## लंबे खिंचते चुनाव और सत्ता में वापसी की संभावना का सांख्यिकीय सच!

**चुनाव** आयोग द्वारा 18 वीं लोकसभा के निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही विपक्ष इस 7 चरणीय चुनाव कार्यक्रम पर सवाल उठा रहा है। संदेह का आधार यह है कि आज जब प्रौद्योगिकी इतनी उन्नत हो गई है तब समूचे देश में ढाई महीने तक चुनाव प्रक्रिया चलाने का क्या मतलब है? 81 दिन तक आचार संहिता लगाकर विकास कार्यक्रमों पर इतने लंबे ब्रेक का क्या औचित्य है? क्या इसके पीछे किसी खास राजनीतिक दल को अपनी चुनावी किलेबंदी पुख्ता करने की मोहलत देते जाने का छुपा मंतव्य है या चुनाव निष्पक्षता से कराने का आग्रह है? राजनीतिक हलको में यह सवाल भी संजीदगी से तैरने लगा है कि चुनाव प्रक्रिया के लगातार लंबा खिंचने के साथ देश क्या अघोषित रूप से उस अध्यक्षीय प्रणाली की ओर बढ़ रहा है, जिसमें जनता राजनीतिक दल से ज्यादा उसके चेहरे पर पर दांव लगाना ज्यादा बेहतर समझती है। प्रकारांतर से यह नए किस्म का अधिनायकवाद अथवा राजतंत्र है, जो गुजरता तो लोकतांत्रिक प्रोसेस से है, लेकिन उसका मंतव्य व्यक्ति केन्द्रित सत्ता को वैधता प्रदान करना है। क्या यह चुनाव भी विचारधारा, कार्यक्रम, प्राथमिकताओं और विकास जैसे अहम मुद्दों के परे जाकर एक चेहरे को ध्यान में रखकर ही लड़ा जा रहा है? और यह भी कि किसी चेहरे विशेष पर लोकमानस की अति निर्भरता किस सत्तातंत्र की ओर इशारा करती है? सात दशकों के लोकतंत्र के बावजूद क्या भारतीय मतदाता की जड़ें अभी भी व्यक्ति आराधन से से ही सिक्त हैं। बदलाव केवल इतना है कि वंशवाद की सीमाएं लांघ कर वह अब चमत्कारी चेहरे पर केन्द्रित हो गई है। अब पहला सवाल चुनाव प्रक्रिया के असाधारण रूप से लंबा खिंचने का, इस देश में सबसे लंबा चुनाव 1951-52 में हुआ पहला आम चुनाव था, जो लगभग 4 महीने तक 68 चरणों में हुआ था। तब देश में कुल मतदाता 17.32 करोड़ थे, जिनमें से मात्र 44.87 लोगों ने ही हिस्सा लिया था। वो चुनाव लगभग एकतरफा था। नेहरू गांधी की आंधी थी। चुनाव कुल 489 सीटों के लिए हुआ था और इसमें से कांग्रेस ने 364 सीटें जीत ली थीं। मुख्य विपक्ष कम्युनिस्ट और समाजवादी पार्टी थे, जिन्हें कुल 28 सीटें मिली थीं। चुनाव लंबा खिंचने का बड़ा कारण



शायद यह था कि समूचे देश में पहली बार आम चुनाव हो रहे थे ( लोकसभा व विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए थे और 89 निर्वाचन क्षेत्रों में दोहरी जनप्रतिनिधित्व प्रणाली थी। यानी एक ही सीट से सामान्य और आरक्षित वर्ग का प्रत्याशी चुना था। दोनो के लिए अलग अलग मतपेटियां रखी जाती थीं)। पूरे देश में 1 लाख 96 हजार से ज्यादा मतदान केन्द्र थे, इनमे से 25 हजार 527 महिलाओं के लिए आरक्षित थे। लेकिन तब भी चुनाव परिणामों, चुनाव प्रक्रिया के दीर्घावधि होने तथा ऐसा करने के पीछे किसी दल को लाभ पहुंचाने की मंशा पर कोई सवाल नहीं उठे थे। तब विपक्ष बेहद कमजोर था। उस आम चुनाव में दो मुख्य विपक्षी पार्टियों ने जितनी सीटें जीती थीं, उनकी संख्या आज सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के सांसदों की संख्या की तुलना में लगभग आधी थी। इसके पांच साल बाद 1957 में हुए आम चुनाव (लोस के साथ साथ विस चुनाव भी) चुनाव आयोग ने मात्र 20 दिनो में सम्पन्न करा दिए। कम अवधि में चुनाव कराने के बाद भी कांग्रेस ही 371 सीटें जीतकर सत्ता में लौटी। यह चुनाव भी मुख्य रूप से प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की छवि और देश के नेहरूवादी विकास मॉडल को मिला जनसमर्थन था। नेहरू सरकार के मुख्य आलोचक कम्युनिस्ट और समाजवादी थे, जिन्हें चुनाव में कुल 46 सीटें मिली थीं। 1962 तक आते- आते देश में स्वप्निल नेहरूवादी सोच की आभा घटने लगी। बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई, क्षेत्रवाद जैसे मुद्दे सिर उठाने लगे। फिर भी कांग्रेस आम चुनाव में 361 सीटें जीतने में कामयाब रही। यह चुनाव भारत पर चीनी हमले के 8 माह पूर्व हो चुके थे। अगर चुनाव उस चीनी हमले में भारत की करारी हार के बाद हुए होते तो चुनाव परिणाम क्या होता, इसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है। अलबत्ता युद्ध में जीत अथवा शत्रु पर प्रत्याक्रमण सत्तारूढ़ दल के लिए हमेशा फायदेमंद रहे हैं। पं. जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद लाल बहादुर शास्त्री पीएम बने और उनके कार्यकाल में 1965 के दौरान हुए भारत- पाक युद्ध में भारतीय सेना की सफलता ने कांग्रेस को सहारा दिया। 1967 के आम चुनाव में कांग्रेस किनारे पर ही सही, 283 सीटों के साथ वापस सत्ता में आ गई। दूसरी तरफ देश राजनीतिक करवट बदल रहा था। गैर कांग्रेसवाद की भावना जोर पकड़ने लगी थी। विपक्षी पार्टियां जिनमें वामपंथी प्रमुख थे, मजबूत होने लगे थे तो दूसरी तरफ हिंदूवादी जनसंघ जैसी पार्टियों के लिए भी स्पेस बनने लगा था। धर्मनिरपेक्षता और धर्मसापेक्षता के तेवर तीखे होने लगे थे। अंतरराष्ट्रवाद और राष्ट्रवाद में टकराव तेज होने लगा था। साथ में गरीबी, महंगाई और समाजवादी सोच के प्रश्न तो थे ही। इसी दौरान श्रीमती इंदिरा गांधी ने समाजवादी और वामपंथ की ओर झुका कार्ड खेलना शुरू किया। उन्होंने पुराने कांग्रेसियों को ठिकाने लगाते हुए पार्टी तोड़ी और मध्यावधि चुनाव करवाए। इसी के साथ देश में 15 साल से चली आ रही 'एक देश, एक चुनाव' की अघोषित परंपरा भी टूट गई। इंदिराजी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। देश में चुनाव फिर व्यक्ति केन्द्रित हो गया।

कुछ अलग

## रीढ़, पायदान व पदोन्नति

**हो** सकता है कि आप मुझसे पूछें कि रीढ़, पायदान और पदोन्नति का आपस में क्या सम्बन्ध है। तो साधो! सदी के लिजलिजे महानट के पिता डॉ. हरिवंश राय बच्चन ने अपनी कविता 'मैं हूँ उनके साथ, खड़ी जो सीधी रखते अपनी रीढ़' में रीढ़ सीधी रखने वालों की विशेषताओं का वर्णन किया है। लेकिन यह निर्विवाद सत्य है कि अगर रीढ़ की सिधाई पर कोई प्रश्नचिन्ह न होता तो डॉ. हरिवंश कभी यह कविता नहीं लिख पाते। हर युग में रीढ़ और पायदान भले एक-दूसरे के विलोम नज़र आते रहे हों, पर सरकार में पदोन्नति लेने के लिए दोनों का सहोदर होना पहली शर्त है। अगर आप रीढ़विहीन हैं और हर सरकार में फुटमैट (पायदान) होने की शर्त को पूरा करते हैं तो सेवानिवृत्ति से कुछ दिन पहले भी रीढ़ दिव्यांगता की श्रेणी में विभाग के सर्वोच्च पद पर पदोन्नति पा सकते हैं। प्रकृति ने भी इसमें कोई लिंग भेद नहीं किया है। नर हो या नारी कोई फर्क नहीं पड़ता। बस आपको निर्लिप्त भाव से नेताओं और सीनियर्स के सामने बतौर पायदान बिछना होगा। कोई योग्यता न होने के बावजूद किसी विभाग का मुखिया होने के एवज़ में सौदा बुरा नहीं। सावरकर भी 15 बार माफी माँगने के बाद अंग्रेज़ों से साठ रूपल्ली की मासिक पैंशन पाने के हक़दार हुए थे। आज़ादी के अमृतकाल में यही सावरकर न केवल वीर हो गए हैं, बल्कि प्रासंगिक भी हो चुके हैं। पिछले हफ़्ते झुन्नू लाल मुझे राजधानी के सचिवालय की सीढियों पर उदास मिले। मैंने उदासी का कारण पूछा तो बोले कि मैं बाबू से अपनी उस पदोन्नति के बारे में पूछने आया था जो पिछले महीने से ड्यू है। लेकिन उसने कहा कि पहले तुम्हारे उस सीनियर की प्रमोशन होगी जिसे डायरेक्टर बनाया जा रहा है। मैंने कहा कि कम से कम यह तो बता दें कि मेरे सारे पेपर्स आपके पास पहुँच गए हैं। इस पर बाबू बोला कि बाद में आना, अभी तो सरकार रिटायरमेंट से पहले मैडम को डायरेक्टर बनाने पर तुली है। मैंने पूछा कि बनाने पर तुली है, इसका मतलब? बाबू बोला कि उसकी लियाक़त यही है कि उसने सारी उम्र राजधानी में काटी है। कभी फील्ड में नहीं रही। हर बार समय से पहले प्रमोशन लेना उसकी उपलब्धि है। झुन्नू लाल ने पूछा कि फिर मेरे साथ यह अन्याय क्यों? इस पर बाबू हँसते हुए बोला कि इसमें न्याय-अन्याय का प्रश्न ही कहाँ उठता है। बात तो तुम्हारी रीढ़ की है। क्या तुम आगे-पीछे एक सौ अस्सी डिग्री पर झूल सकते हो या तीन सौ साठ डिग्री दाएं-बाएं घूम सकते हो? अगर नहीं तो तुम्हारी प्रमोशन जब होगी, तब होगी। झुन्नू बोले कि मैं तीन सौ मील से आपके पास आया हूँ। दुबारा आना संभव न होगा। कम से कम इतना तो बता दें। बाबू गुस्से होते बोला, 'अभी मेरे पास समय नहीं। मैडम की प्रमोशन आज ही होगी। मुझे उनका केस तैयार करने दो।' झुन्नू लाल सहमते हुए बोले, 'मुझे भी यह तरीक़ा बता दें ताकि मैं भी देर से सही, प्रमोशन ले सकूं।' बाबू हँसते हुए बोला, 'अगर तुम में यह क़ाबिलियत होती तो क्यों सुदूर कबायली इलाक़े में अपनी ऐडियाँ रगड़ रहे होते। महकमे में इतने साल हो गए। कम से कम उनसे ही सीख लिया होता। उनकी नियुक्ति निक्कर वाली सरकार में हुई थी। लेकिन सरकार चाहे टोपी वाली हो या निक्कर वाली। हर सरकार में समय से पहले प्रमोशन होती रही। उनके बॉयोडाटा में हर बार समय से पूर्व प्रमोशन लेना ही उनकी एकमात्र योग्यता और उपलब्धि है। अगर इससे भी मन न भरे तो राज्य के मुख्य सचिव को देख लो। भारत सरकार के सचिवों के पैनल में न होने के बावजूद वह राज्य के मुख्य सचिव हैं। राजधानी आए ही हो तो उन सभी पदों पर नज़र मार लो, जहाँ ऐसे योग्य व्यक्ति राज्य की तरक्की के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। अगर मैंने तुम्हें कुछ ऊँच-नीच बोला हो तो मुझे क्षमा करना। पर अगर यही योग्यता मुझमें होती तो मैं आज सैक्शन ऑफिसर होने की बजाय ज्वाइंट सेक्रेटरी होता।'

देश दुनीया से

## सूरज की सौर ऊर्जा

**जीवाश्म** ईंधन और दूसरे पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों ने पृथ्वी का तापक्रम बढने और नतीजे में जलवायु परिवर्तन के संकट खड़े कर दिए हैं। अच्छी बात यह है कि दुनियाभर में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर अहर्निश काम हो रहा है। सौर ऊर्जा उनमें से एक है। इस आलेख में इसी विषय को खंगालने का प्रयास करेंगे। मानव सभ्यता प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर उन्नत तो हुई है, किन्तु हमारी ऊर्जा की खपत भी बढ़ती जा रही है। यदि इसी तरह ऊर्जा के परम्परागत साधनों का उपयोग बढ़ता गया, तो भविष्य में भयानक ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ेगा। दिनों-दिन बढ़ता वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इससे बचाव के लिए वैज्ञानिक जीवाश्म ईंधनों के विकल्पों को तलाश रहे हैं। सभी तरह के विकल्पों में सौर ऊर्जा सबसे बेहतर है क्योंकि यह सस्ती, सर्वसुलभ, निरापद, निरंतर उपयोग लाई जाने वाली अक्षय ऊर्जा है। हाल ही में मिशिगन यूनिवर्सिटी के जेटियन माई और उनके साथियों द्वारा किए गए एक शोध में उन्होंने तांबा और लोहा आधारित एक ऐसा उत्प्रेरक विकसित किया है जो सौर ऊर्जा का उपयोग कर कार्बन डाईऑक्साइड को मीथेन में परिवर्तित करता है, जिसे हम ईंधन के रूप में उपयोग कर सकते है। 'प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक तांबा-लोहा आधारित यह नया उत्प्रेरक अब तक की सबसे तीव्र दर से और सबसे अधिक ऊर्जा उत्पन्न करने वाला है। वहीं लॉस एंजेल्स, कैलिफोर्निया में एक सौदे के तहत एक विशाल सौर फार्म स्थापित किया जा रहा है जहां दुनिया की एक सबसे बड़ी बैटरी का इस्तेमाल किया जाएगा। यह शहर को 7 प्रतिशत बिजली प्रदान करेगा एवं इसकी लागत बैटरी के लिए 1.3 सेंट प्रति यूनिट और सौर ऊर्जा के लिए 1.997 सेंट प्रति किलोवाट घंटा होगी। यह किसी भी जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न ऊर्जा से काफी सस्ती है। मार्च 2019 में ब्लूमबर्ग न्यू एनर्जी फाइनेंस द्वारा 7000 से अधिक वैश्विक भंडारण परियोजनाओं के विश्लेषण से पता चला है कि 2012 के बाद से लीथियम बैटरी की लागत में 76 प्रतिशत की कमी आई है। एक अन्य अध्ययन के अनुसार 2030 तक इसकी कीमतें आधी होने का अनुमान है जो '8-मिनट सोलर एनर्जी' नामक कंपनी द्वारा लगाए गए अनुमान से भी कम है। 'ब्लूमबर्ग न्यू एनर्जी फाइनेंस' नवीन सौर-प्लस-स्टोरेज कैलिफोर्निया में तैयार करने जा रही है। इस परियोजना से प्रतिदिन 400 मेगावाट सौर संयंत्रों का जाल बनाया जाएगा जिससे सालाना लगभग 876000 मेगावॉट घंटे बिजली पैदा होगी। यह दिन के समय 65000 से अधिक घरों के लिए पर्याप्त होगी। इसकी मुख्य विशेषता यह है कि इसकी 800 मेगावॉट घंटे की बैटरी सूरज डूबने के बाद बिजली को संग्रहित करके रखेगी जिससे प्राकृतिक गैस जनरेटर की जरूरत कम हो जाएगी। भारत में कुल सिंचित क्षेत्र के लिए 2 करोड़ पंप को बिजली से तथा 75 लाख पंप को डीजल से ऊर्जा मिलती है। कृषि क्षेत्र बिजली का एक प्रमुख उपभोक्ता है। कई राज्यों में कुल बिजली खपत में से एक-चौथाई से लेकर एक-तिहाई तक कृषि में खर्च किया जाता है। यह बिजली की मांग अगले 10 वर्षों में खेती में



दुगनी होने की संभावना है। यदि इसके लिए नए विकल्प नहीं अपनाए गए तो खेती में बिजली सप्लाई की स्थिति बिगड़ती जाएगी। यदि यहां भी सौर ऊर्जा का विकल्प अपनाया जाए तो यह बिजली स्थिर कीमत के अनुबंध के आधार पर अगले 25 वर्षों तक 2.75 से लेकर 3.00 रुपए प्रति यूनिट की दर से मिल सकती है। महाराष्ट्र में सौर कृषि फीडर योजना के तहत कुल लगभग 2-3 हजार मेगावॉट के सौर संयंत्र निविदा और क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। यह करीब 7.5 लाख पंप यानी महाराष्ट्र के कुल पंप्स में 20 प्रतिशत को सौर बिजली सप्लाई करने के बराबर है। भारत स्थित क्लाइमेट ट्रेंड्स और इंग्लैंड स्थित ग्रीन टेक स्टार्टअप, राइडिंग सनबीम्स के एक नए अध्ययन से पता चला है कि भारतीय रेलवे लाइनों को सौर ऊर्जा की सीधी आपूर्ति से, रेलवे के राष्ट्रीय नेटवर्क में चार में से कम से कम एक ट्रेन को चलाने से सालाना लगभग 7 मिलियन टन कार्बन की बचत होगी। शोधकर्ताओं ने पाया कि कोयला प्रधान ग्रिड से आपूर्ति की गई ऊर्जा के बजाय सौर से आपूर्ति भी हर साल 6.8 मिलियन टन कार्बन डाईऑक्साइड तक उत्सर्जन में कटौती कर सकती है, जो देश के एक शहर कानपुर के पूरे वार्षिक उत्सर्जन के बराबर है। चीन अंतरिक्ष में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की तैयारी कर रहा है।


सौर ऊर्जा उनमें से एक है। इस आलेख में इसी विषय को खंगालने का प्रयास करेंगे। मानव सभ्यता प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर उन्नत तो हुई है, किन्तु हमारी ऊर्जा की खपत भी बढ़ती जा रही है। यदि इसी तरह ऊर्जा के परम्परागत साधनों का उपयोग बढ़ता गया, तो भविष्य में भयानक ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ेगा। दिनों-दिन बढ़ता वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इससे बचाव के लिए वैज्ञानिक जीवाश्म ईंधनों के विकल्पों को तलाश रहे हैं।


आप का नजरीया

## हिमाचल की चुनावी पड़ताल

**राष्ट्रीय** चुनाव की कसौटी के बीच हिमाचल की अपनी भी एक पड़ताल अवश्यंभावी दिखाई दे रही है। भले ही आज यानी 18 मार्च में वक्त की सूइयां सुप्रीम कोर्ट से मुखातिब हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के साथ उपचुनाव के दस्तावेज तैयार हैं। राजनीतिक घटनाक्रम किसको दगा दे गया या आगे चलकर उपचुनाव किस करवट बैठेंगे, यह कयास लगाना इतना भी आसान नहीं कि हम इसे सत्ता और विपक्ष के बीच अभी तौल सकें। यह दीगर है कि क्रॉस वोटिंग से पैदा हुई अनिश्चितता के आयाम जरूर बदल रहे हैं। क्रॉस वोटिंग से उपचुनाव तक पहुंची कांग्रेस के समक्ष लोकसभा से भी बड़ी चुनौती उस परिस्थिति में होगी, अगर उपचुनाव की अनिवार्यता में पार्टी को अपना सत्ता पक्ष बरकरार रखना होगा। चुनाव की जेब में भाजपा या कांग्रेस की दौलत भरी है या एक कातिल मौका सामने आकर खड़ा हो रहा है। कहना न होगा कि भाजपा को विपक्षी मछली का शिकार करना इतना रास आ गया है कि पहले अति सुरक्षित कांग्रेस से राज्यसभा की सीट सरेआम छीन ली और अब उपचुनाव की स्थिति में फिर से सियासी श्रृंगार का अवसर मिल गया। अब छह विधायकों का बागीपन अपनी आशंका की सुबह में नए चिन्ह तलाश करेगा। धर्मशाला, सुजानपुर, लाहुल-स्पीति, बड़सर, गगरेट व कुटलैहड़ के राजनीतिक लालन पालन में सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, रवि ठाकुर, आईडी लखनपाल, चैतन्य शर्मा व देवेंद्र भुट्टो क्या फिर से लाडले बन पाएंगे। क्या सुप्रीम कोर्ट का फैसला उपचुनाव की संभावना को खारिज कर देगा या इसकी नौबत में आकर बागी विधायकों को फिर से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करनी पड़ेगी। क्या क्रॉस वोटिंग का सम्मान समारोह आयोजित करके भाजपा अपने आंगन के फूल बदल कर, सभी के सभी पूर्व कांग्रेसियों को गले लगा लेगी। क्या भाजपा सुधीर शर्मा को लोकसभा चुनाव के मैदान पर उतारने की स्थिति में खुद को आजमा सकेगी। ऐसे में उपचुनाव में दोनों पार्टियों की आजमाइश सिर्फ चुनाव तक ही सीमित नहीं, बल्कि पार्टी के सामान्य जन तक भी होगी। भाजपा के आकाश में मोदी का प्रकाश तो है, लेकिन मुद्दों की पड़ताल में अब चुनावी बांड और इससे जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप भी रहेंगे। कांग्रेस जिन विधायकों से मुक्त होकर सत्ता का नूर बढ़ाना चाहती थी, वहां अब छह नए प्रत्याशियों की खोज, मुख्यमंत्री का ओज और सरकार के पद आबंटन का बोझ स्वयं सिद्ध होने के लिए कटिबद्ध होगा। अगर उपचुनाव की छह सीटों में कम से कम चार पर कांग्रेस जीत जाए, तो यह मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आभामंडल को राहत देगा, लेकिन यहां सारे उपचुनावों के साथ-साथ लोकसभा की चार सीटों की जीत में वह अपना एकछत्र साम्राज्य तथा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के बाद राज्य की तस्वीर में प्रभुत्व लिख सकते हैं। इसमें दो राय नहीं कि बतौर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष कांग्रेस की गारंटियों से जुड़ी वचनबद्धता रही है और अपने फर्ज में वह आगे निकले हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमियों को 27 मार्च तक करायें दुरूस्त : के. रवि कुमार

➲मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया सुगम बनाने के निमित्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया में अवस्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बी.एल.ओ. द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों की सूची एवं मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए मतदान केन्द्र जागरूकता समूह एवं स्वयंसेवकों की सूची अलग-अलग तैयार रखने, मतदाता सूची में नये मतदाता का नाम जोड़ने से संबंधित प्रपत्र 6 संग्रह कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया के ससमय निष्पादन, मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद अनुपस्थित, विस्थापित एवं मृत(एएसडी) का नाम मतदाता सूची से हटवाने संबंधित प्रक्रिया ससमय करने का निदेश दिया। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के निबंधन, मतदान केंद्रों पर रैंप को दुरुस्त करने, व्हील चेयर की व्यवस्था रखने, स्वच्छ शौचालय एवं उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था करने, शौचालय के दीवार पर पुरूष एवं महिला अंकित करने, शौचालय के रास्तों में साइनेज लगवाने के अलावा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। वहीं मतदान कक्ष में मतदान अधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य को बैठने एवं वीवीएस एवं वीवीपैट रखने की व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमियों को 27 मार्च तक दूर करते हुए मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया सुगम बनाने का निदेश दिया। **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इन मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, इचाकगढ़ (उर्दू) के मतदान केन्द्र संख्या 63, राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय, सिमरिया के मतदान केन्द्र संख्या 70, राजकीय बुनियादी विद्यालय, सिमरिया के मतदान केन्द्र संख्या 72 एवं 73 का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण के दौरान चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त रमेश घोलप सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ परियोजना प्रबंधक ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायती राज जिला परियोजना प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने पंचायत सचिव व प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ शनिवार को बैठक किया।बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव को पंचायत में सुदृढ़ीकरण कार्य नहीं होने को लेकर जमकर फटकार लगाया। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत भवन में सुदृढ़ीकरण में रात्रि प्रहरी रखना, सफाई कर्मी रखना तथा बिजली कनेक्शन रंग रोगन पर्दा शौचालय कार्य किया जाना है। वही प्रज्ञा केंद्र संचालकों को पंचायत में ही सुबह 10:00 बजे से 5:00 बजे तक रहकर कार्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रज्ञा केंद्र जिसके नाम से संचालित हैं। वही प्रज्ञा केंद्र का संचालन करेंगे। बैठक में पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय उज्जवल सिंह चितरंजन शर्मा15 में वित्त के शेखर कुमार समेत प्रज्ञा केंद्र के संचालक उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल और पिकप वैन के टक्कर में दो घायल, स्थिति नाजुक, रेफर



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सिमरिया हजारीबाग मुख्य चौथा मुख्य सड़क पर पिकप वैन और मोटरसाइकिल के टक्कर में दो युवक घायल हो गया। घायल युवक को रेफरल अस्पताल सिमरिया लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर भेज दिया गया है। घायल युवक सिमरिया थाना के सीकरी मोड़ निवासी मनोज कुमार गंझू, विनोद गंझू का नाम शामिल है। जानकारी के अनुशार दोनों युवक होली मनाने के लिए बाहर से घर आया था। घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिमरिया आ रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही पिकप वैन अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के कारण एक युवक को पैर का घुटना चूर चूर हो गया। जिसके कारण बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं पिकप वैन मौका देख घटना स्थल से भागने में सफल रहा।

## मोटरसाइकिल चालक ने राहगीर को मारा धक्का इलाज करने के दौरान मौत

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के पांडेमहुआ में पेट्रॉल पम्प समीप एक बाइक चालक ने पीछे से राहगीर को जोरदार टक्कर मार दिया।जिसे राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के तत्परता से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा था। कि उनकी मौत रास्ता में हो गई। मृत व्यक्ति गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेयमहुआ गांव निवासी महादेव पासवान बताया गया है। दुर्घटना की सूचना स्थानीय थाना को मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता उक्त स्थल पर पहुंचे। जहां शव को अपने कब्जे में ले अंतियपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।जबकि बाइक चालक व बाइक को जप्त कर थाना ले आए। बताया गया। उक्त राहगीर ब्रह्मपुर से वापस पैदल पांडेय महुआ घर आ रहा था। इसी बीच बाइक चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक चालक राजपुर थाना क्षेत्र के खिरगड़ा गांव का बताया गया।

# पत्रकार संघ ने मनाया होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड पत्रकार संघ ने शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में होली मिलन समारोह मनाया। इस अवसर पर प्रखंड के सभी पत्रकारों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली पर्व की अग्रिम बधाई दिया। इस मौके पर टंडवा प्रखंड के एकत्रित पत्रकारों ने पूरे प्रखंड क्षेत्र में शांति पूर्ण होली त्योहार मानने को लेकर सभी लोगो से अपील किया। इस मौके पर प्रखंड पत्रकार में विनय सिन्हा, रविंद्र बक्शी, वरुण सिंह, रुद्र नारायण नायक, वीरेंद्र कुमार, राजेश ठाकुर, जितेंद्र सिंह, विकास कुमार, मनीष गुप्ता, कुलदीप दास, रविंदर दास, मनोज गुप्ता, राहुल सिंह समेत प्रायोजक महेश महतो आजसू जिला कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शामिल थे।

# शहीद सहेंद्र प्रसाद का छठा शहादत दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के द्वारा शनिवार को सिमरिया थाना क्षेत्र के पगार गांव निवासी मोहन साव के सुपुत्र शहीद सहेंद्र प्रसाद का छठा शहादत दिवस पैतृक गांव में मनाया गया। बता दें कि शहीद सहेंद्र माता पिता के इकलौते संतान थे, इनके खून में देशभक्ति का जज्बा था। सन 2013 में ये आर्मी के आर्मड कोर में भर्ती होकर 8आर आर कश्मीर में सेवा दे रहे थे कि 22 मार्च 2018 को छुट्टी के दौरान सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी।पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन चतरा जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा के अगुवाई में ये कार्यक्रम किया गया। मोहन साहा ने शहीद परिवार के प्रति हर संभव मदद करने को कहा। साथ ही कहा कि शहिद कभी मरते नही बल्कि हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहते हैं। आज इन सैनिकों के चलते ही हमलोग होली व दिवाली खुशी खुशी मनाते हैं,सदस्यों ने शहीद के फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया। शहीद के पिता मोहन साव को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। शहादत दिवस में पुर्वसैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा, कोशाध्यक्ष उपकार सिंह, पुर्व मीडिया प्रभारी रमन साहु, प्रखंड उपाध्यक्ष अमृत साहु, सदस्य आशुतोष कुमार, पंचायत सदस्य सत्यनारायण प्रसाद, परमानंद प्रसाद, ईश्वरी साहु, मधेश कुमार, त्रिदेव कुमार, शिक्षक धनेश्वर प्रसाद, नागेंद्र साहु, दीपक कुमार, नारायण कुमार, अंशु कुमार, बादल कुमार, अमित कुमार, दिनेश्वर कुमार व मानकी साव शामिल थे। कार्यक्रम में शहीद के माता पिता व खपिया मिडिल स्कूल के प्रिंसिपल शम्भु रजक फुले न समाए, अंत में सभी ने मिलकर सहेंद्र प्रसाद अमर रहे, भारत माता की जयकारे के साथ शहादत दिवस का समापन किया गया।

## मुखिया ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत मंझगावां पंचायत व द्वारी पंचायत भवन में मुखिया जगदीश यादव व मुखिया सरिता देवी के नेतृत्व में वार्ड सदस्यों सहित ग्रामीणों के साथ बैठक हुई।बैठक में उपस्थित वार्ड सदस्य सहित ग्रामीणों को पंचायत में संचालित विकास योजनाओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। वहीं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने वार्ड सदस्यों के साथ एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर होली की बधाई दीया। इस दौरान संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर समाजसेवी बसंत कुमार सिंह, बबलू साव, अजय कुमार सिंह, दिग्मबर रविदास समेत कई उपस्थित थे।

## विश्व जल दिवस के अवसर पर पौधारोपण व जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर पौधारोपण का कार्यक्रम एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद महाविद्यालय में पौधारोपण कर जल दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर बल देने का आवाहन किया साथ ही साथ विश्व जल दिवस के अवसर पर जल के संरक्षण एवं बचाव के उपायों पर छात्र-छात्राओं को इस विषय पर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। महाविद्यालय के व्याख्याता गण एवं कर्मचारीगण तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में सुरेश उरांव, सोनम, मोनिका, आरती, कविता, शीतल ने सहयोग किया।

# पुराने भाजपाई और जनसंघ काल के नेताओं से मिले प्रकाश राम, होली की दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम होली त्योहार को लेकर इन दिनों पुराने और जनसंघ काल के भाजपा नेताओं से मिलने उनके निवास स्थान जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को प्रकाश राम भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता और राजकुमार पाठक समेत भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं के संग सुदूरवर्ती क्षेत्र बनहरदी, सांसग, बारी और चंदवा पश्चिमी क्षेत्र में निवास करने वाले जनसंघी और भाजपाइयों से मिलकर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन लिया। प्रकाश राम ने कहा कि आप लोगों ने जो पार्टी रूपी बीज को बोया था आज वह पार्टी वटवृक्ष का रूप धारण कर लिया है। इसके पीछे आप लोगों की निष्ठा, तपस्या और त्याग है, वहीं जनसंघ काल के नेता काफ़ी भावुक दिखे, उन्होंने कहा कि हमारी सोच को आप जैसे लोग साकार कर रहे हैं। हमलोगों का परिश्रम व्यर्थ नहीं गया। बनहरदी गांव के नंदकिशोर यादव ने उस समय की बात बताया कि पार्टी के लिए काम करने के दंड स्वरूप नक्सलियों ने उनकी पिटाई तक की थी। आज भाजपाइयों का पूरा दल मेरे घर में आया मेरा पुराना घाव भर गया। इस दौरे में पूर्व विधायक प्रकाश राम के साथ दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, आशीष सिंह, बिनय कुमार रिक्की, आशीष गुप्ता, श्रवण गुप्ता, कृष्णा कुमार, छोटू कुमार, अवधेश यादव, सुरेश यादव, देवमणि वैद्य, आशीष शाहदेव, शंकर साहू, विजेंद्र गुप्ता, रंजीत प्रसाद समेत कई लोग शामिल थे। जनसंघ काल के इन नेताओं से मिले प्रकाश राम बनहरदी के बनेश्वर यादव, नंदकिशोर यादव, सुखदेव मिस्त्री, नागेश्वर यादव, बारी पंचायत के योगेंद्र सिंह, बालेश्वर सिंह, सुरेंद्र मुखर्जी, प्रभु महतो, नंदकिशोर महतो, बिहारी साव, बीरेंद्र शाहदेव के अलावा चंदवा के राजेशचंद्र पांडेय, शंभु शरण गुप्ता, निर्मल शर्मा, महेंद्र साहू, राम जी राम वर्मा, नरेश प्रसाद गुप्ता आदि से मिले।

## चुनाव को देखते हुए सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लातेहार डीसी गरिमा सिंह के निर्देश पर बालूमाथ पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान बालूमाथ के शहीद चौक, मकईयाटांड पिकेट, अमरवाड़ीह पिकेट समेत कई जगहों पर चलाया गया। इस दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के डिक्की एवं कागजात की जांच की गई। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मादक पदार्थ से लेकर नगदी के परिवहन को रोकने के लिए विशेष नजर रखी जा रही है। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए प्रशासन चुस्त एवं दुरुस्त है।

# सीसीएल द्वारा प्रदत शौचालय कार्य में अनियमितता को लेकर बीडीओ को सौंपा आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में सीसीएल द्वारा प्रदत्त शौचालय निर्माण में घोर अनियमितता को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शनिवार को सीओ सह बीडीओ नंदकुमार राम को आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि परियोजना प्लस टु उच्च विद्यालय, बारियातु में सीसीएल द्वारा प्रदत्त शौचालय निर्माण में संवेदक द्वारा सारे नियम को ताक पर रखकर घटिया किस्म का सीमेंट इट,बालू, छड़ व अन्य सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। कार्य स्थल पर किसी प्रकार का कोई सुचना पट्ट भी नहीं लगा हुआ है। कार्य करा रहे मुंशी बीनोद लोहरा से कार्य के संबंध में प्राकलन मांगे जाने पर दिखाने से इनकार करते हैं. जिसके बाद प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा काम करने के लीए मना किया गया। परंतु समाचार लिखे जाने तक पुनः काम जारी था। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद, पदेन सचिव श्रवण कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, सदस्य योगेन्द्र पासवान, शांति देवी, सोनी देवी, शहनाज खातून, निर्मला देवी सहीत कई सदस्यों ने उपायुक्त के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम को आवेदन सौंप कर कारवाई कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग किया है। साथ ही उपायुक्त गरिमा सिंह से शौचालय निर्माण कार्य का जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ राम ने कहा कि सौचालय निर्माण मे अनियमितता को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ हैं, जांच कर संवेदक पर कारवाई की जाएगी।

# पूर्व डीसी राजीव कुमार ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिला के पूर्व उपायुक्त रह चुके राजीव कुमार ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के तस्तबार ग्राम में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की और चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई।मौके पर बोलते हुए कहा की चतरा लोकसभा की क्षेत्र की जनता की जन भवानाओ की मांग पर इस क्षेत्र से चुनाव की लड़ने का मन बनाया है। चतरा लोकसभा अंतर्गत पड़ने वाले प्रत्येक प्रखंडों एवं पंचायतों में विकास की असीम सभवानाए हैं। फिर भी इस क्षेत्र के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। आज भी इस क्षेत्र के लोग गरीबी, अशिक्षा, चिकित्सा, पलायन आदि समस्याओं से जुझ रहें रहे हैं ।प्रकृति ने इस संसदीय क्षेत्र के लोगों को प्रचुर मात्रा में संसाधन उपलब्ध करवाया है ।लेकिन इन संसाधनों को विकास के कार्य हेतू ठीक से आज तक कोई भी कार्य योजना नही बन पाई। जिसके फलस्वरूप आज यह संसदीय क्षेत्र प्राकृतिक संपदा से भरा-पूरा रहने के बावजूद भी विकास से कोसो दूर है। आज इस क्षेत्र के लोगों को लाइबीलीहुड संसाधनों के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की जरूरत है। चूंकि वो स्वयं इस क्षेत्र में कार्य कर चुके है और यहाँ के भौगोलीक वातावरण एवं रोजगार की भौगोलीक संभावनाओं से भली- भाँत्ति वाकिफ है तथा अपने कार्यकाल के दौरान विकास की कई योजनाओं को कम लागत में ही अंजाम तक पहुंचा चुके है। और यही वजह है कि इस क्षेत्र की जनता इन्हें अपनी आवाज बनते हुए देखना चाहती है। जनता कि विशेष मांग है कि आपके जैसा व्यक्तिव इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करे ताकि वास्तविक में इस क्षेत्र का विकास हो सके इन्ही जन भावनाओं का सम्मान करते हुए मैंने इस क्षेत्र का अपेक्षित विकास करने हेतु इस क्षेत्र के जनता के बीच जाने का मन बना लिया है और अगर कोई पाटी मुझे टिकट नहीं भी देती है तब भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में इस क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्प हूँ। मौके पर बसिया पंचायत मुखिया विमला देवी, मारंगलोइया मुखिया सोनमणी देवी, मुरपा मुखिया अजय टाना भगत, शेरेगड़ा पूर्व मुखिया सुरेंद्र उराँव, ईश्वर लाल, वीरेंद्र कुमार, बबलू कुमार, उदय गंझु समेत कई लोग मौजूद थे।

## महुआडांड़ जमा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन, सैकड़ों रोजेदार हुए उपस्थित



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ स्थित जामा मस्जिद जामिया नुरिया ज्याउल इस्लाम महुआडांड़ मस्जिद में शुक्रवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी का आयोजन महुआडांड़ के नौजवानो के तरफ से किया गया था।सभी ने कहा कि रमजान के प्रति एक शुक्रवार को हमलोगों के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाएगा।इससे पूर्व जुम्मा के नमाज से पूर्व इफ्तार पार्टी को लेकर ऐलान किया गया था।कि महुआडांड़ के सभी मुस्लिम धर्मावलंबी इफ्तार के समय पहुंचे और इफ्तार पार्टी में शामिल हों। वहीं इफ्तार करने से पूर्व जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती शब्बर ज्या क़ादरी के द्वारा दुवाएं की गई। मौके पर इमाम शब्बर ज्या क़ादरी ने कहा इस तरह के आयोजन होना चाहिए ताकि लोग एक जगह मस्जिद में जमा होकर इफ्तार कर सकें। इसमें लोगों को ज्यादा सवाब मिलता है।और इजतमाई तौर पर दुवाएं भी की जाती है। और इफ्तार से पहले की दुआएं कुबुल भी होती है। जिसके बाद सभी ने इफ्तार किया।इस आयोजन में मुख्य रूप से मो शबीब ख़ान फहीम खान, इस्तयाक अहमद, सहजाद आलम मोहम्मद रज़ा, शहंशाह खान, राजु खान, शमशाद अहमद समेत अन्य नौजवानो का सराहनीय योगदान रहा मौके पर हाफिज नदीम अहमद कारी अहमद रज़ा, नाईब सिक्रेट्री हब्बीबुल्लाह खान, खजांची शाहिद कमाल, नाईब खजांची, तसव्वर अंसारी, रानू खान, मोहम्मद सेराजउद्दीन,जान मोहम्मद, जुबैर अहमद, समेत सैकड़ों के संख्या में रोजेदार मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बीडीओ ने शिक्षा विभाग के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार को बड़कागांव शिक्षा विभाग के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। समीक्षा बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रत्येक बूथ में शौचालय, रैंप, पेयजल, बिजली व्यवस्था ,पंखा की व्यवस्था, फर्नीचर एवं अन्य सुविधाओं के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही यह निर्देश दिया गया की यथाशीघ्र विद्यालयों में जो कमियां उभर कर आई हैं उन कमियों को दूर किया जाए ताकि चुनाव कर्मियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो और लोकसभा चुनाव एक अच्छे वातावरण में संपादित किया जा सके। होली की शुभकामना के साथ बैठक का समापन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, बीआरपी अभय कुमार, धनंजय कुमार दास, सीआरपी अजय कुमार, राजेंद्र प्रजापति, दीपक कुमार, देवदत्त कुमार पाठक, लखनलाल महतो, तनवीर अख्तर, रामदेव साहू आदि उपस्थित थे।

# बिजली विभाग का एक्शन, 30 बिजली बिल बकायदारों का काटा कनेक्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पिछले 15 दिनों से अवैध बिजली जलाने एवं बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ बिजली विभाग के द्वारा छापामारी जारी है। शनिवार को कनीय अभियंता प्रभास कुमार के निर्देशानुसार बड़कागांव प्रखंड के पचंडा और आंगो गांव में बिजली बिल बकायदारों के खिलाफ विभाग के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान में कूल 30 बिजली उपभोक्ताओं की बिजली कनेक्शन काट दी गई है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता प्रभास कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिनका भी बिजली कनेक्शन काटी गई है वे जल्द से जल्द बकाया बिजली बिल जमा कर दें। बकाया बिजली बिल जमा



करने के उपरांत हीं आप बिजली जला सकते हैं अन्यथा पकड़े जाने पर केस दर्ज किया जाएगा। वैसे उपभोक्ता जिनका 3000 से अधिक घरेलू एवं 6000 से अधिक दुकान का बकाया बिजली बिल है वें जल्द से जल्द बिजली बिल जमा कर दें। छापामारी अभियान में मुख्य रूप से नरसिंह सोनी, अजय कुमार, टिकेश्वर कुमार, राज मुंडा, प्रकाश प्रजापति के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# मटवारी गांधी में आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में लगाया गया दो दिवसीय निशुल्क दंत जांच शिविर



**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल द्वारा मटवारी गांधी में आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में दो दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 360 जरूरतमंद एवं मरीजों का निशुल्क दंत जांच तथा उपचार हुआ। दो दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर डेंटल कॉलेज के सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा लगाया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। जरूरतमंदों को निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ दवाईयां तथा मुफ्त टुथपेस्ट एवं टुथब्रश का वितरण कर नियमित इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर में स्क्रीनिंग का उपचार भी निःशुल्क सेवा दिया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। हज़ारीबाग़ डेंटल कॉलेज सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच भी रहा है। बुनियादी उपचार से जरूरतमंद लाभान्वित भी हो रहें हैं।

# आरोग्यम अस्पताल के द्वारा रक्तदान शिविर एवं चिकित्सक स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**हजारीबाग :** आरोग्यम अस्पताल के द्वारा विष्णुगढ़ के करागालो पंचायत में रक्तदान शिविर एवं जनरल फिजिशियन स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का पर्यवेक्षण रवीन्द्र कुमार महतो पूर्व मुखिया द्वारा किया गया। स्थानीय लोगों के प्रयास से शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, इस शिविर में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर अपना हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में 41 रक्त संग्रह किया गया वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान 100 से भी अधिक मरीजो ने इसका लाभ लिया,वहीं जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। जांच शिविर में पैथोलॉजिकल जांच में हीमोग्लोबिन,ब्लड ग्रुप, हेपेटाइटिस प्रोफाइल, एचआईवी, प्रोफाइल मलेरियाएम एवं वीडीआरएल का जांच किया गया। मौके पर अस्पताल के निर्देशक सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा की रक्तदान से बड़ा जीवन में कोई दान नहीं होता हर लोगों को रक्तदान अवश्य करनी चाहिए। साथ ही कहा की जांच शिविर में 100 से भी अधिक लोगो ने जांच करवाया आने वाले दिनों में और भी भव्य रूप से रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर को एचजेडबी आरोग्यम टीम के समर्पित सहयोग से सफल बनाया गया जिसमे काउंसिलिंग किरण कुमारी ने की,तकनीशियन गौस रज़ा,ओम प्रकाश एवं मुन्ना कुमार,ब्लड बैंक मैनेजर नदीम मार्केटिंग रागिब एवं मनीष शामिल थे।

# समाजिक समरसता के साथ मनाएं होली : राजकुमार



**हजारीबाग :** केरेडारी के पचड़ा पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं जनकल्याण रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा पचड़ा पंचायत भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रभारी सह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा उर्फ बब्लू कुशवाहा शरीक हुए। अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि होली प्रेम और भाईचारा का संदेश देता है। हमें अपने मन के अंदर छिपी हुई बुराईयों का त्याग कर अच्छाईयों को अपनाने की जरूरत है।

# अंग्रेजों का ट्रेड डिस्प्यूट बिल से भी खतरनाक है केंद्र सरकार का 4 लेबर कोड - सीटू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहीदे ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के 93 वां शहादत दिवस के अवसर पर सीपीआई, सीपीएम ने धरना स्थल पर भगत सिंह राजगुरु, सुखदेव का शहादत दिवस मनाया गया. गोष्ठी की अध्यक्षता ईश्वर महतो एवं संचालन महेन्द्र राम ने किया. सी पी एम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा की 8 अप्रैल 1929 को अंग्रेजों द्वारा असेंबली में दो जनविरोधी कानून ÷ पब्लिक सेफ्टी बिल ÷ और ÷ ट्रेड डिस्प्यूट बिल ÷ लाकर पास करवाना था. उपरोक्त दोनों कानूनों के विरोध में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 मार्च 1929 को असेंबली के खाली स्थान पर बम फेंककर पर्चा बांटते हुए उपरोक्त दोनों कानूनों का विरोध किए थे. वर्तमान में मोदी सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4



लेबर कोड बनाया गया है. यह जो चार लेबर कोड बनाया गया है वह अंग्रेजों द्वारा बनाया गया ट्रेड डिस्प्यूट बिल से भी खतरनाक है. यह लेबर कोड वर्किंग आवर्स के साथ-साथ मजदूर और मजदूर यूनियनों को मिले संवैधानिक अधिकार पर करारा हमला है. यह कोड लागू हो जाने के बाद आठ के बजाय 12 घंटे का कार्य दिवस होगा, मजदूरों के कल्याणकारी योजनाएं समाप्त कर दी जाएगी, बर्खास्तगी के बाद न्यायालय जाने का अधिकार जो मजदूरों का था उसे भी समाप्त कर दिया गया है, वेतन और भत्ते भी कंपनियों के जिम्मे रहेगा. इसमे सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा. इन सब के साथ इस कानून के माध्यम से देश के मुट्ठी भर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम मोदी सरकार कर रही है जो भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के सपनों पर एक कुठाराघात है जिसे देश के मजदूर वर्ग बर्दाश्त नहीं करेगा.

# धूमधाम से मनाया गया जिला तैलिक समाज का होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला तैलिक समाज का होली मिलन समारोह शनिवार को धूम धाम से दीपूगढ़ा में मनाया गया। महिलाएं भी होली के इस समारोह में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ली और एक दूसरे को गुलाल लगाया। गुलाल खेलते खेलते सभी महिला पुरुष ने होली के गीत संगीत का भी लुत्स उठाया। तैलिक समाज के सभी जिला और प्रखंड के पदाधिकारियों को अध्यक्ष की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ विभिन्न समाज से उपस्थित गणमान्य लोगों को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, महासचिव नारायण साव, कोषाध्यक्ष अजय साव, उपाध्यक्ष रामचंद्र साव, महिला अध्यक्ष रेणुका कुमारी, महिला महासचिव रेखा कुमारी, युवा अध्यक्ष उदय साव, युवा महासचिव रामकिशोर सावंत, दशरथ साव, दिलीप साव, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष मानकी साव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

# भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के हत्थे चढ़ा बीआरपी सच्चिदानंद



**हजारीबाग :** नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, सोखा की सहायक शिक्षिका एवं प्रधानाध्यापक सह विद्यालय सचिव रीता कुमारी के द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग शाखा में बीआरपी सच्चिदानंद सिंह के विरुद्ध रिश्वत मांगने की शिकायत की थी।अपने आवेदन में उन्होंने कहा था कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, हंटरगंज ने बीआरपी सच्चिदानन्द सिंह को गत 14 मार्च को आवेदिका के विद्यालय की जांच हेतु भेजा था। जांचोंपरान्त सच्चिदानन्द सिंह के द्वारा इनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की बात बोलकर आवेदिका को डराया तथा दण्डात्मक कार्यवाही नही किये जाने से संबंधित जांच प्रतिवेदन भेजने के एवज मे बीआरपी द्वारा आवेदिका से दस हजार रूपये की मांग की। आवेदिका ने इस बाबत आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, एसीबी, हजारीबाग को आवेदन दिया था। सत्यापन के क्रम में श्री सिंह, द्वारा आवेदिका रीता कुमारी से 8 हजार रिश्वत मांगने की बात सत्य पाई गई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग की ट्रैप टीम के द्वारा दण्डाधिकारी एवं दो स्वतंत्र साक्षी की उपस्थिति में बीआरपी सच्चिदानंद सिंह को गिरफ्तार किया गया।

# होली पर्व मनाने को लेकर झरपो में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत भवन के पीछे ग्राम देवी (गवांत) के समीप होलिका दहन स्थल में निर्धारित समयानुसार शाम 3:30 बजे ग्रामीणों की उपस्थिति में होलिका दहन महापर्व सह रंग अबीर का त्यौहार होली पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता झरपो के कांदू टोला निवासी कांशी महतो ने किया। बैठक में होलिका दहन स्थल की साफ सफाई , नियमित लाइट की व्यवस्था, संस्कृतिक सामुदायिक भवन ,समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। वही झरपो पंचायत के स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ,उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपो के सहायक शिक्षक सह समाजसेवी छोटन कुमार (सर) ,डॉ.दयाल प्रसाद ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि होली हिंदुओ का प्रमुख त्यौहार है और सही मायने में पूछा जाय तो होली पर्व के साथ ही हम सनातनी हिंदू धर्म के परिवारों के लिए नया शाल संवत आरंभ होती है।।सभी एक दूसरे के साथ आपसी भाई चारे सौहद्रपूर्ण के साथ रंग अबीर गुलाल लगाकर नए वर्ष की मर्यादापूर्वक खुशियों का इजहार का त्यौहार मनाए। मौके पर सुरेश मिश्रा,प्रकाश प्रसाद,राजकुमार टेंट वाला,धानेश्वर रजक,किशुन महतो,जगदीश राम,घनश्याम शर्मा,संदीप पांडेय समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

# ओबीसी के मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करे पार्टियां : सुरेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ओबीसी समाज के प्रमुख मुद्दों को राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग को लेकर शुक्रवार को सरदार भगत सिंह के शहीदी दिवस पर सुरेश ठाकुर प्रदेश सचिव राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग झारखंड ने एक दिवसीय उपवास रखा ।कहा कि ओबीसी समाज अपने हक और अधिकार के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के नेतृत्व में वर्षो से सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करते आ रही है लेकिन किसी भी राजनीतिक दल या मंत्री के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।अब जब एक बार फिर लोकतंत्र का महापर्व आम चुनाव होने जा रहा है ऐसे में हमारी मांग है कि जिस पार्टी या दल को ओबीसी समाज के लोगों के वोटों की आवश्यकता है वो अपने घोषणा पत्र में ओबीसी समाज के प्रमुख मुद्दों को शामिल करें।

# विष्णुगढ के मंदिरों एवं विद्यालयों में होली मिलन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित सबसे पुराने निजी विद्यालय बाल विकास में आज पूरे जोशो खरोश एवं हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह के साथ मनाया गया। साथ ही आज के दिन बाल विकास विद्यालय के तमाम शाखाओं में विद्यालय के तमाम छात्रों संग शिक्षको ने जमकर होली मिलन समारोह का जश्न मनाया गया। नवनिर्माण किये जा रहे जमुनिया नदी के तट पर अवस्थित सूर्यमंदिर में समिति के सदस्यो ने होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य नवल किशोर वर्मा,उप-प्राचार्य राजेन्द्र सिंह,राजेन्द्र पाठक,बिजेंद्र प्रसाद,कृष्णा कुमार,संजना मिश्रा, पूजा सिंह,प्रमिला देवी,रिया कुमारी,रामेश्वर सिंह,आनंद राम,प्रयाग प्रसाद सोनी,शंकर गोस्वामी, बिनोद सिंहः,अजय कुमार (बब्लू),मुखिया निर्मल कुमार,शेखर सुमन,अजय प्रसाद,जगदीश बर्मन, राजेन्द्र प्रसाद सिंह,संजीव कुमार सिंह,युगल स्वर्णकार, महादेव वैध, सुरेश भगत,चमारी नायक, संजय कुमार (बबलू)सुरेंद्र नारायण सिंह,महेश नारायण सिंह, मोहन लाल बर्णवाल, शशि लाहकार, रविन्द्र कुमार बर्णवाल(दीपू भाई), त्रिवेणी स्वर्णकार, पुरन भगत, विजय प्रकाश बर्णवाल, अजय मंडल समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# विपक्ष को खत्म करने की साजिश रच रही है सरकार : खतियानी परिवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पुराना समाहरणालय के समीप धरना स्थल पर सईद अहमद की अध्यक्षता मे खतियानी परिवार की बैठक हुई। बैठक मे केन्द्र सरकार की तानाशाही पर विरोध प्रकट किया गया। कहा कि केन्द्र देश मे ज्वलंत सम्स्याओ को खत्म करने के बजाय विपक्ष पर हमले कर उसे कमजोर कर रही है।बैठक में इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा लेने वाली पार्टियों का नाम जनता के बीच सार्वजनिक करने की मांग भी की गई।साथ हीं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर भी बल दिया गया।बैठक में मो हकीम,बोधी साव, तनवीर अहमद,सुरेश महतो, विजय मिश्रा, बाबू भाई विद्रोही, अमर कुमार, रामावतार भगत, महेश विश्वकर्मा,मो मुस्तक़ीम समेत कई अन्य उपस्थित हुए।

# भामाशाह में होली मिलन समारोह का आयोजन



**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधकारी समिति के सदस्य तथा विद्यालय के आचार्य ने भाग लिया। मौके पर सभी ने एक दूसरे को अबीर लगागर व गले मिलकर नव वर्ष की अग्रिम हार्दिक बधाई दी।कार्यक्रम में अध्यक्ष अमित साहू, जिप सदस्या प्रीती गुप्ता,विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, दिनेश साहू, विहिप प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, रोहित कुमार, सुरेश साहू, शीतल साहू, सूरज कुमार तथा राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ के सदस्य गण उपस्थित रहे। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# होली मिलन समारोह में जमकर थिरके भाजपाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पूर्वी तथा पश्चिमी मंडल की ओर से होली के सुअवसर पर झारखण्ड वैवाहिक भवन में एनडीए के सहभागियों की उपस्थिति में पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मिलन सामारोह का भव्य आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह आयोजन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की।होली मिलन समारोह में बतौर मुख्यातिथि तिवारी महतो,विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने होली के सुअवसर पर तमाम प्रखण्ड वासियों को होली की शुभकामनाएं दी। सम्बोधन के पश्चात सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए,होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। इस मौके पर मातृशक्ति ने होली के गीत गाकर जमकर होली का लुत्फ उठाया। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ पूरे जोश में होली



मिलन समारोह के दौरान मोदी जिन्दाबाद,मनीष जायसवाल जिन्दाबाद,अबकी बार चार सौ पार के साथ पूरे जोश नारे लगाते दिखे।रंग गुलाल लगाने के पश्चात बने व्यंजनों का सभी ने जमकर लुत्फ उठाया।होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि माण्डू विधानसभा में पिछले चुनाव में एनडीए को 1,65,000 वोट मिले थे,इस बार हमसबों को मिलकर वोटो की संख्या बढ़ाते हुए इसे 200000 पार करना है। इस मौके पर मुख्य रूप से महामंत्री सुमन कुमार,मंत्री अरविंद कुमार पप्पू,साँसद प्रतिनिधि मधुसुदन प्रसाद,साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन गुप्ता,महिला मोर्चा जिला मंत्री रीना बर्मन,आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल,मंत्री निर्मल कुमार,राजेश सोनी,हरि यादव,पूर्व साँसद प्रतिनिधि शम्भूनाथ पांडेय,डूमर चंद महतो,महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सीमा देवी,पिंकी चौरसिया,मालती देवी,रिया देवी,शंकर स्वर्णकार,रविन्द्र कुमार बर्णवाल(दीपू भाई), आनंद कुमार पाठक,एके सिंह, निर्मल कुमार, सोबरन भगत, मोहन बर्णवाल, मनोज बर्णवाल,जगदीश बर्मन, दीपक रजक, प्रवीण कुमार महतो समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थी।

# बिरसा मैदान चरही वीर कुंवर सिंह भवन में ख़ातियानी परिवार का होली मिलन समारोह मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** शनिवार को चरही बिरसा मैदान वीर कुंवर सिंह भवन में खतियानी परिवार के ओर से होली मिलन समारोह आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह के अध्यक्षता बाबूलाल महतो वही संचालन घनश्याम करमाली ने किया। होली मिलन समारोह आपसी भाईचारगी का पैगाम देता है वही ख़ातियानी परिवार द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल और मिठाई खिलाकर होली का मुबारकबाद एक दूसरे को दिए । वही मुख्य रूप से हेमलाल महतो गुरदयाल भुइयां अकल मियां उमेश कुमार सिंह लालचंद महतो सुकर ठाकुर मेघनाथ करमाली तपेश्वर रविदास दिनेश रविदास शिवा रविदास कैलाशपति महतो चिंतामणि रविदास बालेश्वर महतो जवाहिर करमाली अलाउद्दीन अंसारी कुंवर सिंह गुड्डु महतो अजय महतो कुलदीप कुमार महतो बिरजू ठाकुर दिनेश कुमार भुइयां प्रदीप भुइंया कुलेश्वर भुइंया जगलाल महतो निर्मल महतो सहदेव करमाली सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# रामनवमी संरक्षण समिति ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के धार्मिक आस्था का केंद्र बिंदु बड़ा अखाड़ा प्रांगण में रामनवमी संरक्षण समिति के तत्वाधान होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया द्य होली मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान ने किया होली मिलन समारोह में रामनवमी संरक्षण समिति के संस्थापक सदस्य संरक्षक सदस्य सहित रामनवमी संरक्षण समिति से जुड़े सैकड़ो सदस्यों ने भाग लिया वही हजारीबाग की प्रख्यात रामनवमी के महासमिति के दर्जनों पूर्व महासमिति अध्यक्षों ने भी भाग लिया होली मिलन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर वह गले मिलकर होली की बधाई दी वहीं सामूहिक रूप से बैठकर लोग पारंपरिक व्यंजन का लुक भी उठाया एवं होली के धार्मिक व फिल्मी गानों पर थिरकते नजर आए द्य बताते चले की हजारीबाग की विश्व विख्यात रामनवमी का आगाज होली पर्व के समापन के साथ हो जाता है द्य भाभी होली मिलन समारोह के आयोजन पर रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा की होली पर्व आपसी प्रेम भाईचारे सौहार्द का प्रतीक है , हजारीबाग सहित राज्य व देशवासियों से अपील करते हुए रामनवमी संरक्षण समिति श्री प्रधान ने कहा की आपसी भाईचारे हर्षोल्लास के साथ होली रामनवमी त्योहार मनाए वहीं लोकतंत्र के महापर्व अर्थात लोकसभा के चुनाव के लिए लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा की शत प्रतिशत मतदान कर मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं द्य मौके पर संरक्षण समिति संस्थापक सदस्य महंत विजयानंद दास प्रमेश्वर मेहता जम्मू नेता कमल नयन सिंह दिलीप वर्मा राजेश गोप ,कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह राजकुमार यादव निशांत प्रधान धर्मेंद्र शुक्ला मोहन कुमार केदार कुमार,अनमोल साव, कृष्ण यादव , ओम प्रकाश सिन्हा ,अमरेश कुमार सिंह , राजीव रंजन , निशिकांत कुमार , श्रीकांत कुमार सहित हजारीबाग शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़-पतरातू मुख्य मार्ग में आर्मी स्कूल के आगे डिवाइडर पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग में बंजारी रोड आर्मी स्कूल के आगे एक अज्ञात व्यक्ति का शव डिवाइडर में पड़ा मिला। सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले लोगों ने देखा तो तुरंत रामगढ़ थाना को सूचना दिया। काफी देर के तक पुलिस नहीं आने पर लोगों ने इसकी जानकारी रामगढ़ एसपी को दी रामगढ़ एसपी ने तुरंत रामगढ़ पुलिस को भेजा । रामगढ़ पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का शव को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार व्यक्ति की उम्र लगभग 40 वर्ष की है ऊपर नीला कलर का टी शर्ट पहना है और नीचे कुछ भी कपड़ा नहीं पहना था लोगों ने मृतक के शरीर को कपड़े से ढक दिया। पुलिस के अनुसार वह व्यक्ति दिमागी रूप से कमजोर था पुलिस ने शव को सदर अस्पताल भेज कर डी फ्रीजर में शव को रख दिया। और शव की पहचान की जा रही है।

### पुलिस ने वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र से चोरी हुई दो बाइक को बरामद किया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ जिला के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र से चोरी हुई दो मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया हैद्य वहीं पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया हैद्य उपरोक्त बातों की जानकारी पुलिस द्वारा बयान जारी कर दिया गया हैद्य रामगढ़ जिला के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के टाटा हॉस्पिटल के निकट से एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल मुकुंदबेड़ा स्थित क्वार्टर से एक ग्लैमर मोटरसाइकिल की चोरी पिछले दिनों हुई थीद्य इस संबंध में वेस्ट बोकारो मांडू में प्राथमिक की दर्ज की गई थीद्य इस संबंध में रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ने और मोटरसाइकिल बरामद करने के लिए एक टीम का गठन कियाद्य जिला के पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीम मोटरसाइकिल बरामद करने के लिए लगातार छापामारी करना आरंभ कियाद्य इस बीच जिला के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार को गुप्त सूचना मिली और उनके बताए जाने के बाद 24 वर्षीय सुभाष कुमार यादव पिता वासुदेव यादव मयूरहंड चतरा के रहने वाले को गिरफ्तार किया गया द्य वर्तमान में सुभाष यादव वेस्ट बोकारो मांडू में ही रहा करता था द्य पुलिस द्वारा गिरफ्तार सुभाष यादव से लगातार पूछताछ किए जाने के बाद उन्होंने चोरी की में संलिप्त होने की बात स्वीकार कर लीद्य अभियुक्त के बताए स्थान पर छापामारी कर चोरी गए दोनों बाइक को बरामद कर लियाद्य वहीं पुलिस ने गिरफ्तार सुभाष यादव को जेल भेज दिया हैद्यबताया गया कि छापामारी में रामगढ़ पुलिस ने स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल नंबर जे एच 02 इ 0132 और ग्लैमर मोटरसाइकिल नंबर जेएच 21 के 5238 को बरामद कर लिया हैद्य छापामारी दल में पुलिस अधिकारी सदानंद कुमार,संजय बेदिया,रंजीत कुमारऔर सशस्त्र बल के जवान शामिल थेद्य

### रजरप्पा पुलिस ने एक बड़े चोरी के मामले का किया उद्भेदन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के रजरप्पा थाना क्षेत्र में हुई एक बड़ी चोरी के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया हैद्य जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिला के रजरप्पा थाना क्षेत्र के रहने वाले दीपक कुमार जायसवाल सिकनी रजरप्पा के रहने वाले की आवाज से लगभग 10 लख रुपए के जेवरात की चोरी हुई थीद्य इस संबंध में दीपक जायसवाल ने 16 मार्च को रजरप्पा थाना में एक प्राथमिक की दर्ज कराई थी द्य इस बात की जानकारी सामने आते ही जिला के पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ के एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन कियाद्य स्टीम ने सपा के निर्देश पर छापामारी अभियान आरंभ कियाद्य गुप्त सूचना के उपरांत एसपी द्वारा गठित टीम ने सीकने के रहने वाले 20 वर्षीय हर्षित कुमार जायसवाल पिता दिलीप कुमार जायसवाल, दूसरे युवक 20 वर्षीय राज वर्मा पिता भरत वर्मा सिकनी रजरप्पा के रहने वाले को हिरासत में लिया गयाद्य पुलिस द्वारा शक्ति से पूछताछ किए जाने के बाद दोनों ने अपनी गुनाह को कबूल कियाद्य चोरी किए गए आभूषण से पाए गए रुपए से खरीदे गए लैपटॉप को जप्त किया गया द्य चोरी किए गए आभूषण सुकरीगड़ा लारी के रहने वाले 45 वर्षीय सुभाष कुमार के पास बेचा गया द्य आभूषण बेचकर हर्षित कुमार जायसवाल ने प्राप्त किए गए ?80000 को बैंक में रखा द्य पुलिस ने उक्त अकाउंट को फ्रिज करवा दिया है द्य पुलिस ने तीनो गिरफ्तार किया व्यक्ति को जेल भेज दिया हैद्य वही उनसे बरामद किए गए लैपटॉप,मोबाइल फोन को जप्त कर लिया गया हैद्य छापामारी दल में रामगढ़ के एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे,पुलिस अधिकारी अशोक कुमार, नवीन होरो,रंजीत कुमार महतो और अन्य शामिल थे ।

### अरगड्डा में स्कूली बच्चों ने मनाई होली, आपसी भाईचारे का दिया संदेश

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के नव प्राथमिक, मध्य विद्यालय हाई स्कूल के प्रांगण में स्कूली छात्रों ने अबीर गुलाल लगाकर अपने बंधु बांधवों को होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही रंगों का त्योहार होली के लिए भाईचारगी का संदेश दिया। बच्चों ने सभी से सादगी और शांतिपूर्वक होली मनाने की अपील की। वही नव प्राथमिक विद्यालय अरगड्डा नीचे धौड़ा के बच्चों ने भी नन्हे हाथों से गुलाल लगाकर होली सुरक्षा के साथ मनाने की बातें कहीं। इधर होली को लेकर विद्यालय तीन दिनों के अवकाश पर छुट्टी की घोषणा भी हो गई। मौके पर प्रधानाध्यापिका सबिता कुमारी, संयोजिका नसीमा खातून, रसोईया अनिता कुमारी, अरुणा कुमारी, देवांशु कांत, परी कुमारी, पूर्वी कुमारी, ऋषि मुंडा, कली कुमारी आदि उपस्थित थे।

## किसान मजदूर संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को किसान मजदूर संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन पुरानी डेली मार्केट सब्जी मंडी में की गई। जिसमें संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद को महा मूर्खा धीरज की पदवी दी गई एवं संघ के सचिव घनश्याम महतो को मूर्खा धीरज की उपाधि दी गई एवं संघ के उपाध्यक्ष अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा को महामूर्ख धीरज की उपाधि दी गई मनसंचालन संदीप कुमार द्वारा की गई होली मिलन समारोह में संघ के अध्यक्ष सचिन एवं उपाध्यक्ष अतिथियों के द्वारा होली की शुभकामनाएं दी गई। इस होली मिलन समारोह में सभी दुकानदार एवं संघ के सभी पदाधिकारी सदस्य उपस्थित



हैं जो इस प्रकार हैं कपिल कुमार सुधीर कुमार सावन कुमार अमित कुमार जगदीश महतो उमेश साहू राजेश कुशवाहा सूरज साहू जितेंद्र साहू गोविंद कुमार बसंत कुमार धनु प्रसाद मिथिलेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## गोलपार जमा मस्जिद में दावते आम इफ्तार का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ गोलपार जमा मस्जिद में दावते आम इफ्तार पार्टी फजलु खान के द्वारा दी गई इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए और एक साथ बैठकर दावतें इफ्तार में रोजा खोले वही गोल पार जमा मस्जिद के इमाम हिंदुस्तान की सलामती और आपसी भाईचारा सौहार्द अमन शांति उन्नति के लिए दुआएं की वही मौके पर आरिफ



कुरैशी, खुर्शीद अहमद कुरैशी उर्फ आजाद सिंह ग्यास खान, वजूल खान, दानिश रजा खान, रिजवान माजिद, आसिफ इकबाल, नन्नू खान, वसीम कुरैशी, पिंकू खान, लारा, बाबू खान, तनवीर आलम, अमजद, दाऊद खान,आजाद, समीम हबीबी, इमरान, पप्पू, सुंदर अंसारी वगैरा-वगैरा उपस्थित थे।

## भुरकुंडा पुलिस ने होली व लोकसभा चुनाव को लेकर ओपी छेत्र के कई एरिया मे किया गया फ्लैग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी पुलिस ने वरिया पदाधिकारी के निर्देश पर होली और आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त माहौल में होली और चुनाव हो इसे ध्यान में रखते हुए फ्लैग मार्च किया। भुरकुंडा ओपी के स द्ध निर्भय गुप्ता और उपलब्ध केंद्रीय बल के साथ सीआरपीएफ के करीब 60 से 70 की संख्या में सशस्त्र बल के साथ ही साथ



पदाधिकारी के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। ओपी क्षेत्र के सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सायल, सेन्ट्रल सौंदा के साथ विभिन्न संवेदनशील जगहों मे जाकर फ्लैग मार्च किया गया

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण मे धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत कुलाधिपति महोदय बी. एन. साह ने विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी के चित्रों पर भावपूर्ण वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस समारोह में पदाधिकारीगण, शिक्षकगण एवम छात्र छात्राओं ने एक -दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाया। और एक दूसरे



को गले मिलकर होली की हार्दिक बधाई दी साथ ही कीर्तन मंडलियों के द्वारा जोरदार प्रदर्शन पर सभी झूम उठे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा की होली पर्व आपस मे भाईचारा ,प्रेम एवम एकता का प्रतीक है।राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी ने विश्वविद्यालय परिवार को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने सभी शिक्षकों एवम छात्र- छात्राओं को होली पर्व की बधाई दी और कहा की यह समारोह रंगो के खेल के साथ -साथ राधा और कृष्ण के प्रेम का उत्सव भी है जो होली के त्यौहार के मूल में छिपा है।कार्यक्रम के अंत में सभी ने विभिन्न प्रकार के मिठाइयों का आनंद लिया। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ.संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ.अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, मीडिया प्रभारी डॉ संजय सिंह,प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार , एडमिशन इंचार्ज अर्चना कुमारी ,विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण , एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## जेपी पटेल के कांग्रेस में आने से हजारीबाग लोकसभा संसदीय सीट में इंडिया गठबंधन की जीत होगी : सुधीर मंगलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने रांची एयरपोर्ट पहुंचकर विधायक जेपी पटेल के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर बुके व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जबरदस्त मजबूती मिली है। हजारीबाग लोकसभा सीट पर अब कांग्रेस उम्मीदवार की जीत का रास्ता भी तय हो गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के माटी के सपूत और झारखंड अलग राज्य आंदोलन



के अग्रणी योद्धा पूर्व सांसद स्वर्गीय टेकलाल महतो के वे सुपुत्र हैं। आने वाले समय में पूरे राज्य स्तर पर कांग्रेस पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। उनके कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जेपी पटेल को बधाई देने वालों में उतम कुमार छोटन कुमार युगल किशोर महतो रामप्रसाद महतो शुभम कुमार करमू कुमार लिलेश्वर महतो महेंद्र ओहदार राजकुमार महतो दशरथ साव आदि।

## न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला में होली मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा नईसराय मुख्य मार्ग हेसला में स्थित न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के सभी क्लास के बच्चे , शिक्षक , प्रधानाध्यापक स्कूल के संस्थापक मौजूद रहे। सभी बच्चों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली मनाया । साथ ही स्कूल के सभी टीचरों को भी बच्चों के द्वारा एवं शिक्षक ने बच्चों को अबीर लगाकर होली का



त्यौहार मनाया। इस होली मिलन समारोह में 200 बच्चों भाग लिया था। बच्चें उत्साह से उत्प्रोत थे। बहुत ही अच्छे ढंग से विद्यालय परिवेश में होली मिलन समारोह आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षक गण एवं अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल के 53 बच्चों को ओलिंपियाड में मिला पदक

## 6 बच्चे ऑल इंडिया टॉप 100 में शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के बच्चों ने ओलिंपियाड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। अलग-अलग विषयों की परीक्षा में 53 बच्चों ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मैडल अपने नाम कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। रीजनिंग में सृष्टि कुमारी को ऑल इंडिया रैंक 48 मिला है। इसी प्रकार अरिशा इस्लाम को 49, इंद्रमणि कुमार को 53, अर्शित गुप्ता को 67, पलक कुमारी को 68, अदीबा हुसैन को 69 वां रैंक मिला है।इसके अलावा अंकुश कुमार, तेजस झा, विक्की कुमार, इश्वांस सिंह, आलीशान खान, अनुष्का कुमारी, दीपिका कुमारी, युवराज भारती, देव यादव, मयूर कुमार, प्रिया कुमारी, रिया भारती, एंजेल वर्मा, आराध्या कुमारी, मो अनस, अनुराधा कुमारी, प्रियांशु कुमार, राज कुमार, पवन कुमार, अंशदीप अग्रवाल, सागर पांडेय, विराट राणा ने ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल प्राप्त किया।बच्चों की सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि अच्छी शिक्षा बच्चों का भविष्य बनाने में सहायक होती है। इसलिए हम अपने बच्चों को एक अच्छा वातावरण प्रदान करते हुए उन्हें हर दिन कुछ नया सिखाने की कोशिश करते हैं। आज बच्चों ने अपनी सफलता से सबका मान बढ़ाया है। ओलिंपियाड की परीक्षाएं बच्चों में तार्किक शक्ति को बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करती है। इसी सोच के साथ विद्यालय में प्रत्येक सत्र में नियमित रूप से ओलिंपियाड की पढ़ाई और तैयारी कराई जाती है।प्राचार्य ने बताया कि नए सत्र की शुरुआत में अप्रैल महीने में सभी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

## जनता मजदूर संघ यूनियन सदस्यों ने जीएम अरगड्डा से मुलाकात कर 6 बातों पर की चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** जनता मजदूर संघ के यूनियन सदस्य व पदाधिकारी का दल अरगड्डा जीएम एसके झा से शिष्टाचार मुलाकात किया। अवसर पर यूनियन सदस्यों ने चर्चा में 6 प्रकार की बातें रखी। इसमें क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों का प्रमोशन टाइम टू टाइम होने, अंडरग्राउंड में कामगारों को ओपन कास्ट रोल में समाहित करने, अरगड्डा डब्ल्यूटीपी प्लांट का पानी शुद्धिकरण जल्द करने, अरगड्डा क्षेत्र के सभी कॉलोनी एवं चौक चौराहा का सड़कों का रिपेयर निर्माण करने, अरगड्डा काजू बागान जल्द खोलने की प्रक्रिया करने, अरगड्डा क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले इलाके में स्ट्रीट लाइट लगाने पर जोर दिया गया। वहीं प्रबंधन ने भी इसे लेकर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। यूनियन दल में मजदूर संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश उपाध्याय, क्षेत्रीय सचिव दीपक कुमार, जनता मजदूर संघ के नवनिर्वाचित सदस्य रामजी सिंह, सिरका यूनिट सचिव मनोज पाल, गिद्दी ए सचिव अरविंद उपाध्याय, शिव शंकर कुमार, सुशील पांडे, मंटू राय, मुन्ना त्रिपाठी समेत कई यूनियन सदस्य उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में मनी फूलों की होली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** होली के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण विद्या मंदिर प्रबंधन समिति एवं स्कूल के शिक्षक नॉन टीचिंग स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के बीच आज धूमधाम से होली महोत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों द्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल को महामूर्खधीरज की उपाधि से सुशोभित करते हुए उनको सब्जी का ताज बनाया गया एवं नींबू व मिर्च की माला पहनकर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सचिव विमल किशोर जाजू संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल, महावीर बोंदिया एवं अन्य का लोग उपस्थित थे उन सब को भी सब्जी की माला पहनकर



स्वागत किया गया।शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा रंगीली होली के गीत गाए गया एवं रंग अबीर लगाकर सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि होली एक भाईचारा का त्यौहार है जिसे खुशनुमा माहौल मे हम सभी को एक दूसरे के साथ रंग अबीर लगाकर खेलना चाहिए यह एक ऐसा त्यौहार है जिसमें हम सभी छोटे-बड़े एक दूसरे के सभी भेदभाव भूलकर एक दूसरे को गले लगाते हैं और होली मनाते हैं इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य द्विवेदी ने कहा कि रंग एक उत्सव का त्यौहार है जिसे सभी को उत्सव पूर्वक मानना चाहिए अंत में स्कूल कमेटी के प्रशासक एसपी सिंह ने धन्यवाद देकर कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## स्वर्गीय दिलीप यादव की 8वी पुण्यतिथि भावपूर्ण मनाई गई, श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में शनिवार को उरीमारी के पुर्व मुखिया सह समाजसेवी एवं मजदूरों के मशीहा स्वर्गीय दिलीप यादव की 8वी पुण्यतिथि भावपूर्ण मनाई गई। वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि एवं राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव,चाचा गोपाल यादव, आयुष यादव,अनिरुद्ध यादव, अभिषेक यादव, अनिमेष यादव, अशोक यादव एवं घर के सभी सदस्यों ने स्वर्गीय दिलीप यादव के चित्र के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया।वहीं यह पुजा पुरोहित अनिल पांडेय ने कराया। वहीं इस पुण्यतिथि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह रहे। वहीं सभी अतिथियों ने एक एक कर स्वर्गीय दिलीप यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि रामेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप यादव मजदूरों के सच्चे मसीहा थे उन्होंने यहां उरीमारी के लिए कई पुनीत कार्य किये है। उनके द्वारा किए गए कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं इस मौके पर उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार,बिरसा पीओ डी शिवा दास, सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, हेन्देगीर पीओ रामेश्वर मुंडा, विन्ध्याचल बेदिया, झामुमो नेता संजीव बेदिया, सोनाराम मांझी, सुखदेव प्रसाद, गजानंद प्रसाद, बासदेव साव, अशोक शर्मा, देवेन्द्र कुमार, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा,डा जीआर भगत, सीताराम किस्कू, मुखिया चरका करमाली, गणेश राम, अशोक गुप्ता, संजय वर्मा, रामाकांत दूबे, अनिल सिंह,एम पी गुप्ता, सुनील कुमार, राजेश प्रियदर्शी,पंसस गीता देवी, कानू मरांडी, महादेव बेसरा, विश्वनाथ मांझी, मुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र यादव, विस्थापित नेता दशई मांझी, कार्तिक मांझी,सुरज बेसरा,कंचन मांझी,लालो महतो, वाल्मीकि यादव, दीपक विश्वकर्मा, टहल गोप,मेघन यादव, आरजेडी नेता संतोष यादव, मुखिया जानकी ठाकुर, सुषमा श्रीवास्तव, सीतामुनी देवी,फुलमती किस्कू, तेतरी देवी, शांति देवी,फुलमुनी देवी,मो फिरोज, विस्थापित नेता संजय करमाली,विजय करमाली, उपमुखिया सतीश कुमार, राजेन्द्र यादव, राजकुमार सिंह, भोला रविदास,लखन साव,जतरू बेसरा,अजय कुमार मिश्रा, संजय यादव,मो असलम,मो हसन मियां, रवि पावरीया,सीगू मांझी, मनाराम मांझी, अनिल सिंह, हीरालाल महतो, महेश करमाली, विश्राम सोरेन,कजरू उरांव, भोला यादव,दीपक कुमार यादव, राधेश्याम बैठा, रामदुलार साव, सीबू ठाकुर, लालदेव सोरेन, मनीष बेदिया, श्याम बेदिया,मनु टुडू,दशाराम हेम्ब्रोम, राजेन्द्र किस्कू, राकेश यादव,राम जी, नरेश करमाली, दिनेश करमाली, रंजीत करमाली, मनोज कुमार, गोपाल राम, राजू पासवान, बिनोद प्रजापति, गिरधारी प्रजापति, महेश गंझू,चन्दू जायसवाल,नथू प्रसाद, रोहित यादव, सुमित सरकार, भक्ता चरण भुइयां आदि लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# होली की मस्ती में बच्चों का रखें ख्याल



होली की मस्ती में बच्चों का ख्याल रखें क्योंकि बच्चों के लिए होली का खास महत्व होता है और बच्चे इस त्योहार में जमकर मस्ती करते हैं। होली बच्चों का मनपसंद त्योहार भी होता है। बच्चे कई दिन पहले से ही हाथों में पिचकारी लेकर होली के रंग में रंग जाते हैं। लेकिन इस मस्ती और जोश में बच्चे अपने स्वास्थ्य के प्रति बिलकुल लापरवाह हो जाते हैं। केमिकलयुक्त रंग और गुलाल जो कि देखने में खूबसूरत होते हैं हमारी आंखों और त्वचा के लिए नुकसानदायक होते हैं। अगर बच्चों के खान-पान पर भी ध्यान नहीं दिया गया तो बच्चों का हाजमा बिगड सकता है। मस्ती के इस त्योहार में अगर बच्चों का ख्याल आप नहीं रख पाये तो होली का मजा किरकिरा हो सकता है। इसलिए बच्चों को होली के दिन बाहर रंग खेलने जाने से पहले पूरी तरह सावधानी बरतना जरूरी है। हम आपको बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कुछ टिप्स बता रहे हैं।

### होली में ऐसे करें बच्चों की देखभाल -

होली में आपका बच्चा अपनी पिचकारी के साथ घर से निकले तो यह जांच लीजिए कि वह केमिकलयुक्त रंगों का प्रयोग तो नहीं कर रहा है। इन खतरनाक रंगो के इस्तेनमाल से त्वचा में जलन, गंजापन, एलर्जी होने की गुंजाइश रहती है। बेहतर होगा कि बच्चों को हर्बल रंग खरीद कर दीजिए।

होली की मस्तीद में बच्चे यह भूल जाते हैं कि उनको अपने पडोसियों के साथ कैसा व्यहवहार करना चाहिए। बच्चों को समझाइए अगर कोई रंग नहीं खेलना चाहता या बीमार है तो उससे जबरदस्ती न करें।

कई बच्चे जब आपस में मिलकर एक साथ होली खेल रहें हों तो कोशिश यह कीजिए आप वहां पर मौजूद रहें। बच्चों पर हमेशा ध्यान रखें की कहीं उनके आंखों या फिर मुंह में रंग न चला गया हो।

» बच्चे के पूरे शरीर में सरसों के तेल का लेप या माश्चराइजर क्रीम लगा दीजिए, इससे रंग जल्दी छूटता है।

» होली खेलने से पहले बच्चे को ऐसा कपडा पहनाइए जिससे उसका पूरा शरीर और बाल ढकें हों। बच्चों को नए कपडे की बजाय पुराने कपडे ही पहनाएं क्यों कि नए कपडे ज्यादा रंग सोखते हैं।

» बच्चों के साथ घर में होली खेलने की बजाय किसी पार्क या खुले स्थान का ही प्रयोग कीजिए।

» कुछ बदमाश बच्चे होली में रंगो के बजाए गंदगी का प्रयोग करते हैं। अगर आप के बच्चे भी अंडा, मिट्टी, नाले या गंदे पानी का प्रयोग करना चाहें तो उनको तुरंत रोकिए।

» वह बच्चे जिनको चोट लगी हो या फिर मुंहासे आदि हों तो उन्हें डॉक्टार से सलाह लेकर ही होली खेलने दें। कुछ रंग इतने हानिकारक होते हैं कि वह त्वचा के माध्यम से अंदर प्रवेश कर शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

» होली में बच्चों को रसायनयुक्त रंगों की बजाय घर में ही ईको फ्रैंडली रंग बनाकर दीजिए।

» बच्चों को गुब्बारों में रंग भरकर होली न खेलने दीजिए। क्योंकि कई बार गुब्बारा फूटने से चोट लग सकती है और रंग आंखों में जा सकता है।

बच्चे अक्सर होली खेलते-खेलते कुछ खा लेते हैं जिससे रंग पेट में चला जाता है और खतरनाक साबित हो सकता है। होली खेलने का असली मजा तभी है जब बच्चों के साथ प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करके सुरक्षित होली खेली जाए।

## होली में अपनी त्वचा बालों को न करें नजरअंदाज



होली में लोग इस कदर रंगों में सराबोर हो जाते हैं कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि ये रंग आपके चेहरे व बालों के लिए कितना नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए होली खेलने से पहले व बाद में आपकी त्वचा को खास ख्याल की जरूरत होती है। होली खेलने के बाद भी त्वचा बहुत रुखी हो जाती है। आईए जानें होली पर कैसे रखें अपनी त्वचा का खास ख्याल।

»होली खेलने से पहले अपने हाथ-पैर, चेहरे, और शरीर पर अच्छे से नारियल या सरसों का तेल या बॉडी लोशन लगा लें।

»बालों को रंगों से बचाने के लिए नारियल तेल, सरसों के तेल या जैतून के तेल अच्छे से लगाएं।

»रंग खेलने के बाद नहाने के लिए मुल्तानी मिट्टी का प्रयोग कर सकते हैं। त्वचा पर भिगोई हुई मुल्तानी मिट्टी लगाएं और थोड़ी देर सूखने दें। फिर उसे धो लें। इससे रंग छुड़ाने में काफी मदद मिलेगी।

»संभव हो तो बालों को रंगो से बचाने के लिए बालों को ढककर होली खेलें।

होली में रंग रोमछिद्रों में चले जाते हैं। ऐसे में आप चेहरे पर भाप ले सकती हैं जिससे रोमछिद्र खुल जाएंगे और रंग आसानी से निकल जाएगा।

»शरीर से रंगों को छुड़ाने के लिए सौम्य साबुन का इस्तेमाल करें।

»बालों से रंग निकालने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। शैंपू के बाद कंडीशनर लगाना नहीं भूलें।

»रंग खेलने के बाद नहाने के लिए गर्म पानी की बजाय ठंडे पानी का इस्तेमाल करें।

»रंग छुडाने के लिए आप उबटन का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे त्वचा को कोई नुकसान भी नहीं होगा। उबटन के लिए बेसन में नींबू व दही मिलाकर उबटन बना लें और धीरे-धीरे रगड़ें। रंग आसानी से छूट जाएगा।

»सिर से जितना सूखा रंग झाड़ सकते हैं, निकाल दें। उसके बाद सूखे, मुलायम कपड़े से रंग साफ कर लें। रंगों को आहिस्ता से छुड़ाएं, ज्यादा जोर से रगडने़ पर त्वचा में जलन होने लगती है और अधिक रगड़ से त्वचा छिल भी जाती है।

»नींबू का रस और दही मिलाकर पेस्ट बनाएं और इसे लगाकर रंग छुड़ाएं फिर नहा लें। इससे भी रंग उतर सकता है।

»नारियल के तेल या दही से त्वचा को धीरे-धीरे साफ कर सकते हैं।

»बालों से रंग निकालने के लिए बेसन या दही-आंवले (एक रात पहले भिगोकर रखे आंवले) से भी सिर धो सकते हैं। इसके बाद बालों में शैंपू करें।

» नहाने के बाद त्वचा रुखी हो जाती है ऐसे में चेहरे पर मॉइश्चराइजर और हाथ-पैरों में बॉडी लोशन लगाएं ।

## इस बार होली के रंग होंगे सेहत के संग

**होली के दौरान सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। होली के दौरान तो आप उत्साह में सब भूल जाते हैं लेकिन परेशानी का सबब बनता है बाद में। आपको होली के बाद शुरू होती है कई परेशानियां। ऐसे में आप ना सिर्फ स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का शिकार हो सकते हैं बल्कि आप होली के दौरान त्वचा संबधी, बालों संबंधी समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। आपको चाहिए कि आपके होली के रंग, सेहत के संग हो। यानी आपकी होली ऐसी निराली हो जिससे आपकी सेहत भी बरकरार रहे। आइए जानें उन उपायों को जिनसे होली के दौरान आपको कोई समस्या भी ना हो और आपके होली के रंग, सेहत के संग सेलिब्रेट हो।**

### होली खेलने से पहले बरते सावधानियां

#### सनस्क्रीन लोशन लगाएं

आपको होली के रंगों से सराबोर होने से पहले अपने चेहरे, हाथों और शरीर के खुले हिस्सों पर मॉश्चराइजर क्रीम या फिर सनस्क्रीन लोशन अच्छी? तरह से लगाना चाहिए। क्रीम को लगभग 10 मिनट तक त्वचा पर रगड़े और उसके बाद कुछ देर सूखने दें। ये उपाय ना सिर्फ आपको होली के रंगों से होने वाली साइड इफेक्ट्स से बचाएगा बल्कि आपको धूप के नुकसान से भी बचाएगा।

#### तेल भी है बढ़िया विकल्प

आप यदि लोशन या क्रीम नहीं लगाना चाहते तो आप तेल भी लगा सकते हैं, इसके लिए आपको चाहिए कि आप शरीर के खुल हिस्सों पर ऑयल लगाएं, इससे आपकी त्वचा पर रंग नहीं चढ़ेगा।

#### पूरे आस्तीन के कपड़े है जरूरी

होली के रंग में आपकी सेहत भंग ना हो तो आपको चाहिए कि आप फुल स्लीव्स के कपड़े पहनें। इससे आप धूप और कृत्रिम रंग दोनों से बच जाएंगे।

#### हल्के रंगों का करें इस्तेमाल

आपको होली को हेल्दी बनाने के लिए चाहिए कि आप होली पर सूखे और हल्के रंगों का इस्तेमाल करें। इसके लिए गुलाल बढ़िया विकल्प है।

#### होंठों की देखभाल भी है जरूरी

होली के दौरान चेहरे के साथ ही होंठ भी आपकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं लेकिन होंठ, होली के रंगों से फट सकते हैं या फिर खराब हो सकते हैं। ऐसे में आपको चाहिए? कि आप होंठो पर वैसलीन लगाएं और कुछ-कुछ देर में होंठों पर इसे लगाते रहें। इससे आपके होंठ सुरक्षित रहेंगे।

#### आंखें की करे देखरेखहर्बल रंगों का इस्तेमाल करेंजलन होने पर चेहरा धोएं

इसके लिए आपको चाहिए कि आप अपनी आंखों में रंग को जाने से बचाएं। यदि होली खेलने के दौरान रंग आंखों में चला भी जाता है तो आपको चाहिए कि तुरंत साफ पानी से आंखें धो लें। यदि पानी से धोने के बाद भी आपकी आंखों में जलन होती है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर आंखों में आई ड्रॉप डालें। आप जब रंग खरीदने जाएं तो ध्यान रखें कि हर्बल रंग ही खरीदे ये थोड़े महंगे जरूर होंगे लेकिन से ह त म ंद



होगे। अपने दोस्तों को भी इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे हर्बल रंग ही खरीदें। आप चाहे तो नॉन टॉक्सिक कलर्स भी ले सकते हैं। यदि चेहरे पर या त्वचा पर रंग लगने पर जलन होती है तो आपको चाहिए कि आप तुरंत जलन वाले हिस्से को धोएं और उस पर क्रीम या कैलामाइन लोशन लगाएं। आप चाहें तो ऐलोवेरा जैल भी लगा सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप निश्चित तौर पर होली के रंग, सेहत के संग खेल सकते हैं।



## होली पर मिलावटी मिठाइयों से दूर रहें

होली में जहां एक ओर रंगों की फुहार का लोग मजा लेते हैं वहीं दूसरी तरफ बिना मिठाइयों और गुझियों के होली अधूरी लगती है। पहले लोग त्योहारों पर घर में ही मिठइयां बनाते थे लेकिन समय के अभाव में ज्यादातर लोग बाजार से ही बनी हुई गुझिया व मिठाई लेकर आते हैं। लेकिन आजकल बाजार में मौजूद मिठाइयां बहुत मिलावटी हो गई हैं जिनके सेवन से कई प्रकार की बीमारियां हो जाती हैं। मिलावटी मिठाई खाने से पेट संबंधी कई बीमारियां हो जाती हैं और फूड प्वाइजनिंग का खतरा बढ जाता है। मिलावट होने पर भी लोग मिठाइ बाहर से ही खरीदते हैं। इन मिठाइयों की खुशबू और डिजाइन देखकर लोग ज्यादा खा लेते हैं जो कि नुकसानदायक होता है। इसलिए होली में जहां तक संभव हो मिलावटी मिठाइयों से दूर रहें।



» मिलावटी मिठाई से नुकसान मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से सबसे ज्यादा नुकसान लीवर को होता है। लीवर में सूजन आ जाती है।

» मिलावटी खाद्य पदार्थ खाने से आंतों में संक्रमण हो जाता है, जिसके चलते आंतों में सूजन आ जाती है और उसमें छेद हो सकता है।

» मिलावटी मिठाई खाने से पीलिया होने की संभावना ज्यादा हो जाती है।

» सिंथेटिक दूध के इस्तेमाल से कैंसर होने का खतरा बढ जाता है।

» मिलावटी मिठाई के सेवन से फूड प्वाइजनिंग के अलावा उल्टी व दस्त भी हो सकता है।

» होली में मिलावटी मिठाई, पनीर व घी खाने से सिर दर्द, पेट दर्द व त्वचा रोग हो सकते हैं।

» मिलावटी मिठाई खाने से शरीर में सूजन हो सकती है।

» महिलाओं की माहवारी में दिक्कत हो सकती है।

» ज्यादा मिलावटी मिठाई खाने से खून की कमी भी हो सकती है।

### मिलावटी खाद्य-पदार्थ कैसे बनते हैं

होली में ज्यादातर व्यंजन दूध से बने होते हैं। मिलावटी मावा बनाने के लिए दूध की बजाय दूध पाउडर रसायन, आलू, शकरकंद, रिफाइंड तेल आदि प्रयोग किए जाते हैं। सिंथेटिक दूध बनाने के लिए पानी में डिटर्जेंट पाउडर, तरल जेल, चिकनाहट लाने के लिए रिफाइंड व मोबिल आयल एवं एसेंट पाउडर डालकर दूध को बनाया जाता है। यूरिया का घोल व उसमें पाउडर व मोबिल डालकर भी सिंथेटिक दूध तैयार किया जाता है। इसमें थोड़ा असली दूध मिलाकर सोखता कागज डाला जाता है। इससे नकली मावा व पनीर भी तैयार किया जाता है।

### कैसे पहचानें मिलावटी खाद्य-पदार्थ

मावे में मिलावट की पहचान आयोडीन जांच या फिर चखकर उसके स्वाद और रंग से किया जा सकता है। सामान्य तौर पर लोग आयोडीन की जांच नहीं कर पाते। लेकिन मिलावटी मावे से बचने के लिए उसे पूरी तरह जांच परख लीजिए। मिलावटी या नकली मावे का स्वाद व रंग सामान्य से विभिन्न और कुछ खराब होता है। मिलावटी खोवे को उंगलियों में लेकर रगडें यदि उसमें चिकनापन नहीं है तो समझो वह नकली है।

होली के त्योहार में मिलावटी मिठाइयों का सेवन आपको अस्पताल पहुंचा सकता है। इसलिए कोशिश यही होनी चाहिए की होली के व्यंजनों को घर पर ही बनाइए।

## होली से पहले बालों की देखभाल



होली आने वाली है, सभी लोग रंगो की मस्ती में मस्त हो जाते हैं। लेकिन एक टेंशन सबको रहती है कि होली में अपने बालों को रंगों से कैसे बचाएं। रंगों में इतने केमिकल मिले होते हैं कि उससे आपके बाल रुखे और बेजान हो सकते हैं। ऐसे में आपको जरूरत है अपने बालों का खास ख्याल रखने की। आईए जानें कैसे होली खेलने से पहले बालों का कैसे रखें खास ख्याल।

### बालों में तेल लगाएं

होली खेलने से पहले अपने बालों में अच्छे से तेल लगाएं। आप नारियल का तेल या जैतून का तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आपको नारियल का तेल नहीं पसंद तो आप जोजबा व रोजमेरी के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। तेल को स्कैलप व बालों में अच्छी तरह लगाएं जिससे रंग बालों के अंदर तक नहीं जाएगा और नहाते समय रंग निकलने में भी आसानी होगी।

### हर्बल रंगो का प्रयोग करें

कोशिश करें कि हर्बल रंगों से ही होली खेलें। आप चाहें तो घर पर हर्बल रंग तैयार कर सकती है और उससे ही अपने दोस्तों के साथ होली खेल सकती हैं। या अगर आप बाजार से हर्बल रंग खरीद रहीं है तो खरीदने से पहले देख लें रंग पाउडर या मैदे जैसे मुलायम हों। रसायनिक रंगों से आपके बालों की चमक खत्म हो जाती है। बाल रुखे और बेजान से लगने लगते हैं।

### बालों को ढक लें

अगर आप चाहती है कि आपके बालों में थोड़ सा भी रंग नहीं जाए तो आप होली खेलते समय अपने बालों का ढक सकती है। यह सबसे अच्छा तरीका है बालों को रंगो से बचाने का। होली खेलते समय आप तौलिया या दुपट्टे से अपने बालों को ढक लें या कैप लगा लें। इससे रंग बालों में नहीं जाएगा।

### तुरंत निकालें रंग

अगर आपके बालों में रंग चला गया है तो उसे जल्द से जल्द निकालने की कोशिश करें। क्योंकि जितनी देर तक रंग आपके बालों में रहेगा वो नुकसान करेगा।

बालों को साफ रखें

रंग खेलने से पहले किसी अच्छे शैंपू से बालों को धो लें। इससे बालों में जो पहले से गंदगी या फिर रूसी का साफ होना जरुरी है, नहीं तो रंगों के साथ वह भी बालों में चिपक जाएगी जिससे फंगल इंफेक्शन या फिर बालों के कमजोर होने का खतरा हो सकता है।

### बालों को बांध कर रखें

अगर आपके बाल लंबे हैं उन्हें बांध कर ही होली खेलें। बाल बांधने से बालों की जड़े छिप जाएंगी। इससे बालों की जड़ों में रंग नहीं जा पाएगा और बालों को नुकसान नहीं पहुंचेगा।

## इको फ्रैंडली होली प्लीज

होली का नाम सुनते ही रंगों और मस्ती का माहौल याद आ जाता है। होली में रंग खेले बगैर रहें तो होली एकदम अधूरी सी लगती है। होली में कई प्रकार के रंगों का प्रयोग होता है, जिनका असर कई दिनों तक कम नहीं होता है। बेशक रंग खेलने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन ये रंग स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकते हैं। बाजार के रंगों में इतना ज्यादा केमिकल का प्रयोग होता है कि वह हेल्थ के लिए बहुत खतरनाक होता है।

कई रंग तो एलर्जी पैदा करते हैं। होली का मजा और आता है जब आप सूखे रंगों से होली खेलें, इससे कई लीटर पानी बर्बाद होने से बचाया जा सकता है। इसके अलावा इस बार होली में आप अपने घर में प्राकृतिक वस्तुओं का इस्तेमाल करके इको फ्रेंडली रंग तैयार करके होली खेल सकते हैं। इससे स्वास्थ्य को भी कोई खतरा नहीं रहेगा और आपकी होली सुरक्षित होगी।

### कैसे बनाएं प्राकृतिक रंग

प्राकृतिक जडी-बूटियों और फूल पत्तियों को मिलाकर रंग तैयार कर इको फ्रेंडली होली का मजा लीजिए। आईए हम आपको बताते हैं कि कैसे आप अपने घर में ही रंग तैयार कर सकते हैं ।

**पीला रंग :** एक टीस्पून हल्दी में चार टीस्पून बेसन मिलाकर पीला रंग तैयार कर सकते हो।

गेंदे या टेसू के फूल की पंखुड़ियों को पानी में उबालकर प्राकृतिक पीला रंग बनाया जा सकता है।

अनार के छिलकों को रातभर पानी में भिगोकर भी पीला रंग तैयार किया जा सकता है।

गेंदे के फूल की पत्तियों को मिलाकर पीला रंग बनाया जा सकता है।

**गुलाबी रंग :** चुकंदर के टुकड़े काटकर पानी में भिगोकर गहरा गुलाबी रंग बनाया जा सकता है।

प्याज के छिलकों को पानी में उबालकर भी गुलाबी रंग बनाया जा सकता है।

**लाल रंग :** लाल चंदन के पाउडर को लाल रंग के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें पानी मिलाकर लाल गीला रंग बनाया जा सकता है।

टमाटर और गाजर के रस को पानी में मिलाकर भी होली खेली जा सकती है।

लाल अनार के छिलकों को मजीठे के पेड की लकडी के साथ उबालकर लाल रंग बनाया जा सकता है।

**हरा रंग :** मेंहदी में बराबर मात्रा में आटा मिलाकर हरा रंग बनाइए। सूखी मेंहदी त्वचा पर लगने पर कोई नुकसान भी नहीं होता है। मेंहदी में पानी मिलाकर गीला रंग भी तैयार किया जा सकता है।

**भूरा रंग :** आमतौर पर कत्था पान खाने में प्रयोग किया जाता है। लेकिन कत्थे में पानी मिलाकर गीला भूरा रंग तैयार किया जा सकता है। इसके अलावा चायपत्ती का पानी भी भूरा रंग देता है।

**काला रंग :** आंवले को लोहे के बर्तन में रातभर के लिए भिगो दो। सुबह आंवलों को पानी से निकाल कर अलग कर दो। आंवले के पानी में थोड़ा और पानी मिलाकर प्राकृतिक रंग तैयार किया जा सकता है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में होली त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

## होली में धर्म की मूल भावना का रखें ख्याल, किसी को आहत ना करें : पुलिस अधीक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** होली-2024 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शनिवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों की ओर से प्रखण्डों में आयोजित शांति समिति की बैठक और अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उपायुक्त, लोहरदगा ने इस अवसर पर कहा कि आप सभी होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें। अगर बच्चे व युवा किसी पर रंग फेंक देते हैं तो उन्हें एक अभिभावक की तरह समझायें। किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें। निर्वाचन की घोषणा के उपरांत आदर्श आचार संहिता लागू है जिसका पालन किया जाना आवश्यक है। होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जा सके इसके लिए दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। बारीकी से असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। भारत में होली के त्यौहार काफी उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया जाता है। आप भी अपने-अपने क्षेत्र में होली खेलें और एक दूसरे से सौहार्द्रपूर्ण संबंध को मजबूत करें। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि होली में धर्म की मूल भावना का ख्याल रखा जाना चाहिए। किसी को भी आहत ना करें। भारत देश में होली काफी उत्साह तरीके से मनाया जाता रहा है। इस देश में आनेवाले यात्रियों व शासन करनेवालों ने होली के त्यौहार की अपने-अपने तरीके से व्याख्या की है। आप जब भी होली खेलें तो आर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल करें। रसायनिक रंग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। आर्गेनिक रंगों के इस्तेमाल से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। पुलिस प्रशासन और उत्पाद विभाग के द्वारा लगातार अवैध तरीके से शराब बनाने वालों के विरूद्ध छापेमारी कर कार्रवाई की जा रही है। जिला में त्यौहार व निर्वाचन के लिए पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता है। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि भारत देश में विभिन्न धर्मो के लोग आपसी सद्भाव से रहते आये हैं और यही इस देश की खूबसूरती भी है। आप सभी एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहें और त्यौहार मनायें। आज की बैठक में प्रशिक्षु आईपीएस, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आईटीडीए परियोजना निदेशक, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने किया कूडू एवं कैरो के विभिन्न गांवों का दौरा, ग्रामीणों से हुए रूबरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर ने कूडू प्रखंड के ग्राम दोबा, सुकुरहुटू एवं कैरो प्रखंड के ग्राम कैरो, बिरजापुर आदि का दौरा कर ग्रामीणों से मिले । इस मौके पर ग्रामीणों ने मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को गांवों के समस्याओं से अवगत कराया इस ग्रामीणों के द्वारा पेयजल की मुख्य समस्या से मंत्री डॉ रामेश्वर को अवगत कराए । मौके पर मंत्री महोदय के द्वारा कार्यपालक अभियंता पेयजल प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा बात कर तत्काल जितने में जलमीनार का निर्माण किया गया।जिसमे काफी जलमिनार खराब हो गई है जिससे पेयजल की समस्या उत्पन हो रही हैं जिससे तुरंत मरमत कर पेयजल की समस्या को दूर करे। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा सड़क की समस्या से भी अवगत कराया गया । जिसमे मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की प्राथमिकता के आधार पर सड़को का निर्माण झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा है। साथ ही वैसे सड़क जो तत्काल आवस्यक हैं उसे मेरे विधायक निधि के द्वारा सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है। जल्द ही आचार संहिता खत्म होने के बाद वैसे सड़क जिसका निर्माण नही हुई है उन सभी सड़को का चयन कर विभाग के द्वारा निर्माण किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा अबुवा आवास, राशन कार्ड, पेंशन योजना आदि समस्याओं से भी अवगत कराया गया। इस पर मंत्री ने का की इन सभी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचे इससे लेकर सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

# शिशु विद्या मन्दिर मे होली मिलन, भारतीय संस्कृति विविधता में एकता का पर्याय : प्रमोद कुमार



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 23 मार्च शनीवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। आयोजन मे भैया बहनों के साथ सभी आचार्य दीदी जी भाग लिए। जयंती प्रमुख शांति नाग ने होली के त्यौहार के बारे में बताते हुए कहा की यह त्योहार फागुन मास के शुक्ल पक्ष में मनाया जाता है। भिन्न-भिन्न रंग और गुलाल हम भारतीयों को एकता एवं अखण्डता का संदेश देता है।हर साल होली का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया जाता है। इस त्योहार में लोग एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगाते हैं,पानी के रंग उड़ाते हैं और मिठाई खाते हैं। साथ ही प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने भैया बहनों को बताते हुए कहा की भारतीय संस्कृति हमेशा से विविधता में एकता का पर्याय रही है। होली का त्योहार इसी विविधता में एकता तथा भाईचारे का प्रतीक है। इस दिन लोग गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करते हैं और छोटे अपने बड़ों से शुभाशीष प्राप्त करते हैं। विविधतापूर्ण संस्कृति वाले भारत देश में हर धर्म-संप्रदाय के त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं। इनमें से आपसी प्रेम तथा सद्भावना की भावना को मजबूत करने वाला होली का पर्व विशेष महत्व रखता है। इस समारोह में सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में बाप-बेटी घायल, किसी को कोई नुकसान नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा टाँगरा टोली स्कूल के पास एतवा दास एवं उनकी बेटी सरस्वती कुमारी जो कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यायल ठेठईटांगर कक्षा 8 में पढ़ती है, दोनों बाप-बेटी अपने टीवीएस मोपेड से जा रहे थे अपने घर की ओर जा रहे थे उसी क्रम में अचानक दौड़ते हुवे बैल आकर धक्का दे दिया, जिसके कारण दोनों ही सड़क पर गिर गए। साथ ही इस एक्ससीडेंट से दोनों को काफ़ी चोटें भी आई। उसी समय इसाहक डुंगडुंग जो ताराबोगा पंचायत समिति सदस्य एवं उसकी पत्नी लूसिया डुंगडुंग रास्ते से गुजर रही थी। उनके सहयोग से दोनों घायल व्यक्ति को रेफ़रल हॉस्पिटल, ठेठईटांगर लाया गया जन्हा पर उनकी इलाज हुई एवं उन्हें घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी किया गया। बताते चलें कि बड़ी दुर्घटना होने से बची लेकिन यह जो मवेशी दिन रात रास्ते में इधर उधर दौड़ते घूमते फिरते रहते हैं , जिनका कोई ठिकाना नहीं होता और ना ही ऐसे मवेशियों के मालिक इनकी देखभाल करते हैं , ग्रामीणों की प्रशासन से यह गुज़ारिश है की जो भी इन मवेशियों का मालिक हैं उन्हें यह चेतावनी दिया जाये कि इन मवेशियों का देखभाल करे अन्यथा इन सभी मवेशियों को वन विभाग को सौप दिया जाये।

# होली सामाजिक समरसता का त्यौहार है : अमरेश भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को भाजपा नगर मंडल लोहरदगा के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि होली सामाजिक समरसता का त्यौहार है। सभी कार्यकर्ताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं हैं।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा नगर मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली हम सबों के बीच भाईचारे का संदेश देता है। इस बार का होली विशेष है क्योंकि इस बार हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का मिशन 400 प्लस सीटों का है। इस निमित्त हम सब भाजपा कार्यकर्ता तन मन से लगे हुए हैं। फिर से हम सब मिलकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री के पद पर सुशोभित करने का काम करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं की होली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजकिशोर महतो, बृज बिहारी प्रसाद, श्रीचंद प्रजापति, बिंदेश्वर बेक, सरोज प्रजापति, राजेश महतो, उमेश कांस्यकार ने भी सभा को संबोधित किया तथा होली की शुभकामना दी। संचालन नगर महामंत्री शंकर प्रजापति ने किया। अनूप वर्मा, ज्ञानेश गुप्ता, अशोक घोष, संगीता कुमारी, परमेश्वर साहू, प्रदीप खत्री, रामावतार बर्मन, मुरलीधर अग्रवाल, त्रिवेणी दास, मनीष शिखर, विश्वजीत सहदेव, प्रमोद प्रजापति, राजू प्रजापति, रामलाल उरांव, विजय चंद्रशेखर, विक्की कुमार,हरिओम प्रसाद, सूरज दसौंधी, मिथुन तमेड़ा, पशुपति पारस, संजय महतो, दुखहरण साहू, बालेश्वर महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रंगोत्सव का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम में रंगोत्सव के रंग में रंगे सभी अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा में रंगोत्सव का आयोजन किया गया।आयोजन का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया और होली जो रंग का त्योहार है इसे मिल जुल कर नशे से दूर रह कर मानने का संदेश दिया। दिलेश्वर और साथियों ने मटकी फोड़ी तथा राधा कृष्ण की वेशभूषा में निशु और नीलिमा ने सभी का मन मोह लिया, एक दूसरे को पुष्प से और गुलाल लगा कर होली की बधाईयां दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, आफताब, पंकज, ऋतु, कुंदन, पवन, जंगबहादुर, मनु, शशि, चिनिबास, अजॉय, शिव, प्रियंका, तबस्सुम आदि उपस्थित थे सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

# लोकतंत्र का महापर्व में सभी को आगे बढ़कर मतदान करना है : बाल कृष्णा सिंह




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेहरू युवा केंद्र लोहरदगा एवं युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुदो के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम भंडरा प्रखंड के ग्राम भैसमुदो में चलाया गया। इस अवसर पर युवा ग्रामीण विकास समिति के सचिव बाल कृष्णा सिंह ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व में सभी को आगे बढ़कर मतदान करना है किसी के दबाव में आकर, किसी के कुछ लालच में आकर, किसी के बहकावे में ना आए और निष्पक्ष रूप से मतदान करें सबो से आग्रह है की आप मतदान करें उसके पश्चात अपने घर के अगल-बगल के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें मतदान महादान आज किस कार्यक्रम में बाल कृष्णा सिंह, कांति देवी, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी, विवेक सिंह, वासुदेव उराव, अभिषेक सिंह, दिनेश कुमार, निर्मला देवी, बाली देवी, सुधार महतो, रूपेश सिंह, छोटी कुमारी, नेहा कुमारी, निलम कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

# भंडरा मुखिया संघ द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** मुखिया संघ के तत्वावधान में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड के सभी मुखिया ने एक- दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता एक जुटता और समाज में अपनापन का भाव पैदा करना था। प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में इस वर्ष होली के दिन लोग शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली का आनंद लें। इस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। जिससे होली की स्वस्थ्य परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। लोग घरों से खेलने के लिए निर्भीक होकर निकलें और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाएं। इस मौके पर परमेश्वर महली, कइली उरांव, धनेश्वरी उरांव, टेले उरांव, सुमित उरांव, बबलू उरांव, दिलीप साहू, पंकज मिश्रा, बासुदेव उरांव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# शोकाकुल परिवारों को आपदा विभाग से दिलाया जाएगा मुआवजा : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बिशुनपुर प्रखंड के अंतर्गत बनालात, घाघरा गांव के लोग बस से रांची से वैवाहिक कार्यक्रम से लौटने के दौरान शुक्रवार को कुडू प्रखंड के टाटी ग्राम में हाईवे से बस टकरा गई जिसमें तीन बच्चों की मृत्यु हो गई एवं दर्जनों लोग घायल हो गए थे। शनिवार को लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक बच्चों के पिता घुरामन खेरवार एवं ललित उरांव से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख के घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार आप लोग के साथ है ।श्री साहू ने मृतक के पिता को बताया कि झारखंड सरकार आपदा विभाग से सड़क दुर्घटना में हुए मृतक को एक लाख रुपया देने का प्रावधान है ।श्री साहू ने मौके पर से ही जिला आपदा विभाग के पदाधिकारी विभूति जी से वार्ता कर एक -एक लाख रुपया मुआवजा देने की बात कहें। आपदा पदाधिकारी ने श्री साहू को बताया कि आवेदन दिलवाएं परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। श्री साहू ने मौके पर से ही कुडू अंचल अधिकारी से भी वार्ता कर शीघ्र रिपोर्ट तैयार करने का आग्रह किये ताकि समय से शोकाकुल परिवारों को मुआवजा मिल सके। अंचलाधिकारी में श्री साहू को शीघ्र रिपोर्ट तैयार करवाने का आश्वासन दी।

# जलडेगा में नहीं थम रहा जंगली हाथी का तांडव, हर दिन उजड़ रहा है किसी ना किसी का घर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखण्ड के कई गांव के ग्रामीण लगातार कई वर्षो से हाथियों के आतंक से परेशान हैं। अब तक कितनों का घर उजड़ा, कितनों का जान चला गया इसका आंकड़ा शायद ही किसी के पास होगा। हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोग दिन रात भयभीत होकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। कब किसका जान खतरे में पड़ सकता है ? कब किसका घर को हाथी अपना निशाना बना लेगा? इनके दिनचर्या के कामों में भी बहुत मुश्किल होता है। झुण्ड से बिछड़े जंगली हाथी कभी जलडेगा प्रखण्ड, ठेठाईटंगर, बांसजोर तो कभी बानो प्रखण्ड का आना जाना लगा रहता है। इसके रास्ते में जो भी घर मिला उजाड़ कर अनाजों को खा जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार रात को 3:30 बजे जलडेगा प्रखण्ड के टाटी नवा टोली निवासी प्रकाश लुगुन का तिरपाल से बना घर को अपना निशाना बनाया और घर में रखे एक बोरा चावल को खा गया। किस्मत अच्छा था कि प्रकाश लुगुन घर के पीछे पटरा तोड़ कर बाहर निकलने में सफल रहा। फिर हाथी देव नदी पार करते हुए बानो प्रखण्ड के टुड़यू गांव की ओर चला गया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर भंडरा थाना पुलिस द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत चट्टी पुलिस पिकेट के समीप चट्टी-बेड़ो मुख्य पथ में भंडरा थाना पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। एसपी हारिश बिन जमां के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव को लेकर अवर निरीक्षक पप्पू गुप्ता के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान भंडरा थाना पुलिस द्वारा दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच की गई। साथ ही दो पहिया व चार पहिया वाहनों के गाड़ी की डिक्की की भी जांच की गई। मौके पर अवर निरीक्षक पप्पू गुप्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर भंडरा थाना पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान तेज कर दी गई है। वाहन चलाने के दौरान वाहन संबंधित सभी तरह के दस्तावेज रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस, सीट बेल्ट, हेलमेट, प्रदूषण की जांच की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल में बगौर हेलमेट के चल रहे लोगों को फटकार लगा कर छोड़ा गया।

# जिला जज ऐतिहासिक पर्यटक स्थल का भ्रमण कर गुफा स्थित शिवलिंग की पूजा अर्चना की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत अलौदी पंचायत स्थित चंदवा गढ़गांव का पर्यटक स्थल का भ्रमण कर महादेव मंडा में 1200 फिट ऊँची पहाड़ी पर स्थित भगवान शंकर का परिवार संग पूजा अर्चना जिला व क्षेत्र के लिये अमन चैन शांति के लिये कामना किया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मनमोहक वादियों का शनिवार को जिला के प्रधान सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल एस डी जी एम राज कल्याण, डालसा सचिव राजेश कुमार, कुटुम न्यायधीश सुभाष कुमार, एस जी एम डॉक्टर चन्दन कुमार, सीनियर डिवीजन अर्चना कुमारी, डायट सूचित तिग्गा, सपरिवार के साथ भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्र के मनमोहक वादियों का दीदार किया। इसके अलावे 12 सौ फीट ऊपर पहाड़ी के गुफा में स्थित शिविलिंग का दर्शन कर सभी लोगों ने परिवार संग पूजा अर्चना किया। विदित हो कि पहाड़ी क्षेत्र के हसीन वादियाँ आकर्षित आम खास सभी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। भ्रमण के दौरान आपसी बातचीत में पी डी जे राजेन्द्र बहादुर पाल ने कहा कि जिला के मनोरम स्थल में यह पहला स्थान है जो अपनी ओर पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। इतना ही नही उन्होंने कहा इसकी जानकारी अखबार के माध्यम से हमलोगों को पता चला तभी से इस वादियों का दीदार के लिए मन बना हुआ था। जानकारी के अनुसार बता दें कि यह आकर्षित वादियों का ऐतिहासिक रूप दिया गया है जहाँ प्राचीन काल से भगवान महादेव शंकर स्थापित है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा दिया जाता है कि इस स्थान पर बाबा का समाधि भी बना हुआ है जो भगवान शिव की पूजा में अपना तनमन न्यौच्छावर कर दिए थे। उनकी गथाएं पूर्वजो से प्राप्त हुआ और पूर्वजो के बताए मार्ग पर चल कर आज ग्रामीणों द्वारा पूजा अर्चना किया जाने लगा उसके बाद धीरे धीरे यह पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाने लगा है। जहां दूर दूर से भक्तजन श्रद्धा भाव से शिविलिंग का पूजा करने व वादियों का दीदार के लिए लोग पहुंचते है। इस अवसर पर प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह, पुलिस बल के अलावे त्रिलोकी सिंह, गोपाल ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# कुरडेग प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रांगत खलखो को पितृ शोक, विधायक भूषण बाड़ा ने किया शोक प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कांग्रेस के कुरडेग प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रांगत खलखो के पिताजी लाजरूस खलखो का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव में किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मिस्सा पूजा और दफन क्रिया फादर सुनील की अगुआई में सम्पन्न हुआ। इधर लाजरूस के निधन की खबर सुनकर विधायक भूषण बाड़ा भी जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ उनके घर पहुंचे। साथ ही परिजनों का ढांढ़स बढ़ाते हुए इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ हर पल खड़ा रहने का भरोसा जताया। विधायक ने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहने की शक्ति देने की भी कामना की। इधर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिप सदस्य समरोम पौल टोपनो, जिप सदस्य प्रेमा बड़ा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, शशि गुड़िया, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवनिस खलखो, प्रखंड प्रवक्ता शमीम अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष गुलशन एक्का, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, नीला नाग, टेलीस्फोर टोप्पो, वार्ड अशरनी एक्का, विजय बेग, बसीर अंसारी, थॉमस तिर्की, लिली अनीता, पंचायत अध्यक्ष सदीप लकड़ा, पंचायत सुनील कुजूर, रसाल लकड़ा, पूर्व मुखिया फ्रांसिस खलखो, पीटर खाखा, आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता और ग्रामीण अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए।

# मतदान जागरूक को लेकर महिला समूह के महिलाओ ने चलाया जागरूकता अभियान



**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड के ओडगा पंचायत में महिला समूह के महिलाओं ने मतदान को लेकर चलाया जागरूकता अभियान। ओडगा पंचायत से 124 तथा 125 बूथ तक नारेबाजी करते हुए रैली निकला गया। इस मौके पर सीएफ अध्यक्ष होलिका देवी, सचिन सीता देवी, सी सी निरोद मारकी, रसदु साहू, जी सी आर पी जीदन जोजो, मलती देवी, मंजू रानी टोपनो, एल बागे, कुंती कुमारी तथा ई सी सदस्य उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### छोटी उम्र में रोजा रखकर बड़ों के लिए प्रेरणा बनीं सात वर्षीय सारा खान



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रहमतों और इबादत का पाक महीना माह-ए-रमजान चल रहा है। मुस्लिम धर्मावलंबी पुरे ऐहतेराम के साथ रोजा नामाज और कुरान कि तिलावत कर रहे हैं। वहीं अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान की सात वर्षीय नतिनी सारा खान पलामू से अपने ननिहाल गढ़वा पहुंची और वहां रोजे में सभी कि इबादत देखकर उसके अंदर भी जज्बा जगा और उसने पहले दिन से ही रोजा रख रही है। रोजा रखकर बड़े लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई सारा। इफतार के बाद सारा खान को उनके नाना शौकत खान समेत सभी घर वालों ने पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर मुबारकबाद दिया। तीन वर्ष कि उम्र से ही वह नाना शौकत खान के साथ ठंड की रात में गढ़वा और पलामू में गरीबों के बीच कंबल वितरण कार्यों में शामिल रहतीं थीं।

### थैलेसीमिया पीड़ितो के लिए लायंस क्लब ने कराया रक्तदान



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी द्वारा थैलेसीमिया से पीड़ित दो बच्चियों कहकशा परवीन 4 वर्ष एवं शिवानी कुमारी 7 वर्ष के लिए रक्त की उपलब्धता करायी। रक्तदान करने वालो में संतोष कुमार पिता लायन रामनारायण प्रसाद तथा युवा समाजसेवी रविंद्र कुमार के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष सुशील केसरी, पूर्व अध्यक्ष लायन दया शंकर गुप्ता, लायन राजमणि प्रसाद, सचिव लायन संजय कुमार, लायन रामनारायण प्रसाद तथा ब्लड बैंक के कर्मचारी उपस्थित थे। अध्यक्ष सुशील केसरी ने बताया कि लायन सिटी के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। जरूरतमंद पीड़ित मानवता की सेवा के लिए ब्लड उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चियों के लिए रक्त की उपलब्धता करायी गयी। लायन दयाशंकर गुप्ता ने रक्तदान को महादान बताया। लायन सचिव संजय कुमार ने रक्तदाताओं को शुभकामनाएं और बधाई दी।

# डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल का शानदार रिजल्ट

*** ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा में डीपीएस सुदना के छात्रों ने किया गोल्ड मेडल की बौछार * गोल्ड मेडल प्राप्त किए छात्रों को किया गया सम्मानित**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जहां स्कूल है वहां नॉलेज है। जहां नॉलेज है वहां पावर है। जहां पावर है वहां विश्वास है।विश्वास ही सफलता की कुंजी है, जो डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल की पूंजी है। इसी का परिणाम है कि डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत और शानदार हुआ। इसी सफलता से अभिभूत होकर विद्यार्थियों के लिए डेडीकेटेड के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकांश छात्र स्कूल स्तर पर 90 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इन छात्रों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगित परीक्षा, जो साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन दिल्ली द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथ ओलिंपियाड में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंक वन, चार और आठ सहित 12 बच्चों ने कैश व गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इन्हें भी सम्मानित किया गया। वहीं नेशनल साइंस ओलंपियाड में 14 बच्चों ने टॉप 100 के अंदर लेवल वन एवं लेवल 2 में गोल्ड मेडल के साथ कैश अवार्ड प्राप्त किया। इन्हे भी सम्मानित किया गया। बताते चलें कि यह प्रतियोगिता परीक्षा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 140 देश में एक साथ आयोजित किया जाता है। जिसमें 92 हजार स्कूलों ने भाग लिया था। विद्यार्थी करोड़ों में होते हैं। उसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टॉप 100 के अंदर रैंक लाकर जोनल, स्टेट और जिला में डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह पलामू ही नहीं झारखंड राज्य के लिए गौरव की बात है। इस प्रतियोगिता परीक्षा में टॉप करने का अर्थ है नेशनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन, आईआईटी, नीट एनडीए इत्यादि में सफलता की पूरी गारंटी है। डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल में यह सफलता 2 लेवल की टीचिंग का परिणाम है। लेवल वन में अकादमी स्तर की पढ़ाई कराई जाती है और लेवल 2 में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाती है।

### इन ओलंपियाड टॉपरों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में क्लास 7 के ओलंपियाड टॉपर अश्मित सम्राट और ऋषिका रंजन, क्लास 6 के टॉपर प्रतीक कुमार, क्लास 5 के टॉपर रचिता सिंह, क्लास 4 के टॉपर श्रेया निधि, क्लास 3 के टॉपर राहुल, क्लास 2 के टॉपर नमन कुमार क्लास वन के टॉपर अश्विता ईशानी को सम्मानित किया गया। यूकेजी के और एलजी के सभी छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक लाकर शत प्रतिशत सफलता प्राप्त किया है।



### ओ मंजर बहुत ही खूबसूरत होगा जब आपकी सफलता शोर मचाएगी : विनय सर



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईआईटी गुरु विनय सर ने कहा कि सपना एक देखोगे तो मुश्किलें हजार आएगी। बट ओ मंजर बहुत ही खूबसूरत होगा जब आपकी सफलता शोर मचाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और बच्चों को विनय सर ने भरोसा दिलाया कि पलामू के बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाएंगे। जो पलामू में अभी बिरानी है। कोई भी बच्चा अगर प्रतिभावान है तो बच्चों की सफलता में धन बाधक नहीं बनेगा। वैसे बच्चों को यहां निशुल्क शिक्षा मिलेगी। ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। संकल्प लिया कि अब वह दिन दूर नहीं जब डेडीकेटेड से पढ़कर निकलने वाले सैकड़ो की संख्या में छात्र आईएएस और आईपीएस बनकर अपना जलवा बिखेरेंगे।

### अभी तो मुट्ठी भर जमीन नापी है आसमान नापना बाकी है : डॉ. श्वेता कुमारी

डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल के निदेशक डॉ श्वेता कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा ग्लोबल हो गया है। जिसमें विद्यार्थियों का विकास, पढ़ाई के साथ-साथ टेक्नोलॉजी एवं खेलकूद पर विशेष बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज वर्तमान शिक्षा में टूटे संस्कृति एवं संस्कार को अपनी संस्कृति से जोड़कर क्वालिटी एजुकेशन प्रदान करना है। ताकि बच्चे अपने जीवन में सफल हो सके। डॉक्टर श्वेता कुमारी ने कहा कि डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल बहुत कम समय में ही अपनी मंजिल को प्राप्त कर लिया है। लेकिन अभी चलना बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि अभी तो मुट्ठी भर जमीन नापी है, आसमान नापना बाकी है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्रा, श्री राम डाल्टन, मेघा डाल्टन, प्रभात अग्रवाल, नवल तुलसियान, बृजेश शुक्ला, दानवीर प्रसाद, विनोद उदयपुरिया, कमल खान, श्याम बाबू, भास्कर दुबे, डेडीकेटेड के प्रशासनिक हेड रविशंकर दुबे, राजकुमार गुप्ता, डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर श्वेता कुमारी, पूनम चतुर्वेदी, कोऑर्डिनेटर नीलम मिश्रा सहित स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, अभिभावक और विद्यार्थी इस सामान समारोह का गवाह बने। पूरे कार्यक्रम का संचालन श्वेता सबनम ने किया। सभी अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

## पन्ना में मिला इतिहास का सबसे पुराना शिवलिंग

एजेंसी

**पन्ना :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में नचना कुठारा गांव स्थित चौमुखनाथ मंदिर परिसर में की जा रही टीलों की खुदाई में सबसे प्राचीन मंदिर के अवशेष व शिवलिंग मिला है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि यह मंदिर मठ से निर्मित किए गए होंगे, जो पहली से पांचवीं सदी के बीच के हो सकते हैं। फिलहाल एएसआई टीम यहां खुदाई कर रही है, जिसमें और भी प्राचीन मंदिर व प्रतिमाएं मिलने की संभावनाएं है। मध्य प्रदेश का पन्ना जिला हीरा के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां की खदानें आज भी हीरे उगल रही हैं। हीरे पाने के लिए लोग यहां लीज पर पट्टे लेते हैं और खुदाई करवाते हैं। यहां कब किसकी किस्मत चमक जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। हीरों के अलावा पन्ना को इसे झीलों और मंदिरों का जिला भी कहा जाता है। यहां सदियों पुराने कई मंदिर स्थित है। कुछ मंदिर आज भी अपनी समृद्ध विरासत की कहानी सुनाते हैं।जानकारी के अनुसार, प्राचीन मंदिर व प्रतिमाओं के मिलने की संभावना के बाद पन्ना जिले के नचना कुठारा गांव में स्थित पांचवीं सदी के प्राचीन मंदिर चौमुखनाथ मंदिर परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने आठ टीलों को चिन्हित किया था और यहां 04 मार्च से खुदाई का शुरू की थी।

### 90 हजार रुपये के नकली नोट बरामद, 4 गिरफ्तार

**इंदौर (एजेंसी):** शहर में क्राइम ब्रांच पुलिस ने 90 हजार से अधिक के नकली नोट बरामद किए हैं। नोट खरगोन-खंडवा से इंदौर में पहुंचे थे। जानकारी मिलने पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात क्राइम ब्रांच ने राजेन्द्र नगर थाना इलाके में दबिश देकर नकली नोट चलाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शुक्रवार की रात जानकारी मिली थी कि खरगोन में रहने वाला दिनेश पटेल इंदौर में कुछ लड़कों के साथ नकली नोट लेकर आया है। वह यहां बड़े स्तर पर नकली नोट की तस्करी करने वाला है।

# सांसद को जिताना है व 400 का लक्ष्य पर करना है : कर्मवीर सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी पलामू की लोकसभा स्तरीय बैठक मेदनीनगर के हमिदगंज अवस्थित जेबी रिसोर्ट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पलामू लोकसभा के चुनाव संचालन समिति के सदस्यों पलामू लोकसभा के कोर कमिटी के सदस्यों विधानसभा के चुनाव संचालन समिति के सदस्यों, विधानसभा के कोर कमिटी के सदस्यों सभी जिला के पदाधिकारी, मंच मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हमारा सांसद जो भी हो उसे जिताना है और चार सौ का लक्ष्य पर करना है। सत्ता प्राप्त करना और समाज में परिवर्तन करना भाजपा का लक्ष्य है। भ्रष्टाचार के आरोप में कोई भी भाजपा का नेता आज तक जेल नहीं गया है। विकसित भारत 2047 का जो लक्ष्य है उसे लेकर हम आगे बढ़े। सबका साथ सबका विश्वास और सब का प्रयास भी चाहिए। पहले कोई भी देश का प्रधानमंत्री आते थे तो उन्हें प्रेम की निशानी ताजमहल दिखाया जाता था। लेकिन आज जो प्रधानमंत्री आते हैं उन्हें सारनाथ और काशी विश्वनाथ दिखाया जाता है। देश को सजाना है आगे बढ़ाना है सिर्फ जीतना ही नहीं है। लक्ष्य बहुत बड़ा लेकर चलना है। अपने लोकसभा को बड़े मोहम्मद से जीतने का कार्य करना है। इस चुनाव में भोजन बूथ पर जाकर करना है। सभी नेताओं को प्रवास कर सभाएं करनी है। दो निशान दो संविधान हटाने का काम बीजेपी ने किया है। 19 करोड़ सदस्यों की भाजपा पार्टी दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी है।प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों पर चल रहा है। भाजपा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कहा कि मैं भाजपा के शीर्ष के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। हमारा कोई प्रत्याशी नहीं है। हमारा प्रत्याशी कमल का फूल छाप है। मैं हर एक कार्यकर्ता से आग्रह करता हूं कि आपने भूत पर 51त्न वोट का लक्ष्य प्राप्त करें। 10 साल में भाजपा ने जो कार्य किया है इसका बखूबी वर्णन लोगों के बीच करें। कार्यक्रम को लोकसभा प्रभारी विनय लाल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, पूर्व सांसद मनोज कुमार, घूरन राम, शिवधारी राम, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भानु प्रताप शाही आलोक चौरसिया पुष्पा देवी जवाहर पासवान ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।बैठक का धन्यवाद ज्ञापन गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो ने किया।

### झामुमो और कांग्रेस ने संयुक्त रूप से भाजपा को कोसा

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया के विषय बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। बंधु तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक प्रकार से वर्तमान केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया दिखाई पड़ता है। आगामी लोकसभा चुनाव में यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो केंद्र के सभी के सत्ताधारी पार्टियों के नेता सलाखों के पीछे होंगे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इलेक्टरल बॉन्ड या फिर अकाउंट फ्रिज होने की बात हो रही है, यह सीधे तौर पर राजनीतिक पार्टियों के फंड पर डाका डालने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों ने कहा कि इस पूरे मामले को राष्ट्पति को संज्ञान में लेना चाहिए।

# सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड में सीएम धामी

एजेंसी



**देहरादून :** धामी सरकार के दो साल के कार्यकाल का सोशल मीडिया पर भी खूब बोलबाला रहा। शनिवार को धामी सरकार के दो साल पूरे होने पर सोशल मीडिया यूजर्स ने सरकार के फैसलों, कार्यों और गुड गवर्नेंस को भरपूर समर्थन दिया। एक्स प्लेटफॉर्म पर हैश टैग धामी सरकार के दो साल दिनभर टॉप ट्रेंडिंग में बना रहा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का दो वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा है। आम जनता के हितों की खातिर लिए गए उनके सख्त और दमदार फैसले देश के दूसरे राज्यों के लिए नजीर बने। देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाकर धामी सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में ग्रहण बने नकल माफिया के गठजोड़ को ध्वस्त किया तो धर्मांतरण कानून बनाकर जबरन धर्म परिवर्तन को सख्ती से रोका है। देवभूमि के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री ने लैंड जिहाद पर करारी चोट ही नहीं की बल्कि हजारों एकड़ सरकारी भूमि को भी अतिक्रमण से मुक्त कराया है।

मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का बिल पास करने वाला उत्तराखंड आजाद भारत का पहला राज्य बन गया है। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री ने जो भी बड़े फैसले लेने की घोषणा की। उनको बिना किसी देरी से निर्णय लेकर अमलीजामा भी पहनाया है। आज यही वजह है कि मुख्यमंत्री धामी की लोकप्रियता का ग्राफ उत्तराखंड राज्य ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

# शहीदों के आदर्शों को करें आत्मसात : अविनाश देव

*** संत मरियम विद्यालय में शहादत दिवस पर याद किए गए अमर शहीद**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय में शनिवार को शहीद ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को उनके 93 वें शहादत दिवस पर याद किया गया।

विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत के सपूतों की कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी। शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर देश को आजादी दिलवाई, इसलिए हम सदैव उन अमर शहीदों के ऋणी रहेंगे।


भारत माता के सच्चे सपूत, आजादी के अग्रदूत युवाओं के प्रेरणाश्रोत हैं और आजादी का अक्षुण बनाए रखना हमारा परम कर्तव्य है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कुमार आदर्श छात्रावास अधीक्षक श्री उत्कर्ष देव, श्री ललन प्रजापति के साथ-साथ शिक्षक गण भी मौजूद थे।

### चुटिया में ऐतिहासिक फग डोल जतरा 26 को

**रांची :** चुटिया में होली पर ऐतिहासिक फग डोल जतरा 26 मार्च को दोपहर दो बजे से अपर चुटिया स्थित श्रीराम मंदिर डोल जतरा मैदान में आयोजित किया गया है। संरक्षक विजय कुमार साहु ने शनिवार को बताया कि परंपरा अनुसार होलिका दहन अन्य स्थानों से एक दिन पूर्व 23 मार्च को रात 10 बजे जतरा मैदान में की जाएगी। ग्राम पाहन द्वारा फगुआ काटा जाता है। होली के दिन सुबह से दोपहर एक बजे तक लोग गीला रंग एक-दूसरे को डालते हैं फिर एक बजे के बाद सभी स्नान कर नए वस्त्र धारण कर परिवार के संग मेला स्थल में आते हैं, जहां प्राचीन श्री राम मंदिर से भगवान की विग्रह को डोली से सजा कर राम चबूतरा में लाया जाता है। सर्वप्रथम लोग भगवान को अबीर चढ़ाते हैं, फिर बड़े बुजुर्गों के पैर में अबीर डाल कर आशीर्वाद लेते हैं। शाम में चुटिया के अन्य प्राचीन मंदिर लोअर चुटिया राधा कृष्णा मंदिर, साहु टोली श्रीराम मंदिर से भगवान के विग्रहों को डोली में सजा कर लोग अपर चुटिया डोल जतरा मैदान आते हैं।

# उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिले के सभी अंचलाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपीडीओ और संबंधित चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। डीइओ ने मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) के संबंध में प्रखंडों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों पर शौचालय और स्नानघर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी शौचालय साफ हों और उपयोग योग्य स्थिति में हों। नहाने और शौचालय के लिए पानी की उपलब्धता, हाथ धोने और अन्य उपयोगों के लिए छोटे साबुन उपलब्ध कराएं। बाल्टी तथा मग अवश्य रखें। यदि भौतिक शौचालय पर्याप्त न हों तो मोबाइल शौचालय की संभावना तलाशें। पीने का पानी स्वच्छ पेयजल के लिए स्टील के गिलास के साथ मिट्टी के बर्तन (2-3), स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को पुनः जारी रखें। मतदान कर्मियों को बोतलबंद पानी उपलब्ध कराया जाए तो और भी बेहतर होगा। भोजन तीन बार~ सुबह 6-7 बजे नाश्ता, दोपहर 12-1 बजे दोपहर का भोजन, 4-5 बजे चाय-नाश्ता। एमडीएम कर्मचारी उपरोक्त वर्णित अनुसार तीन बार बुनियादी भोजन उपलब्ध कराएं (पेमेंट बेसिस पर खाना दिया जाएगा)। इसके अतिरिक्त, उस पंचायत में भोजन और नाश्ते के लिए एक आपूर्तिकर्ता, दुकान को टैग करें। पोलिंग बूथ के अन्दर उसका नाम और संपर्क नंबर चिपकाएं। मतदान के दिन से पहले ही आपूर्तिकर्ता को भोजन की आवश्यकता के बारे में सूचित करें। मतदान दल के जरिये आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि हर मतदान बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहेगी। खास करके संवेदनशील बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल मतदान केंद्रों में तैनात रहेंगे।